चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 47, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज 16

शाहरुख के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हूं 15

2024-25 के सत्र से 50 प्रतिशत रहेंगे दक्षता आधारित प्रश्न

सीबीएसई ने बदला 11वीं 12वीं का एग्जाम फॉर्मेट

नई दिल्ली, एजेंसी

- दीर्घ उत्तर सहित अन्य प्रश्न दस प्रतिशत घटकर रहेंगे 30 प्रतिशत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2024-25 के शैक्षणिक सत्र से 11वीं व 12वीं की परीक्षा के प्रारूप में बदलाव की घोषणा की। अधिकारियों का कहना है कि 11वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में दक्षता यानी कॉन्सेप्ट आधारित प्रश्न ज्यादा शामिल होंगे। सीबीएसई अपना ध्यान कॉन्सेप्ट वाले प्रश्नों पर केंद्रित करेगा। इसका मकसद यह पता लगाना है कि छात्र वास्तविक जीवन में पढ़े हुए अवधारणा (कॉन्सेप्ट) को कितना समझ पा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार बहु विकल्प प्रश्न (एमसीक्यू), मामले-आधारित, स्रोत-आधारित एकीकृत या अन्य प्रकार के दक्षता-आधारित प्रश्नों का प्रतिशत 40 से बढ़ाकर 50 किया गया है जबकि लघु और दीर्घ उत्तर सहित अन्य प्रश्नों का प्रतिशत 40 से घटाकर 30 किया गया है। सीबीएसई (अकादमिक) के निदेशक जोसेफ इमैनुअल ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार बोर्ड ने स्कूलों में दक्षता आधारित शिक्षा के कार्यान्वयन की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिसमें दक्षता के आधार पर मूल्यांकन और शिक्षकों तथा छात्रों के लिए अनुकरणीय संसाधनों का विकास शामिल है। बोर्ड ऐसा शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसका सीखने पर जोर देते हुए छात्रों की रचनात्मक सोच क्षमताओं को विकसित करना है ताकि वे 21वीं सदी की चुनौतियों से निपट सकें। इमैनुअल ने कहा कि बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए मूल्यांकन अभ्यास को एनईपी-2020 के साथ संरेखित करने के मद्देनजर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 9वीं और 10वीं की कक्षाओं के परीक्षा प्रारूप में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

भाजपा अध्यक्ष ने पिथौरागढ़ जनसभा में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ से अजय टम्टा समेत सभी सीटों पर भाजपा को वोट देने की अपील की

देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भाजपा को जिताएं : नड्डा

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार: भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता का आह्वान किया है कि 2028 तक भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने को पांचों सीटों पर प्रत्याशियों को विजयी बनाएं। राज्य को देवभूमि व वीरभूमि बताते हुए नड्डा ने कहा कि यहां का हर व्यक्ति देवतुल्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का बताया है। उन्होंने अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा को रिकार्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की।

पिथौरागढ़ में अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। साथ में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा। ● अमृत विचार

गुरुवार को देव सिंह मैदान में अजय टम्टा के समर्थन में चुनावी जनसभा में नड्डा ने कहा कि एक ओर हमारी सरकार ने राज्य के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी, युवाओं व महिलाओं का सशक्तिकरण किया वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने उत्तराखंड से धोखा किया। घोटाले किए, विकास की जगह विनाश किया। नड्डा ने कहा कि 2014 और 2019 में उत्तराखंड ने पांचों सीटें भाजपा को दीं। इसके फलस्वरूप देश कोरोना जैसी महामारी, यूक्रेन रूस युद्ध के बाद भी ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है। तीसरी बार अजय टम्टा समेत राज्य के पांच सीटों से भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर भेजेंगे तो भारत 2028 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा का 400 पार का लक्ष्य भारत को विकसित व दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने का लक्ष्य है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट के साथ ही पांचों सीटों पर भाजपा को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को सिद्ध करने का काम करें। मुख्यमंत्री धामी ने जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और अध्यक्ष ने विकसित उत्तराखंड व विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए 400 पार पहुंचने का नारा दिया है। सभा में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल, विधायक फ़कीर राम टम्टा, सुरेश गढ़िया एवं अन्य मौजूद रहे।

एक नजर

सोनिया और वैष्णव सहित 14 सांसदों ने ली शपथ

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत 14 सांसदों ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए संसद भवन में उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी ने राजस्थान से उच्च सदन के सदस्य के रूप में जबकि वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। यूपी से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और प. बंगाल से भाजपा के समिक भट्टाचार्य उन 14 नेताओं में शामिल हैं।

पूर्वोत्तर भारत में सात अप्रैल तक बारिश के आसार

नई दिल्ली। देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अरुणाचल में चार से सात अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। असम और मेघालय में पांच अप्रैल को बारिश का अनुमान है।

नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे तीन आतंकवादी गिरफ्तार

तीनों आईएसआई के सहयोग से हिज्बुल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुके हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी एटीएस ने बुधवार को नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक तीनों आतंकवादी बाकायदा प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे। एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर टीम को आतंकवादियों को भारत-नेपाल सीमा के तटवर्ती गांव शेख फरेंदा होते हुए गुप्त रास्ते से भारत में प्रवेश करने की पूर्व सूचना मिली थी। भौतिक और इलेक्ट्रानिंक सर्विलांस से सूचनाएं विकसित कर टीम ने तीनों को सोनौली सीमा पर गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि तीनों में एक जम्मू -कश्मीर का निवासी है।

गिरफ्त में आए आतंकवादियों में पहला मोहम्मद अल्ताफ भट पुत्र खिजर मोहम्मद भट पाकिस्तान के रावलपिंडी,दूसरा सैयद गजनफर पुत्र सैयद मोहम्मद सैयद भी पाकिस्तान के इस्लामाबाद का निवासी है। तीसरा नासिर अली पुत्र गुलाम अहमद अली श्रीनगर का निवासी है। एटीएस द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों को भारत पहुंचने के उपरांत बड़ी घटना को अंजाम देने कार्य दिया जाना था। भारत में इन तीनों को कौन टारगेट दे रहा था? किससे मिलने का निर्देश मिला था? इसकी जानकारी एटीएस खंगाल रही है। एटीएस ने तीनों के खिलाफ मुअसं-04/24 की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी, 121ए भारतीय दंड विधान, 13, 18, 38 के अंतर्गत विधि विरुद्ध क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम एवं 14, 14सी विदेशी अधिनियम-1946, के तहत लखनऊ एटीएस थाने में रिपोर्ट पंजीकृत कर न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

मो. अल्ताफ भट | सैय्यद गजनफर | नासिर अली

- एटीएस के मुताबिक, तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे

दो पाकिस्तानी समेत तीन आतंकियों की पुलिस रिमांड मंजूर

लखनऊ, विधि संवाददाता। भारत में गुप्त रास्ते से प्रवेश कर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के प्रयास के आरोपी पाकिस्तान के अल्ताफ भट व सैयद गजनफर तथा कश्मीर के नासिर अली को एटीएस प्रभारी न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने छह दिन के लिए पुलिस कस्टडी में दिए जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पुलिस रिमांड अवधि 5 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से 10 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रभावी होगी। विशेष लोक अभिलेख नागेंद्र गोस्वामी एवं एमके सिंह ने अदालत को बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को कश्मीर के नासिर अली के साथ शेख फरेंदा गांव के चौराहे से पकड़ा गया, जहां से नासिर उन्हें कश्मीर ले जाता। दोनों पाकिस्तानियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाया था तथा उनका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देना था। उनके पास से पाकिस्तानी व भारतीय पासपोर्ट व पाकिस्तानी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस फ्लाइट की टिकट तथा नेपाल, बांग्लादेश ,भारत एवं अमेरिका की करेंसी भी बरामद हुई थी। आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे गुप्त रास्ते की जानकारी, आईएसआई एवं हिजबुल मुजाहिदीन के बारे में पूछताछ करना, मोबाइल डाटा बरामद करना, बैंक खातों के बारे में भी जानकारी करना है। एटीएस निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने एटीएस के थाना गोमती नगर में दर्ज कराई है।

बाबा तरसेम हत्याकांड: कत्ल की साजिश के आरोप में चार गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा/नानकमत्ता

- 10 लाख की दी गई थी सुपारी शूटर ले गए 6.5 लाख रुपये
- आरोपियों के पास से दो कारें व दो मोबाइल भी बरामद हुए

अमृत विचार: नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस ने सुपारी देने वाले मास्टर माइंड और बाबा के करीबी सेवादार समेत चार साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। हत्या के लिए दस लाख की सुपारी दी गई थी, जिसमें से 6.6 लाख रुपये शूटर ले गए। गिरफ्तार आरोपियों में दो शाहजहांपुर और दो पीलीभीत जिले के रहने वाले हैं। दो कारें और दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।

डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च की सुबह बाइक सवार दो सिखों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शूटर्स सरबजीत सिंह निवासी तरणतारन और अमरजीत उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा निवासी नगली फतेहगढ़ (अमृतसर) है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि टीम ने दोनों की डिटेल खंगाली तो सरबजीत का पता चला कि वह कई प्रदेशों में दर्जनभर से अधिक आपराधिक मामलों में लिप्त है। सरबजीत की कॉल डिटेल के अनुसार वह 19 से 27 मार्च तक रामपुर, बाजपुर, किच्छा, बरेली और शाहजहांपुर आदि क्षेत्रों में घूमता रहा। घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबर और फोन 14 मार्च को तिलहर (शाहजहांपुर) से खरीदा गया था।

बाबा तरसेम सिंह की हत्या की साजिश में पकड़े गए चार आरोपियों के साथ पुलिस टीम।

एसएसपी ने बताया कि दोनों शूटर्स के शाहजहांपुर जिले के ग्राम कबीरपुर निवासी दिलबाग सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, बलकार सिंह, सतनाम सिंह, परगट सिंह, हरविंदर सिंह उर्फ पिंडी आदि से फरवरी 2024 से संपर्क में होने की जानकारी मिली। ये लोग कुछ नानकमत्ता सहित तराई के अन्य डेरों पर कब्जा चाहते थे। इसी क्रम में बाबा तरसेम सिंह की हत्या की योजना बनाई, जिसके तहत दिलबाग सिंह ने सरबजीत और अमरजीत को 10 लाख में हायर किया और उन्हें 1.60 लाख एडवांस दिए। दोनों ने डेरे के सेवादार अमनदीप सिंह उर्फ काला निवासी बड़ा जगत, थाना अमरिया (पीलीभीत) को साथ मिलाया और वारदात को अंजाम दिया।

हत्या के बाद दोनों दिलबाग सिंह के घर पहुंचे। उन्होंने तय की राशि में से पांच लाख और लिए और दिलबाग की मदद से भाग गए। एसएसपी ने बताया कि दिलबाग सिंह, अमनदीप सिंह, हरमिंदर उर्फ पिंडी और बलकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। हरमिंदर सिंह उर्फ पिंदी शाहजहांपुर के रणधीरपुर, बलकार सिंह पीलीभीत जिले के ग्राम बाधे कंजा का रहने वाला है।

इरफान का टूटा सब्र, बोले- जानवर, जानवर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ गुरुवार को आगजनी मामले में कोर्ट का फैसला पांचवीं बार टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण के लिए अगली तिथि 6 अप्रैल निर्धारित की। पुलिस महाराजगंज जेल से सपा विधायक को लाई लेकिन उससे पूर्व करीब तीन घंटे तक उन्हें पुलिस लाइन में रखा गया। इस पर इरफान खासे नाराज नजर आए और मीडिया के सामने खुद की ओर इशारा करते हुए पांच बार जानवर, जानवर, जानवर कहा।

जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी जलाने के मामले में चार बार के सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ समेत अन्य आरोपियों को एमपीएमएलए सेशन न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में पेश किया गया। गुरुवार को कोर्ट का फैसला आना था जो टल गया। इससे पहले 14 मार्च, 19, 22, 28 मार्च को भी फैसला टाल दिया गया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी ने बताया कि कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण न होने के कारण कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि छह अप्रैल निर्धारित की है। बता दें कि शहर में इरफान सोलंकी के खिलाफ कुल 18 केस दर्ज हैं। वे 2007 में आर्यनगर और 2012, 17, 2022 में सीसामऊ से सपा के विधायक हैं।

- पेशी पर आए सपा विधायक में पुलिस के खिलाफ दिखी नाराजगी
- तीन घंटे तक पुलिस लाइन में रखा गया तो भड़के इरफान
- आगजनी के मुकदमे में कोर्ट का फैसला पांचवीं बार टला

प्रेमिका के परिजनों ने युवक को बांधकर पीटा, जूतों की माला डाली, पेशाब पिलाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- घटना का वीडियो वायरल, आठ नामजद, 10 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर, तीन गिरफ्तार

अमृत विचार : प्रेम प्रसंग से गुस्साए प्रेमिका के परिजनों ने युवक का अपहरण कर बांध कर पीटा। उसके गले में जूते-चप्पलों की माला डाली। इतना ही नहीं आरोपियों ने पेशाब और गटर का पानी भी पिलाया। आरोपियों ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में अगवानपुर निवासी युवक का अपहरण कर उसके साथ अमानवीय व्यवहार और मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध नामजद और करीब 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। युवक के पिता ने पुलिस को बताया है कि 30 मार्च दोपहर 2 बजे हजारा, पिंकू व शर्मा उर्फ राजेश ने उनके बेटे को फोन कर अगवानपुर रेलवे स्टेशन नई बस्ती के पास बुलाया था। बेटे के पहुंचने पर उन लोगों ने वहीं से उसका अपहरण कर लिया और अपने गांव नानकबाड़ी उर्फ गिन्नौर दे माफी थाना पाकबड़ा ले गए। वहां आरोपी हजारा का बेटा आकाश और पिंकू की पत्नी रजनी, अंबरशरी, कमल, अरविंद और अन्य कई लोगों ने उनके बेटे के हाथ-पैर बांधकर गले में जूते चप्पलों की माला डालकर पीटा। और पेशाब पिलाया। हाथ-पैर बांधकर शौचालय में ले जाकर गटर का पानी पीने को मजबूर किया।

> पुलिस वायरल हुए वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक युवती का पिता है। पूरा मामला प्रेम-प्रसंग का है। - **राम प्रसाद शर्मा**, थानाध्यक्ष, सिविल लाइंस

स्वामी प्रसाद व संघमित्रा समेत 5 के खिलाफ गैर जमानती वारंट

लखनऊ, विधि संवाददाता

- संघमित्रा पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने का मामला

अमृत विचार : बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी की कथित आरोपी सांसद संघमित्रा व मारपीट, गाली-गलौज, धमकी व साज़िश के आरोपी पूर्व सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला उर्फ़ चिंटू तथा रितिक सिंह कोर्ट में हाज़िर नहीं हो रहे थे। इस पर एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश श्रीवास्तव ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई को 16 अप्रैल की तारीख़ तय हुई है।

अदालत द्वारा जारी वारंट के पीछे पुलिस द्वारा चस्पा किया गया था कि वारंट तामील कराने को घर जब जाया गया तो आरोपी नहीं मिले। कोर्ट ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि अभियुक्त वारंट तामील से बच रहे हैं। कोर्ट ने सभी आरोपियों की उपस्थिति के लिए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। यह मामला सुशांत गोल्फ सिटी के दीपक स्वर्णकार ने कोर्ट में संघमित्रा, स्वामी प्रसाद मौर्या, उत्कृष्ट मौर्या, शिवा मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला एवं रितिक सिंह के ख़िलाफ़ दाखिल की है।

संस्कृति | लगभग 300 साल पहले कलाबाजी करते समय नट की हो गई थी मौत, उनके साथ जिंदा दफन हुई थी पत्नी

परंपरा के लिए दफन किए जाते हैं हिंदुओं के शव

ऋषिदेव गंगवार/हिमांशु उपाध्याय, बिसौली (बदायूं)

- नट और उनकी पत्नी की याद में गांव के पास बनवाया सती मंदिर

अमृत विचार : तेजी से बदलते दौर में लोग अपनी परंपराओं और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अपनी सामाजिक मान्यताओं और संस्कृति को जिंदा रखा है। हिंदू होने के बावजूद भुगोलिया नट जाति के लोग शवों का दाह संस्कार करने के बजाय दफनाते हैं। ऐसा वे अपनी परंपरा को जिंदा रखने के लिए करते हैं। ये लोग अपने पूर्वजों की समाधियों पर नियमित पूजा भी करते हैं।

राजस्थान के भूगोलिया नट उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बरेली, रामपुर, बदायूं समेत कई जिलों में डेरा डालकर रहते हैं। कलाबाजी के करतब दिखाना इनका पुश्तैनी पेशा है। कभी राजाओं, नवाबों ने इनकी कलाकारी देखकर जागीरें बख्शीश में दे डालीं जिसके चलते भुगोलिया नटों के पूर्वज कई गांवों के जमीदार भी रहे हैं। धीरे-धीरे जमींदारी चली गई। अब इन लोगों ने कलाबाजी करना बंद कर दिया है। ज्यादातर लोग मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। हिंदू होने के बाद भी वे शवों को दफनाते हैं।

सती मंदिर में स्थापित पति को गोद में लेकर बैठी महिला की मूर्ति।

पति के साथ जिंदा दफन हुई थी, तभी बना सती मंदिर

भुगोलिया नटों के अनुसार शवों को दफनाने का रिवाज तकरीबन 300 साल पुराना है। बुजुर्गों ने बताया कि लगभग 300 साल पहले कलाबाजों को बहुत सम्मान की नजर से देखा जाता था। उनके पूर्वजों ने गांव में डेरा डाला था। उस समय बिसौली की रियासत पर नवाब दूदे खां की हुकूमत थी। एक कलाबाज नट की रस्सी से गिरकर मौत हो गई। उसकी पत्नी ने नवाब के समक्ष पति के साथ जीवित दफन होने की इच्छा जताई। महिला को समझाया गया लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। आखिरकार नवाब को महिला को पति के साथ दफन करने की इजाजत देखी पड़ी। महिला को उसके पति के साथ जिंदा दफना दिया गया। महिला व उसके पति की याद में करौली में सती मंदिर बनवाया गया। इस मंदिर में पति के शव को गोद में रखे महिला की मूर्ति है। भुगोलिया नट हर त्यौहार पर मंदिर में पूजा करते हैं। इसीलिए देश भर में भुगोलिया नटों में शवों को दफनाने की परंपरा कायम है।

सपा ने मेरठ से अतुल प्रधान की जगह सुनीता को दिया टिकट

लखनऊ। सपा ने मेरठ सीट पर फिर टिकट बदला है। वहां दूसरी बार उम्मीदवार बदलते हुए पार्टी ने नामांकन के अंतिम दिन अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। गुरुवार को सपा के सिंबल के साथ पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता ने पर्चा भर दिया है। हालांकि अतुल प्रधान ने भी बुधवार को नामांकन कर दिया था। प्रधान से भी पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया गया था।

टिकट कटने की सूचना मिलते ही प्रधान ने पार्टी छोड़ने की चेतावनी दे दी लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर निर्णय को स्वीकार कर लिया। गुरुवार को एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय है, वह स्वीकार है।

मानक पर खरे मदरसे ही होंगे संचालित

जीशान कदीर, लखनऊ

- मुख्य सचिव की ओर से दिये गए जिलावार आदेश
- समायोजन एवं अन्य अर्हताओं को लेकर पांच सदस्यीय कमेटी गठित

अमृत विचार : उप्र में जो मदरसे विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने के लिए अर्ह हैं, वे मान्यता लेकर मदरसों का संचालन कर सकते हैं। इसको लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पांच सदस्यीय समिति बनाकर छात्रों का विद्यालयों में समायोजन करें, जो मानकों से इतर मदरसों में अध्ययनरत रहे हैं।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण और जिलाधिकारियों को आदेश दिए गए हैं। हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश के जो मदरसे, विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी/सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड आदि से मान्यता प्राप्त करने को अर्ह हैं। ऐसे मदरसे बोर्ड से मान्यता प्राप्त करके प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों का संचालन कर सकते हैं। इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेसिक / माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए। इसको लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति भी बनाई जाए। इसमें मुख्य विकास अधिकारी के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को शामिल किया जाना है।

स्थापित होंगे विद्यालय, बढ़ेंगी सीटें

मदरसों से जुड़े छात्रों के लिए खबर राहत भरी है, इनके लिए जल्द ही नए विद्यालय स्थापित किये जाएंगे। जनपद स्तर पर नए विद्यालयों की स्थापना के साथ प्रवेश के लिए सीटों का भी निर्धारण किया जाएगा। सीटें बढ़ाकर छात्र-छात्राओं को समायोजित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

एक नजर

ईद पर शांति व्यवस्था रखने को अधिकारी नियुक्त

हल्द्वानी : ईद पर्व के दौरान नैनीता जिले में शांति व्यवस्था रखने के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। बनभूलपुरा क्षेत्र में विगत दिनों हुई हिंसक घटना को देखते हुए प्रशासन ने मिश्रिम आबादी वाले क्षेत्रों में अधिकारियों को खास ध्यान रखने के लिए कहा है। जिला अधिकारी वंदना सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी और पांच अप्रैल को रमजान में अंतिम शुक्रवार को अंतिम नमाज होगी।

चुनाव रथ किया रवाना

भीमताल : विकासखंड धारी में सहायक खंड विकास अधिकारी उमाकांत पंत ने चुनाव रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चुनाव रथ धारी, धानाचूली, सुंदरखाल भटेलिया, कसियालेख और पोखराड होता हुए मुख्य मार्ग तक गया। धारी बाजार में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने चुनाव रथ का स्वागत किया और मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वीप दीपा रैक्वाल एवं डॉ. राजेश कुमार पांडे मौजूद थे।

सातताल आश्रम में वर्ष 1980 में तत्कालीन स्टेट मैनेजर मुराद मैसी ने कराया था बंद

2030 में खुलेगा तहखाने का दरवाजा

- दरवाजे को टाइम कैप्सूल कहते हैं आश्रम के कर्मचारी
- अभिलेख में भी उल्लेख नहीं है दरवाजे के पीछे का राज

संवाददाता, भीमताल

सातताल में टाइम कैप्सूल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भीमताल के समीप सातताल आश्रम में एक तिलिस्म छिपा है। वह भी ऐसा जिसके बारे में किसी को अधिक जानकारी नहीं है। आश्रम में हर दरवाजा खुला है, लेकिन तहखाने का एक दरवाजा आज भी बंद है। जिसे आश्रम के कर्मचारी टाइम कैप्सूल कहते हैं।

बताया जाता है कि सातताल आश्रम के इस दरवाजे को वर्ष 1980 में तत्कालीन स्टेट मैनेजर मुराद मैसी ने बंद कराया था। कर्मचारी बताते हैं कि मैसी ने इसे 44 साल पहले बंद कराया था, लेकिन यहां प्रवेश की अनुमति उससे पूर्व भी किसी को नहीं थी। दरवाजे के पीछे का राज किसी को पता नहीं है और न ही इसका उल्लेख किसी अभिलेख में है।

दरवाजे के निर्माणकर्ता की इच्छा के अनुरूप इसे वर्ष 2030 में खोला जाना है। दरवाजे को लेकर क्षेत्रवासियों के भिन्न-भिन्न मत हैं। यहां आने वाले पर्यटक बताते हैं कि इसमें तत्कालीन कुछ अभिलेख हो सकते हैं, जिसकी आवश्यकता संभव है कि वर्ष 2030 में पड़े। हो सकता है कि तत्कालीन समिति ने वर्ष 2030 के लिए संस्था को कुछ दिशा-निर्देश दिए हों। बहरहाल श्रद्धालुओं को इसका राज जानने के लिए 2030 तक इंतजार करना होगा।

यह है इतिहास

सातताल आश्रम को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के करीबी मित्र स्टेनली जोन्स ने वर्ष 1930 में बनवाया था। गांधी विचारधारा से प्रभावित जोन्स का झुकाव भारतीय संस्कृति की ओर अधिक था। क्षेत्रवासी बताते हैं कि पुराने अभिलेखों में तत्कालीन मैनेजर के हाथ कुछ ऐसे तथ्य लग गए होंगे, जिनका संबंध जोन्स से हो सकता है। स्टेनली जोन्स की इच्छा के अनुरूप दरवाजा बंद कर दिया गया होगा और 2030 में उनकी इच्छा के अनुरूप इसे खोला जाएगा।

पटवाडांगर में दिखा तेंदुआ, लोगों में दहशत

नैनीताल, अमृत विचार: बल्दियाखान व पटवाडांगर क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। बीते रोज बल्दियाखान-पटवाडांगर मार्ग में तेंदुए को मवेशियों के पीछे दौड़ते देखा गया था। उक्त मार्ग जंगल से घिरा हुआ है।

यहां तेंदुए की मौजूदगी आम है, लेकिन बीते कुछ माह से लोगों ने तेंदुए को सड़क में टहलते व मवेशियों के पीछे दौड़ते देखा है। तेंदुआ आरुखान क्षेत्र में कई गायों को निवाला बना चुका है। लोगों की शिकायत के बाद वन विभाग की ओर से क्षेत्र में गश्त की गई, लेकिन अब भी तेंदुए की गतिविधियां क्षेत्र में देखी जा रही हैं। जिससे लोगों में डर का माहौल है। इधर, वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिल चुकी है। क्षेत्र में लगातार गश्त कराई जा रही है।

हल्द्वानी में 36 तो अल्मोड़ा में 30 डिग्री तक पहुंचा पारा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मैदान से लेकर पहाड़ तक तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। हल्द्वानी में दोपहर के समय तेज गर्मी पड़ने लगी है, यहां तक कि रात को भी न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया जा रहा है।

अप्रैल में ही उत्तराखंड तपने लगा है। गर्मी का असर पूरे कुमाऊं मंडल में भी दिख रहा है। हल्द्वानी में सुबह से ही तेज धूप निकल रही है। दोपहर होने के साथ ही गर्मी असहनीय हो रही है। अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.2 डिग्री ज्यादा रहा। हल्द्वानी में अप्रैल के पहले सप्ताह में सामान्य तौर पर अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री रहता है लेकिन अल-नीनो की वजह से तापमान में उछाल आ रहा है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री ज्यादा है और यह 16.1 डिग्री दर्ज किया गया। मुक्तेश्वर में पारा 21 डिग्री के पास पहुंच गया है। यहां अगले एक सप्ताह में अधितम तापमान 25 डिग्री के पास तक पहुंच सकता है। अल्मोड़ा में भी पारा 30 डिग्री पार कर गया है और 30.3 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के मुताबिक आने वाले दिनों में पारे में उछाल होता रहेगा।



मैदानी इलाकों में तापमान में उछाल आ रहा है। इन दिनों दिन के समय तेज गर्मी पड़ रही है। अल-नीनो का भी असर देखा जा रहा है।
-डॉ. आरके सिंह, मौसम विज्ञानी, जीबी पंत कृषि विवि, पंतनगर

पढ़ाई में हो दिक्कत तो छात्र मैसेज से कराएं शिकायत दर्ज

कुलपति ने डीएसबी परिसर के विभिन्न विभागों का लिया जायजा

निरीक्षण

- कक्षाओं में देरी से आने वाले शिक्षकों को दी चेतावनी
- उपस्थिति और गुणवत्ता में सुधार लाने को कहा

संवाददाता, नैनीताल

निरीक्षण के दौरान प्राध्यापकों से वार्ता करते कुलपति प्रो. डीएस रावत।

अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. डीएस रावत ने गुरुवार को डीएसबी परिसर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। साथ ही कक्षाओं में जाकर छात्रों से संवाद किया। कहा कि यदि कक्षाओं में शिक्षक नहीं आ रहे हों या पढ़ाई में किसी प्रकार की दिक्कत आ रही हो तो छात्र मैसेज के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने विभागों की व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में भी फीडबैक लिया।

निरीक्षण के दौरान कुलपति ने सभी प्राध्यापकों को छात्रों की उपस्थिति एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधान लाने के निर्देश दिये। उन्होंने वाणिज्य, भौतिकी, रसायन, गणित एवं लॉ विभाग में जाकर शिक्षक उपस्थिति पंजिका एवं टाइम टेबल को देखा। साथ ही कक्षाओं में जाकर छात्रों से संवाद करते हुए कक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं अध्ययन को समझने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। कुलपति ने कहा कि छात्र अपनी समस्या उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजकर बता सकते हैं।

यही नहीं, अगर कक्षा में शिक्षक नहीं आते हैं तो क्लास की फोटो भेजकर शिकायत कर सकते हैं। जिस पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है तो वह सीधे ईमेल अथवा व्हाट्सएप मैसेज भेजकर शिकायत कर सकते हैं। इस दौरान कुलपति ने कक्षा में देरी से पहुंचने वाले शिक्षकों को भी चेतावनी देते हुए अपनी कार्य संस्कृति में सुधार करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान कुलपति ने रसायन विभाग में चल रहे प्री-पीएचडी प्रेजेंटेशन को भी देखा। साथ ही शोध को उपयोगी, गुणवत्तापूर्ण तथा विश्वस्तरीय बनाने के लिए सुझाव के निर्देश दिए। इस दौरान प्रो. एचसी एस बिष्ट, प्रो. आरसी जोशी, डॉ. लज्जा भट्ट, डॉ. विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

दुकानदारों ने निगम को दिए अभिलेख

हल्द्वानी, अमृत विचार : सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे नैनीताल रोड के दुकानदारों ने गुरुवार को नगर निगम आयुक्त विशाल मिश्रा के सामने अपने अभिलेख जमा कराए।

सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि जिलाधिकारी की निस्तारण कमेटी व्यापारियों के जमा किए अभिलेखों की जांच करेगी। करीब 40 व्यापारियों ने अपने अभिलेख प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग माध्यमों से व्यापारियों को अपने अभिलेख प्रस्तुत करने की सूचना दी गई। बता दें कि मंगलपड़ाव से ओके होटल तक दुकानों को का मामला अभी हाईकोर्ट में चल रहा है।

भाजपा सत्ता में रही तो संविधान बदल देगी

पत्रकार वार्ता

- आईएनडीआईए से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

संवाददाता, नैनीताल

पत्रकार वार्ता करते इंडिया महागठबंधन के लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : इंडिया महागठबंधन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांचों सीटों पर कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही। कहा कि अगर भाजपा सत्ता में रही तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा।

गुरुवार को तल्लीताल में आईएनडीआईए से जुड़े कांग्रेस, सीपीआईएमएल, उत्तराखंड लोक वाहिनी, उत्तराखंड महिला मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं ने एक मंच पर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास विकास व चुनाव का कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा धर्मगत राजनीति कर रही है। उन्होंने मणिपुर की घटना को सामने रखते हुए कहा कि भाजपा के राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सरकार के चलते देश के इतिहास में पहली बार कोई सीटिंग सीएम जेल गया है। चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खाते सीज कर दिये गए हैं। भाजपा देश को बांटकर संविधान को बदलने की साजिश कर रही है। जिसे रोकने के लिए राजनैतिक पार्टियों के विरोध में खड़े होने वाले तमाम संगठन आज एकजुट हैं। कहा कि संविधान की सुरक्षा और जनता में जागरुकता लाने के लिए जल्द सभी संगठन एकजुट होकर नुक्कड़ नाटक व सभा आयोजित करेंगे। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष भावना भट्ट, सीपीआईएमएल नगर अध्यक्ष कैलाश जोशी, मुन्नी तिवारी, त्रिभुवन फर्त्याल, उत्तराखंड लोक वाहिनी अध्यक्ष राजीव लोचन साह, शीला रजवार, मुकेश जोशी, दुर्गा सिंह मेहता मौजूद रहे।

10 घंटे बिजली गुल, पानी के लिए लोग हुए परेशान

नैनीताल, अमृत विचार : पटवाडांगर क्षेत्र में गुरुवार को लगभग 10 घंटे बिजली गुल रही। बिजली न होने से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति भी ठप रही।

गुरुवार की सुबह मौसम खराब होने से पटवाडांगर, बल्दियाखान व देवीधुरा क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। शाम तक बिजली की आपूर्ति ठप रही। जिसके चलते लोगों के कई काम प्रभावित रहे। बिजली न होने से रूसी में पंप नहीं चल पाया और देवीधूरा गांव में पानी नहीं पहुंचा। गांव में पानी न पहुंचने से लोग परेशान रहे। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि मेहरागांव पाइंस के बीच मुख्य लाइन में फाल्ट आ गया था। जिसको सही कर शाम को आपूर्ति कर दी गई है।

बिना लाइफ जैकेट नौकायन कर रहे पर्यटक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीझील में नौकायन के दौरान पर्यटक व नाव चालक लगातार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। गुरुवार को नैनीझील में लगभग 4 नौकाओं को एक साथ चलाते हुए पर्यटक खड़े होकर बिना लाईफ जैकेट के मस्ती करते नजर आए।

बता दें कि हाईकोर्ट व जिला प्रशासन के कडे.निर्देशों के बाद भी हर दिन नौकायन के दौरान पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के खडे.होकर मस्ती कर रहे हैं। जबकि पालिका ने नाव चालकों को पर्यटकों को लाइफ जैकेट पहनकर ही नौकायन करने के निर्देश दिए हैं। पालिका अधिकारियों ने बोट स्टैंड में जाकर मुनादी कर नाव चालकों को लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इधर, ईओ राहुल आनंद ने बताया कि बिना लाइफ जैकेट नौकायन होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नाव चालकों के साथ ही अब पर्यटकों के चालान भी किए जाएंगे।

भागवत कथा के परायण के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का परायण

भीमताल, अमृत विचार : जंगलियागांव के पंचायत भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का परायण हो गया। व्यास भुवन चंद्र पांडे ने क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की और समाज में युवाओं को नशे से दूर रहने की, श्रेष्ठ समाज, नशा मुक्त समाज की अपील की। इस अवसर पर प्रख्यात वनखंडी महाराज ने जगत विश्व ग्राम वासियों के सुख उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में दयालु महाराज, पवन महाराज सहित अनेकों साधु संतो का आर्शीवाद श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अनिल चनौतिया, प्रधान लक्ष्मण गंगोला, किशन सिंह कुल्याल, नारायण कुल्याल, हरीश भट्ट, त्रिलोक कुल्याल, हर्षित, अंकित, सूरज, नवीन, ईश्वर, मनोज, दिनेश, संजय, प्रेम कुल्याल सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

गड्ढे और दरार भरने का काम शुरू

संवाददाता, नैनीताल

माल रोड में गड्ढे का भरान करते मजदूर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : लोक निर्माण विभाग ने माल रोड में हुए गड्ढे और दरार को भरने का काम शुरू कर दिया है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया बीते दिनों माल रोड में कलमठ के क्षतिग्रस्त होने से सड़क में गड्ढा हो गया था। साथ ही सड़क में दरार भी पड़ गई थी। गड्ढे और दरार भरने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए शासन से करीब तीन करोड़ पचास लाख का बजट अवमुक्त किया है।

पूर्व में सड़क के कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें किसी ठेकेदार ने प्रतिभाग नहीं किया। अब आचार संहिता हटने के बाद पुनः निविदा आमंत्रित की जाएगी। जिसके बाद सड़क का स्थाई उपचार किया जाएगा। बता दें कि लोअर माल रोड का 25 मीटर हिस्सा 18 अक्टूबर 2018 को भूस्खलन के चलते क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद से लगातार माल रोड के विभिन्न हिस्सों में दरारें पड़ रही हैं। छह साल बीतने के बावजूद भी अब तक सड़क का स्थाई ट्रीटमेंट कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे सड़क की बुनियाद लगातार कमजोर हो रही है और माल रोड से लगी पहाड़ियों में भी खतरा मंडरा रहा है।

एनसीईआरटी और बराबर मूल्य की किताबें ही बेचें

निर्देश

- शिक्षा विभाग व प्रशासन ने स्कूल और बुक सेलर्स के साथ की बैठक
- किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को समय देने को कहा

संवाददाता, हल्द्वानी

यूनिवर्सल स्कूल में महंगी किताबों को लेकर स्कूल प्रबंधन के साथ वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बुकसेलरों की ओर से महंगी किताबें बेचे जाने की शिकायतों के संबंध में गुरुवार को यूनिवर्सल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में शिक्षा विभाग, प्रशासन, निजी स्कूल और बुक सेलर की बैठक संपन्न हुई। पिछले कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थीं कि केवल एक बुकसेलर के पास रेट लिस्ट है जबकि अन्य दुकानों में कोई रेट लिस्ट नहीं है।

साथ ही यह भी देखा जा रहा था कई निजी स्कूल अभिभावकों पर जल्दी किताबें खरीदने और कुछ निश्चित पब्लिशर्स की किताबें खरीदने का दबाव बना रहे थे। तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि स्कूल अभिभावकों पर किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए किसी भी तरह का दबाव नहीं बना सकते हैं।

उन्होंने मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को एनसीईआरटी की किताबें या इसके बराबर मूल्य की अन्य पब्लिशर्स की किताबें लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों से आरटीई में रजिस्ट्रेशन कराने को कहा जिससे आरटीई की प्रतिपूर्ति में दिक्कत न हो। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, बीईओ अंशुल बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र आर्या आदि उपस्थित रहे।

स्कूलों की मनमानी रोकने की मांग

हल्द्वानी : अभिभावक संघर्ष समिति के संयोजक पंडित मदन मोहन जोशी ने कहा कि कुछ स्कूलों ने फिर से स्कूल ड्रेस बदल दी है पर प्रशासन आंख बंद कर बैठा है। जिस कारण अभिभावकों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ड्रेस व कापी किताबों के लिए जो दुकानें चिन्हित की गई हैं वे दुकानदार मनमाफिक दाम वसूल रहे हैं। इस विषय में कई बार शिकायत करने पर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। समिति सरकार से मांग करती है कि स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए फीस एक्ट सहित ड्रेस, कॉपी, किताबों के लिए भी नियम बनाए जाएं।



पेड़ से टकराई कार, दंपति की मौत, बेटी गंभीर

नैनीताल जाते समय टांडा के जंगल में एस मोड़ और बेलबाबा मंदिर के बीच हुआ भीषण हादसा, कार के परखच्चे उड़े

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : टांडा जंगल में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने पर दंपति की मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे एसटीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

जहूर अहमद।

पुलिस के मुताबिक खेड़ा रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर निवासी जहूर अहमद (50) पुत्र हबीब स्क्रैप का कारोबार करते थे। गुरुवार को वह पत्नी राशिदा (48) और बेटी निदा (24) के साथ घर से नैनीताल में रहने वाले भाई से मिलने जा रहे थे। कार टांडा जंगल में एस मोड़ और बेलबाबा के बीच पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई। इस भीषण हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। आनन-फानन में राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में टीपीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। इसी बीच वहां से गुजर रहे एक अधिकारी को सिपाहियों ने रोका।

उन्होंने अपनी निजी कार से जहूर, राशिदा और निदा को एसटीएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जहूर व राशिदा को मृत घोषित कर दिया। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार सवार रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर आ रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

टांडा जंगल में घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त पड़ी कार व जांच करती पुलिस।

हादसे में घायल युवती निदा।

भाई के साथ खोलना था रोजा...कहीं जल्दबाजी के चक्कर में तो नहीं चली गई जान

जहूर रोजेदार थे। बताया जाता है कि दोपहर वह घर से पत्नी व बेटी के साथ निकले तो यह तय कर निकले थे कि रोजा नैनीताल में रहने वाले भाई के साथ ही खोलेंगे। माना जा रहा है कि रोजा खोलने का समय न गुजर जाए, इसीलिए जहूर कार को बेहद तेजी से चला रहे थे। जहां हादसा हुआ वह सड़क भी बिल्कुल सीधी और सपाट है। प्राथमिक जांच में न तो ओवरटेक की बात सामने आई है और न ही जानवर के कार के आगे आने की। झपकी की वजह से भी हादसा हो सकता है।

सिपाहियों ने दिखाई तेजी और देवदूत बने ईई

घटना के बाद पुलिस ने तेजी दिखाई। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने तुरंत मौके पर कांस्टेबल तारा और हेमंत को भेजा। दोनों सिपाही मौके पर पहुंचे। तभी वहां से गुजर रहे लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता धर्मसत्तू निजी कार रोकी। सिपाहियों के साथ वह भी मदद को आगे आए। निदा को पिछली सीट और दंपति को डिग्गी में बैठाकर एसटीएच पहुंचाया। ये मदद न मिलती तो शायद निदा भी न बचती।

एयर बैग भी काम नहीं आया, पेड़ भी बीच से फटा

पुलिस का मानना है कि कार की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटे से अधिक रही होगी। यही वजह थी कि सीधी सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराने के बाद कार न सिर्फ आगे से बल्कि पीछे से भी क्षतिग्रस्त हो गई। रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस पेड़ से कार टकराई, उस पेड़ का आधा हिस्सा फट गया। टक्कर के बाद कार के एयर बैग भी खुले, लेकिन रफ्तार की वजह से एयर बैग भी काम नहीं आए।

रोडवेज की बसों से हटेंगे सरकारी योजना के पोस्टर

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रोडवेज की बसों पर केंद्र व राज्यों की योजनाओं के प्रचार पोस्टर चस्पा होने पर जिला निर्वाचन सख्त हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों व परिवहन निगम के अधिकारियों को बसों से प्रचार सामग्री हटवाने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने बीती 21 मार्च को हल्द्वानी के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एपी वाजपेयी को शिकायती पत्र सौंप कर बताया कि उत्तर प्रदेश से आने वाली बसों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोस्टर चस्पा हैं जो कि आचार संहिता का उल्लंघन हैं। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इधर, खबर का संज्ञान लेते हुए आदर्श आचार संहिता के नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने जनपद के सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि बसों से प्रचार सामग्री हटाई जाए। चेतावनी दी कि यदि बसों पर प्रचार सामग्री मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। इसके बाद परिवहन निगम के अधिकारी भी सख्त हो गए हैं। हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि हल्द्वानी में आने वाली सभी बसों का निरीक्षण किया जा रहा है, यदि किसी बस पर प्रचार सामग्री मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई होगी।

निर्देश

- आदर्श आचार संहिता के नोडल अधिकारी ने लिया खबर का संज्ञान
- जिले के सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दिए निर्देश

एक नजर

12 अप्रैल से पहले करें कार्मिकों का डाटा अपडेट

हल्द्वानी : शिक्षा विभाग के समस्त कार्मिकों (अधिकारी/ अध्यापक/ कर्मचारी) का ई-प्रोफाइल और छात्र-छात्राओं का प्रोफाइल 12 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से एजुकेशन पोर्टल पर अपडेट करना होगा। नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है। प्रारंभिक शिक्षा के निदेशक रामकृष्ण उनियाल ने आदेश जारी कर प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी को सभी कार्मिकों और विद्यार्थियों का डाटा एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड कर विभाग के मेल आईडी यूए डॉट एजुकेशन @याहू डॉट इन पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि पोर्टल अपडेशन की कार्रवाई बंद होने के बाद अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण ई-प्रोफाइल के लिए संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

नैनीताल स्वीप टीम के कार्यों की सराहना की

हल्द्वानी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने मतदाताओं को जागरूक करने में सराहनीय कार्य करने के लिए नैनीताल स्वीप टीम की सराहना की है। साथ ही उन्होंने अन्य जिलों की टीमों को भी ऐसे ही प्रयास करने की सलाह दी। स्वीप के जिला समन्वयक सुरेश अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के 75 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

फॉल्ट आने से दो घंटे बंद रही बिजली की आपूर्ति

हल्द्वानी : शहरी इलाकों में गुरुवार को फॉल्ट होने के चलते अलग-अलग हिस्सों में करीब 2 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसके चलते लोगों के सामने दिक्कत बनी रही फॉल्ट ठीक होते बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल हो गई। इधर बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि लाइन में फॉल्ट आने से कुछ देर के लिए आपूर्ति बाधित रही।

तमंचे संग युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी : मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने तमंचे के साथ युवक को गिफ्तार किया है। चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि वह टीम के साथ गश्त पर थे। रामलीला मैदान पहुंचे तो एक युवक देखकर भागने लगा। उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसने अपना नाम मो. जिशान निवासी इन्द्रानगर बताया। तलाशी में युवक के पास से 12 बोर का लोड तमंचा मिला। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चाकू के साथ एक को धरा

हल्द्वानी : पुलिस ने चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। राजपुरा चौकी के एसआई नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल विजय भारद्वाज ने गश्त के दौरान सन्नी कैंटीन के सामने सुअर बाड़े के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में खड़े देखा। तलाशी ली गई तो उसकी जेब से चाकू मिला। आरोपी ने अपना नाम विक्की सिंह निवासी रतुवानगला टांडा रामपुर व हाल निवासी राजपुरा बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

चेक बाउंस के मामले में महिला दोषमुक्त

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय हल्द्वानी की अदालत ने चेक बाउंस मामले में अभियुक्त को दोषमुक्त करार दिया। इस संबंध में परिवादी कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया।

रामपुर रोड निवासी जगमोहन सिंह रौतेला ने हल्द्वानी न्यायालय में वाद दायर किया था कि वार्ड 6 कालाढूंगी निवासी स्वाति पांडे ने उससे व्यावसायिक काम के लिए साढ़े तीन लाख रुपये उधार लिए थे। उधार की रकम को तीन माह के भीतर अदा करने का भरोसा दिया था। जब समय पूरा हुआ तो उसने रकम वापस मांगी लेकिन स्वाति ने कुछ समय और मांगा। इसके कुछ समय बाद स्वाति ने उसे 27 फरवरी 2018 को बैंक ऑफ बड़ोदा शाखा कालाढूंगी के नाम से साढ़े तीन लाख रुपये का चेक दिया जो बैंक में बाउंस हो गया। जगमोहन सिंह ने कोर्ट का दरवाजा खटकाया। स्वाती ने जगमोहन को पहचानने से भी इंकार दिया। जगमोहन सिंह ने कोर्ट में साक्ष्य के रूप में मूल चेक, नोटिस और रजिस्ट्री की मूल डाक रसीद प्रस्तुत की। इसके बाद स्वाति ने कहा कि उसे चेक बाउंस के बारे में जानकारी नहीं है और ना ही उसे कोई नोटिस मिला है। स्वाति ने अपने बचाव में कोई मौखिक या दस्तावेजी साक्ष प्रस्तुत नहीं किया। वहीं, स्वाति पांडे के अधिवक्ता राजन मेहरा ने स्वाति पांडे को दोषमुक्त किए जाने का अनुरोध किया। न्यायालय ने परिवादी द्वारा प्रस्तुत किए तथ्यों व परिस्थितियों के विवेचन पर अभियुक्ता स्वाति पांडे को दोषमुक्त करार दे दिया।

फैसला

- 27 फरवरी 2018 का मामला परिवादी कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया

शराब के साथ पांच लोग गिरफ्तार किए

हल्द्वानी, अमृत विचार : लालकुआं कोतवाली की पुलिस चौकियों और सिपाहियों ने गुरुवार को 11 पेटी देसी और 902 पाउच शराब के साथ पांच तस्करी के आरोपी गिरफ्तार किए।

हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने किशनपुर सकुलिया मोटाहल्दू निवासी महेश चन्द्र को गिरफ्तार किया, आरोपी के निवास स्थान के पीछे निर्माणाधीन टंकी के पास से 11 पेटी देसी शराब बरामद कीं। बिन्दुखत्ता चौकी प्रभारी सोमेन्द्र सिंह ने नजीबाबाद किच्छा निवासी शमशेर सिंह को 251 पाउच, धोराडाम नजीबाबाद किच्छा निवासी कश्मीर सिंह को गौला नदी किनारे चौड़ाघाट फील्ड से 331 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। कांस्टेबल आनन्द पुरी, चन्द्रशेखर और कमल बिष्ट ने 183 पाउच के साथ घोड़ानाला लालकुआं निवासी अरमान अली व कांस्टेबल चन्द्रशेखर, कमल बिष्ट और आनन्दपुरी ने 137 पाउच कच्ची शराब के साथ बंगाली कालोनी लालकुआं निवासी सुरजीत उर्फ सुजीत मंडल को पकड़ा।

पेड़ से लटका मिला फौजी की पत्नी का शव, जानवरों ने नोचा

दुखद

- नौ दिन से थी लापता, बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में मिला शव
- गले पर दुपट्टे का फंदा लगा था परिजनों ने कपड़ों से की पहचान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नौ दिन से लापता फौजी की पत्नी का शव गुरुवार को नाले के किनारे पेड़ से लटका मिला। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका था और शरीर के कुछ हिस्से को जानवरों ने नोच लिया था। लापता होने के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शव की पहचान परिजनों ने कपड़ों से की।

हरिपुर नायक मुखानी निवासी ललित फौज से सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनके दो बेटे भी फौज में हैं और वह 45 वर्षीय पत्नी तारादेवी के साथ रहते थे। बताया जाता है कि 26 मार्च को तारा अचानक लापता हो गईं। उनका मोबाइल घर में ही था, 30 मार्च को मुखानी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की, लेकिन तारा का पता नहीं लगा। गुरुवार को कमलुवागांजा स्थित जीएनजी मैदान के पीछे नाले किनारे खड़े अखरोट के पेड़ से लोगों ने महिला का शव लटकता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर तारा के परिजनों को बुलाया। जिन्होंने कपड़ों से उसकी शिनाख्त की, हालांकि बुलाने के बाद भी ललित मौके पर नहीं पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ललित के घर पहुंची और फोटो दिखाकर शिनाख्त की। ललित ने बताया कि तारा मानसिक तौर पर बीमार थी और पिछले 5 साल से उसका एम्स से इलाज चल रहा था। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव के एक पैर की ऐड़ी को जानवरों ने नोंच दिया है।

टीम के साथ घटना स्थल की जांच करते एसपी सिटी। ● अमृत विचार

मानसखंड-भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट मानसखंड यात्रा आकार लेने लगी है। भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) की ओर से मानसखंड एक्सप्रेस-भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन की शुरुआत कर दी है।

जिला सूचना विभाग की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक आईआरसीटीसी ने महाराष्ट्र के पुणे और राजस्थान के राजकोट मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की है। दोनों ही स्थानों से इस ट्रेन का भाड़ा 28020 रुपये प्रति यात्री है। इस पैकेज में यात्री को अल्मोड़ा, भीमताल, चम्पावत, लोहाघाट, चौकुड़ी, नैनीताल, टनकपुर में प्रसिद्ध मंदिर एवं तीर्थ स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। यात्रियों के ट्रेन, बस, होटल, खानपान, गाइड और बीमा की सुविधाएं इसी पैकेज में मिलेंगी। फिलहाल ट्रेन में टिकटों के लिए बुकिंग जारी है। यात्रियों का पहला 22 अप्रैल को पहुंचेगा।

परिवहन निगम की सभी विशेष अपीलें खारिज कीं

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों का भुगतान नहीं करने और उनसे वसूली किए जाने को लेकर दायर परिवहन निगम की विशेष अपीलों पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए सभी विशेष अपीलों को खारिज कर दिया।

पूर्व में एकलपीठ ने इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों से रिकवरी आदेश पर रोक लगाते हुए आदेश दिए थे कि इनके समस्त देयकों का तीन माह के भीतर भुगतान करें, जो कटौतियां की गईं उसको भी ब्याज सहित भुगतान करें। इस आदेश के खिलाफ परिवहन निगम ने खंडपीठ में विशेष अपीलें दायर की थीं। गुरुवार को सुनवाई के बाद खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को सही मानते हुए परिवहन निगम की अपीलों को खारिज कर दिया है।



मामले के अनुसार कृष्णकांत यादव व अन्य लोगों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर कर कहा था कि वे परिहन निगम से विभिन्न पदों से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उनको सेवानिवृत्ति के सभी लाभों का भुगतान नहीं किया गया। इसके विपरीत परिवहन निगम ने सेवानिवृत्त होने के बाद भी रिकवरी के आदेश जारी कर दिए। कर्मचारियों ने कई बार उनके देयकों का भुगतान करने के लिए प्रत्यावेदन दिया लेकिन भुगतान नहीं किया गया। याचिकाकर्ताओं का यह भी कहना था कि उनको सेवानिवृत्त हुए कई वर्ष हो गए जबकि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है इसलिए उनका सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले देयकों का भुगतान शीघ्र कराया जाए और रिकवरी आदेश पर रोक लगाई जाए।

राज्य मानवाधिकार आयोग चार सप्ताह में करे शिकायतों का निस्तारण

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट ने पुलिस प्रताड़ना की शिकायत राज्य मानवाधिकार आयोग में होने के चार साल बाद भी कार्रवाई नहीं होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने राज्य मानवाधिकार आयोग को शिकायतों का निस्तारण चार सप्ताह में करने के निर्देश दिए हैं। चोरगलिया निवासी भुवन चंद्र पोखरिया ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि चोरगलिया में अवैध खनन व भंडारण, स्टोन क्रशर, एनजीटी व उच्च न्यायलय के आदेशों की अवहेलना करने के मामले में उन्होंने जनहित आवाज उठाई थी। इस पर चोरगलिया थाना पुलिस ने उनके खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं व गुंडा एक्ट में केस दर्ज किया। पुलिस ने बिना उपयोग किए ही उनका लाइसेंसी शस्त्र जमा कराया और लाइसेंस भी निरस्त कर दिया। उन्हें बार-बार पुलिस थानों में ले जाकर प्रताड़ित किया गया। इसकी वजह से उनकी सामाजिक छवि धूमिल हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रताड़ना के खिलाफ जुलाई 2020 में राज्य मानवाधिकार आयोग में शिकायत की थी लेकिन चार साल बीतने के बाद भी उनकी शिकायत पर सुनवाई हुई न ही प्रताड़ित करने वाले अधिकारियों पर कोई कार्रवाई की गई। याची पोखरिया ने कोर्ट में स्वयं मामले की पैरवी करते हुए राज्य मानवाधिकार आयोग में उनकी शिकायतों पर शीघ्र सुनवाई व प्रताड़ित करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रार्थना की।

कामधेनु योजना के नाम पर छह लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : खुद को एक फाउंडेशन का निदेशक बताकर महिला से लाखों रुपये हड़प लिए। महिला को उच्च नस्ल की दुधारु गाय दिलाने का झांसा दिया था।

आवास विकास कालोनी निवासी महिला ने बताया कि उसके पति गोशाला में काम करते हैं। महिला ने पश्चिमी खेड़ा गौलापार काठगोदाम निवासी मनोज नैनवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर बताया कि उक्त पते पर मनोज ने हरीशतारा एग्रीकल्चर फाउंडेशन के नाम से कार्यालय खोला व खुद को उसका निदेशक बताया। गोशाला में मनोज, महिला के पति से मिला और उसे कामधेनु योजना के बारे में बताया। कहा कि बड़ी कंपनी योजना के तहत लोगों को दुधारु गाय खरीदने में मदद कर रही। पीड़ित झांसे में आ गया और 10 गाय खरीदने का सौदा कर छह लाख रुपये मनोज के दे दिए, लेकिन आरोपी ने गायें नहीं दीं। पीड़ित ने बताया कि आरोपी कई लोगों के पैसे लेकर फरार है। ठगी के एक मालमे में वह पिथौरागढ़ में बंद था और वर्ष 2022 में जमानत पर छूटा था।

जांच शुरू

- उच्च नस्ल की 10 दुधारु गाय दिलाने की एवज में ऐंठे रुपये
- ठगी में पहले भी जेल जा चुका है आरोपी, एक और मुकदमा दर्ज

समस्या मरीज निजी लैबों में जाने को मजबूर, एसटीएच में सीटी स्कैन के बदले मरीजों का एमआरआई किया जा रहा

बेस और एसटीएच की सीटी स्कैन मशीन खराब, मरीज परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सुशीला तिवारी अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई। एसटीएच से सीटी स्कैन के लिए बेस अस्पताल में संपर्क किया गया तो वहां भी सीटी स्कैन मशीन खराब मिली।

सुशीला तिवारी अस्पताल में बुधवार को सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई। तकनीकी विशेषज्ञ बुलाने पर पता चला कि मशीन में एक कुलपुर्जा खराब होने की वजह से सीटी स्कैन मशीन ने काम करना बंद कर दिया है। इधर जब एसटीएच में सीटी स्कैन के लिए मरीजों को बेस अस्पताल भेजने के लिए संपर्क किया तो पता चला कि बेस अस्पताल में भी सीटी स्कैन मशीन ठप हो गई है। अब मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए निजी लैबों में जाना पड़ रहा है। एसटीएच प्रशासन ने बताया कि तकनीकी विशेषज्ञ को बुला दिया गया है।

जल्द की खराब कलपुर्जा को बदलकर सीटी स्कैन मशीन को ठीक करवा दिया जाएगा। बताया कि जिन मरीजों का हर सीटी स्कैन में होना है, उनका एमआरआई कराया जा रहा है। इधर बेस अस्पताल प्रशासन ने बताया कि मशीन को ठीक कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय में पत्र भेज दिया गया है। वहां से मशीन को ठीक कराने की कार्रवाई की जाएगी।

अक्टूबर 2020 में भी हुआ था ऐसा

अक्टूबर 2020 में भी बेस अस्पताल और एसटीएच दोनों की ही सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई थी। जिस वजह मरीजों को काफी परेशानी हुई थी। इससे पहले एसटीएच में 6 जनवरी 2023 को एमआरआई सुविधा बंद हो गई थीं। पांच माह बाद नई मशीन स्थापित होने के बाद एमआरआई सेवा शुरू हुई थी। दोनों ही अस्पतालों में एक दिन में करीब 20 से 25 मरीजों के सीटी स्कैन होते हैं।

निजी लैबों में 4000 में होता है सीटी स्कैन

निजी लैबों में सीटी स्कैन 3500 से 4000 रुपये में होता है। जिन मरीजों को सिटी स्कैन कराना है अब उन्हें निजी लैबों में जाना पड़ रहा है। साथ ही लैबों में सरकारी अस्पतालों की तरह आयुष्मान भारत जैसी बीमा योजना का लाभ नहीं मिलता है।

बोले डॉक्टर

सीटी स्कैन के लिए मरीजों को प्रतिक्षा सूची में रखा जा रहा है। अति आवश्यक होने पर एमआरआई करवाया जा रहा है। जल्द ही मशीन को ठीक कराया जाएगा। **-डॉ. जीएस तितियाल**, एमएस, एसटीएच, हल्द्वानी

बेस अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई है। मशीन को ठीक कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग में पत्र लिख दिया गया है। वहां से जल्द मदद भेजी जाएगी। **-डॉ. केके पांडे**, पीएमएस, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

शुल्क वृद्धि से कॉर्बेट में घटे पर्यटक

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कॉर्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी का परमिट शुल्क बढ़ाने से सीटीआर के राजस्व में बेशक करोड़ों रुपये का राजस्व मिला हो, लेकिन शुल्क वृद्धि से पर्यटकों का घटना किसी चिंता से कम नहीं है। सफारी करने वाले पर्यटकों की संख्या में करीब 25 हजार की कमी आई है।

बता दें कि कॉर्बेट पार्क में नवंबर 2023 से सफारी का परमिट (प्रवेश) शुल्क 3330 रुपये प्रति परमिट कर दिया गया है, जो पूर्व में 1080 रुपये था। एक परमिट में छह लोगों को सफारी की अनुमति दी जाती है। परमिट शुल्क बढ़ाने से सीटीआर की आय पिछले साल की तुलना में 13.13 करोड़ के मुकाबले बढ़कर 23.46 करोड़ हो गई है, लेकिन पर्यटक कम हो गए हैं।

कम बजट वाले पर्यटक घटे : कॉर्बेट में बड़े बजट वाले पर्यटक आते हैं, लेकिन कई पर्यटक सीमित बजट वाले भी आते हैं। ऐसे पर्यटक परमिट शुल्क बढ़ने से सीटीआर से बाहर के जंगलों में सफारी करना पसंद कर रहे हैं। रामनगर के सीतावनी वन प्रभाग में पिछले पर्यटन सीजन में जहां 1,06000 पर्यटक आये। वहीं इस सीजन में इनकी संख्या 1,25000 पहुंच गई।

पर्यटन कारोबारी बोले

सफारी परमिट शुल्क बढ़ाने से होटल कारोबार पर असर पड़ा है। फैमिली पैकेज में आने वाले पर्यटकों की संख्या में 40 प्रतिशत कमी आई है। शासन से अनुरोध है कि बढ़े परमिट शुल्क को वापस लिया जाए, ताकि कॉर्बेट के पर्यटन पर असर न पड़े।
- हरि सिंह मान, अध्यक्ष कॉर्बेट होटल एंड रिजॉर्ट एसोसिएशन

सफारी के लिए परमिट के दाम में तीन गुना वृद्धि करने से कॉर्बेट में सफारी का काम काम हो गया है। जिप्सी चलाकर रोजगार कर रहे 360 लोगों के सामने संकट पैदा होने लगा है। सीटीआर निदेशक से लेकर डीएम और पर्यटन मंत्री तक को ज्ञापन भेजे गए हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। **- प्रेम सिंह मेहरा**, अध्यक्ष, कॉर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन रामनगर

सफारी के परमिट का शुल्क बढ़ाने का फैसला शासन का था, क्योंकि पिछले करीब 10 साल से इसमें कोई वृद्धि नहीं की गई थी। जहां तक पर्यटकों की सफारी में कमी की बात है, यह संख्या बहुत ज्यादा नहीं है। कुछ समय बाद इसमें वृद्धि देखी जा सकेगी।
- डॉ. धीरज पांडे, निदेशक कार्बेट पार्क

1456 कार्मिकों को समझाई चुनाव की बारीकियां

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में दिया प्रशिक्षण, मौके पर किया शंकाओं का समाधान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए लालकुआं एवं नैनीताल विधानसभा सीटों के सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेट, मतदान/पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर ही उनकी शंकाओं का भी समाधान किया।

गुरुवार को मुक्त विश्वविद्यालय के सभागार में लालकुआं विधानसभा सीट के 690 और राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में नैनीताल विधानसभा सीट के 766 अधिकारी-कर्मचारियों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण हिमांशु जोशी ने कहा कि मतदान केंद्र का पीठासीन अधिकारी प्रभारी अधिकारी होता है। पीठासीन अधिकारी मतदान शुरू होने से पूर्व मतदान की गोपनीयता भंग किए जाने पर दंडात्मक प्रावधानों के बारे में सभी को अवगत कराते हुए चेतावनी देंगे। पीठासीन अधिकारी पूरी टीम के साथ प्रस्थान करने से पूर्व मतदान मशीन, सीयू, बीयू वीवीपैट और प्राप्त मतदान सामग्री की भली-भांति जा कर चेक कर लें। पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के कार्यों को बारिकियों से समझाया। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना सिंह एवं सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा व तुषार सैनी, मास्टर ट्रेनर एचबी चन्द्र, पूरन तिवारी, आरती जैन, दीप्ति गुणवंत ने प्रशिक्षण दिया।

यूओयू में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

बूथों पर प्रवेश व निकासी द्वार अलग-अलग बनाएं

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने गुरुवार को बनभूलपुरा में 39 वल्नरेबल बूथों और हिंसा प्रभावित मलिक का बगीचा का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पारदर्शी मतदान के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक बरार ने बनभूलपुरा में ललित आर्य महिला इंटर कॉलेज, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज बनभूलपुरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांधी नगर, राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद उनका काफिला मलिक का बगीचा पहुंचा, जहां उन्होंने वर्तमान हालातों का जायजा लिया। यहां भी उन्होंने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक टी संकर ने निरीक्षण किया

हल्द्वानी : व्यय प्रेक्षक टी संकर ने गुरुवार को धानाचूली बैंड पर तैनात स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि टीम के सभी सदस्य वाहनों की सघन चेकिंग करें ताकि मादक पदार्थ व नगदी इधर-उधर नहीं हो सके। साथ ही वाहनों की चेकिंग की वीडियोग्राफी कराई जाए।

17 को रवाना होंगी 57 पोलिंग पार्टियां

हल्द्वानी, अमृत विचार : भीमताल विधानसभा सीट के अंतर्गत 57 पोलिंग पार्टियां मतदान से दो दिन पूर्व 17 अप्रैल को रवाना होंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि भीमताल में कई बूथ रिमोट एरिया में हैं। ऐसे बूथों की मैपिंग की गई है। इसके बाद तय हुआ है कि 57 पोलिंग पार्टियां 17 को रवाना होंगी जबकि बाकी पार्टिया एक दिन पूर्व ही जाएंगी। उन्होंने बताया कि मौसम को देखते हुए सावधानी बरती जा रही है। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश की वजह से मार्ग बाधित होने पर पोलिंग पार्टियों का रूट प्रभावित नहीं हो इसलिए वन विभाग व लोनिवि से भी समन्वय बनाया गया है। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गैंग तैयार रखें ताकि इस तरह की घटना पर त्वरित कार्रवाई हो और रूट साफ हो सके।

पोस्टल बैलेट से मतदान करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

42 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

हल्द्वानी, अमृत विचार : जनपद में पोस्टल बैलेट से मतदान शुरू हो गया है। गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज सभागार में प्रशिक्षण के दौरान रामनगर विधानसभा सीट के अंतर्गत चुनाव ड्यूटी में लगे 49 एवं मुक्त विश्वविद्यालय सभागार में 42 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया।

मोटर खराब होने से पानी का संकट

हल्द्वानी, अमृत विचार : पानी का संकट शहर के अलग-अलग हिस्सों में दिखने लगा है। गुरुवार को कठघरिया क्षेत्र में सिंचाई विभाग की नलकूप का मोटर खराब होने से करीब 300 परिवारों के सामने पेयजल आपूर्ति की समस्या गहरा गई है।

नलकूप की मोटर ठप होने से सुबह से ही लोग पानी के लिए परेशान रहे। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि सिंचाई विभाग के नलकूप से पेयजल आपूर्ति भी कठघरिया इलाके के कुछ हिस्सों में कराई जाती है, लेकिन नलकूप की मोटर खराब होने के चलते पेयजल आपूर्ति व्यवस्था बाधित है।

गूलों में मलबे से बढ़ी किसानों की चिंता

हल्द्वानी, अमृत विचार : सिंचाई विभाग के गूलों में होते अतिक्रमण व मलबा भरने के चलते किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

बिठौरिया में आयोजित लघु व सीमांत काश्तकार संगठन की बैठक में मुद्दा उठाया गया। इसमें किसानों ने एक सुर में कहा कि सरकारी गूलों को मलबा डाल कर पाटने काम किया जा रहा है, जिसके चलते सिंचाई के लिए पानी मिलना भी मुश्किल होता जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी विभाग के जिम्मेदार अतिक्रमण हटाने की सुध नहीं ले रहे है।

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)



1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा

2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव

समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

सार-संक्षेप

हल्द्वानी की हिंसक घटना से सजग रहने की जरूरत

हल्द्वानी : भारत रक्षा मंच की महिला प्रकोष्ठ ने पॉलीशीट में बैठक की। उन्होंने हल्द्वानी में विगत दिनों हुई हिंसक घटना की निंदा की और कहा कि समाज के साथ ही प्रशासन को भी सजग रहने की जरूरत है, जिससे इस तरह की घटना दोबारा न हो। संगठन के प्रदेश संयोजक संगठन आशीष वाजपेयी ने कहा कि शहर में ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने सांठगांठ करके मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और आधार कार्ड बनवा लिए हैं। जबकि इन लोगों का शहर से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है। राज्य में धर्मांतरण के मामले भी बढ़ रहे हैं। बहुसंख्यक समाज की बेटियों को बहला फुसला उनका धर्मांतरण कराकर शादी करवाई जा रही है। ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की। इस दौरान संगठन के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख गिरीश चंद्र पांडे, हल्द्वानी जिला उपाध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, सुनीता, रमा, कंचन थे।

जुजुत्सु चैंपियनिशप में खिलाड़ियों ने जीते पदक

हल्द्वानी : तीस मार्च से 2 अप्रैल तक नेशनल जूनियर सब चैंपियनशिप लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित हुई। इसमें नेशनल जूनियर सब चैंपियनशिप में हल्द्वानी के आयुष सिंह ने अंडर-14 के 36 किलो में यामिनी मटियाली ने अंडर-16 के 44 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मनीष ने अंडर-16 के 30 किलो, अंडर-16 के 57 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। अंडर-14 के 52 किलो, अंडर-16 के 57 किलो में गायत्री गोस्वामी, अंडर-10 के 28 किलो में पंकज देओपा, अंडर-16 के 57 किलो वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

कनिका मेहरा का जवाहर नवोदय में चयन

लालकुआं : चाइल्ड सैक्रेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कनिका मेहरा का कक्षा 6 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य ललित मोहन कांडपाल ने बताया कि कनिका मेहरा वर्ष 2024-25 के प्रथम बैच में जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में प्रवेश लेगी। उसके उत्तीर्ण होने पर स्कूल के प्रबंधक बसंत पांडे, मैनेजमेंट डायरेक्टर सुनीता शर्मा पांडे, भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गपाल, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुम्का समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

रामनगर महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर बने प्रो. मौर्य

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने प्रोफेसर सिद्धेश्वर सिंह मौर्य को चीफ प्रॉक्टर बनाया है। प्राचार्य पाण्डे ने बताया कि प्रोफेसर आरडी सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी प्रोफेसर मौर्य को चीफ प्रॉक्टर बनाया गया है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्रोफेसर मौर्य के चीफ प्रॉक्टर बनने पर महाविद्यालय प्राचार्य समेत सभी प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों ने उन्हें बधाई दी है।

निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश ने किया जनसंपर्क

रामनगर : गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश प्रकाश ने मतदाताओं से संपर्क साधा। उन्होंने कहा कि एक तरफ सत्ता और विपक्षी के लोग चुनाव प्रचार में पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। वहीं स्टार प्रचारकों के माध्यम से मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं। कहा कि न तो उनके पास पैसा है और न ही चुनाव प्रचार के लिए कोई संसाधन हैं। वह पहाड़ों की बदहाल स्थिति को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि गढ़वाल की जनता ने उन्हें इस बार विजयी बनाया तो वह निश्चित तौर पर पर्वतीय क्षेत्रों की स्थिति सुधारने के साथ ही यहां पर विकास को लेकर काम करेंगे।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

रामनगर : पुलिस ने अवैध शराब की धरपकड़ के दौरान आरोपी हंसराज पुत्र महेंद्र सिंह निवासी ग्राम इटव्वा बाजपुर को 110 पाउच कच्ची शराब व 55 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ 60 एक्ससाइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

आज निकलेगा मतदाता जागरूकता मशाल जुलूस

हल्द्वानी : स्वीप टीम की ओर से मतदाताओं को जागरुक करने के कार्यक्रम लगातार जारी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को शहर में कोतवाली से तिकोनिया तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा, इसमें करीब 500 पुलिसकर्मी, पहली बार मतदान करने वाले और महिला मतदाताएं शामिल होंगी। जुलूस में एएसपी प्रहलाद नारायण मीणा सहित अन्य लोग भी शामिल होंगे।

मतदान को जागरूक कर रहे मिलेट बेकरी के उत्पाद

भीमताल : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कमल क्लस्टर की ओर से संचालित मिलेट बेकरी ग्रोथ सेन्टर में समूह की महिलाएं मतदाता जागरूकता के लिए मैदान में उतरी है। बेकरी उत्पादों को नये पैकेजिंग के साथ ही मतदाता जागरुकता संदेश के साथ विक्रय किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि सेन्टर के उत्पाद घरों में मतदाता जागरुकता के संदेश के साथ पहुंच रहे है। जो ग्राहकों के लिये भी आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं।

भाजपा के खर्च में जुड़ेगा कॉल सेंटर का खर्च

हल्द्वानी, अमृत विचार : भाजपा ने मान लिया है कि नैनीताल रोड स्थित एक निजी स्कूल में बिना अनुमति के कॉल सेंटर संचालित हो रहा था। अब इस कॉल सेंटर के संचालन का खर्च 1,05,600 रुपये का भाजपा के चुनाव प्रचार के खर्च में जुड़ेगा। सिटी मजिस्ट्रेट/एआरओ एपी वाजपेयी ने बताया कि युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने 27 मार्च को शिकायती पत्र सौंप कर बताया था कि भाजपा नैनीताल रोड स्थित एक निजी स्कूल में कॉल सेंटर संचालित कर रही है। पत्र के आधार पर प्रशासनिक टीम व व्यय अनुवीक्षण सेल ने कॉल सेंटर का निरीक्षण किया था। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय महामंत्री के कुमाऊं प्रवास की वजह से संभाग कार्यालय में जगह नहीं होने पर स्कूल में कॉल सेंटर संचालित किया था।

चोरी के बर्तनों के साथ तीन चोर गिरफ्तार

सफलता

- पीतल की 8 और स्टील की 13 परात हुई बरामद
- दुकान से बुर्के में छिपाकर ले गई थीं परात का कट्टा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : दुकान के अंदर से पीतल की परात का कट्टा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं समेत एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर इनके पास से 8 पीतल की परात और 13 स्टील की परात बरामद हुई है।

कसेरा लाइन निवासी प्रतीक मित्तल पुत्र अमोद कुमार मित्तल ने पुलिस को बताया कि उसकी पैठपड़ाव स्थित दुकान में दो महिलाएं बुर्का पहनकर आई थीं। उनके साथ एक पुरुष भी था। उन्होंने 15 किलो पीतल की परात का कट्टा बुर्के में छिपा लिया और बाइक संख्या यूपी21 सीएल-3010 के चालक के साथ मौके से फरार हो गये। बीते दिवस तीनों को पुनः बाजार में देखने पर उन्होंने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। तहरीर के आधार पर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी व मुखबिरों की सूचना पर आरोपी जराफत पुत्र लियाकत निवासी काले प्याजो थाना गलसईद जिला मुरादाबाद, आशमा पत्नी जरायफत व रोशन पत्नी नासिर को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 8 पीतल की परात, 13 स्टील की परात व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है। टीम उपनिरीक्षक द्वितीय मनोज नयाल, जोगा सिंह, विजय कुमार, संजय कुमार, जसवीर सिंह, कमला गोस्वामी शामिल रहे।

पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए चोरी के आरोपी। ● अमृत विचार

चोरी करने वाला गैंग दबोचा

रामनगर : पीरूमदारा चौकी पुलिस ने चोरों के एक गैंग को पकड़ा है। पूछताछ में गैंग के सदस्यों ने बीते दिनों हुई कई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। कुछ दिन पूर्व क्षेत्र की आवासीय कॉलोनियों में चोरी की घटनाओं से गुस्साए लोगों ने पुलिस चौकी का घेराव किया था। जिसके बाद पुलिस ने टीम का गठन कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किये। उप निरीक्षक राजेश जोशी ने बताया कि छानबीन के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर देवीपुर आईटीआई थाना क्षेत्र उधमसिंह नगर निवासी कौशल पुत्र महिपाल, मनोज पुत्र महिपाल, दीपक पुत्र चुनमुन सिंह और अनामिका पत्नी कौशल को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी लेने पर अभियुक्तों के पास से चोरी की सोने की अंगूठी, एटीएम कार्ड, 17 हजार की नगदी, एक स्कूटी, एयरटेल केबल बॉक्स, दो तांबे के गागर, एक कांसे की थाली, चार बोतल शराब, एक पीतल की परात सहित अन्य सामान बरामद हुआ है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन डिपो का निरीक्षण करते दमकल अधिकारी। ● अमृत विचार

दमकल टीम ने किया कई भवनों का निरीक्षण

हल्द्वानी, अमृत विचार : लीसा फैक्ट्री में आग के बाद दमकल की टीम हरकत में है। गुरुवार को टीम ने कई व्यवसायिक भवनों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजाम देखे। साथ ही आग से बचाव के तरीके भी बताए। बता दें कि बीते मंगलवार को रामपुर रोड स्थित एक लीसा फैक्ट्री में आग लग गई थी। जांच में सामने आया था कि आग लापरवाही से लगी थी। जिसके बाद दमकल ने निरीक्षण कार्यक्रम को तेज कर दिया। जिले में 50 से अधिक लोगों को नोटिस जारी के बाद गुरुवार को दमकल की टीम ने विद्युत स्टेशन हाइडिल गेट काठगोदाम और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन डिपो लालकुआं पहुंची। अग्निशमन अधिकारी ने टीम के साथ फायर ऑडिट किया। निरीक्षण के दौरान वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन और रखरखाव की जानकारी दी।

उत्थान मंच में आयोजित महिला रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

राम वनवास और दशरथ-कैकेयी संवाद ने मोहा मन

हल्द्वानी, अमृत विचार : हीरानगर उत्थान मंच में चल रही रामलीला में गुरुवार को राम वनवास और दशरथ कैकेयी संवाद का भव्य मंचन किया गया। पुनर्नवा महिला समिति की ओर से महिला रामलीला का मंचन किया जा रहा। गुरुवार की रामलीला के मंचन में पात्रों ने सुंदर अभिनय किया। इससे पहले रामलीला के मंचन का शुभारंभ कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, नवीन भट्ट और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। गुरुवार के मंचन में दशरथ का पात्र अनुराधा शाह, केकैई मीना राणा, कौशल्या कमला रौतेला, सुमित्रा शीला राणा, राम मानसी, लक्ष्मण लक्षिता, सीता तेजस्विनी, मंथरा रितु कांडपाल, सुमंत लीला मनराल, दरबारी-लता जोशी, नीमा रावत और उर्वशी ने निभाया। इस दौरान प्रदेश के पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा, दयाशंकर (मिनी अटल), कोटाबाग के ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, सर्वजीत कौर, जय सिंह, शशि वर्मा, लता बोरा, यशोदा रावत, शांति जीना, कल्पना रावत उपस्थित रहे।

टैक्स बार अध्यक्ष की याचिका खारिज

रामनगर, अमृत विचार : रामनगर बार एसोसिएशन में टैक्स बार सदस्य को चुनाव में हिस्सा लेने के अधिकार वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने उन्हें सोसाइटी रजिस्ट्रार या दीवानी न्यायालय जाने का आदेश दिया है। बता दें कि जून 2023 में रामनगर बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव होने थे। इसमें मुख्य चुनाव अधिकारी जगदीश चन्द्र मासीवाल ने उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों को रामनगर बार एसोसिएशन के चुनाव में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी थी। इस आदेश के विरुद्ध टैक्स बार के अध्यक्ष पूरन चन्द्र पांडे ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर टैक्स बार सदस्यों को भी रामनगर बार एसोसिएशन में हिस्सा लेने का अधिकार मांगा था। अब 12 अप्रैल को रामनगर बार के लिए चुनाव कराए जाएंगे। उधर, टैक्स बार के पूर्व अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे ने उन्होंने हाईकोर्ट में डबल बैंच में रिट फाइल की है।

आवश्यकता है
अमृत विचार के हल्द्वानी संस्करण को
डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव
सीनियर मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8077909468, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यता:- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

राज्य में 24 साल में घट गई 2 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि

लोकसभा चुनाव में अछूता खेती-किसानी का मुद्दा, राज्य गठन के समय 7.70 लाख हेक्टेयर था कृषि भूमि का क्षेत्रफल

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

70 फीसदी से अधिक भूभाग में जंगल वाले राज्य में कृषि भूमि बचाना बेहद जरूरी

5.68 लाख हेक्टेयर ही कृषि भूमि का रकबा बचने से मिलेट्स उत्पादन भी होगा प्रभावित

अमृत विचार : उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव और आरोप-प्रत्यारोप के शोर में खेती-किसानी का मुद्दा गुम है। जिस उत्तराखंड राज्य में 70 फीसदी से अधिक भू-भाग वन क्षेत्र हो और खेती के लिए बेहद सीमित भूमि बची हो, वहां खेती-किसानी का छूटना न सिर्फ चिंताजनक है बल्कि भविष्य के लिए खतरे की घंटी है। संकट उस सूरत में और भी भयावह दिखता है जब यह तथ्य सामने आता है कि राज्य गठन बाद से अब तक दो लाख हेक्टेयर कृषि भूमि कम हो गई है। लोकसभा चुनाव में खेती और किसानी बेशक राजनीतिक दलों के लिए प्रमुख मुद्दा न हो, लेकिन उत्तराखंड के ग्रामीण और किसान के लिए छूटती खेती परेशानी का सबसे बड़ा सबब है।

राज्य गठन के समय उत्तराखंड में कृषि का क्षेत्रफल 7.70 लाख हेक्टेयर था, जो 24 सालों में घट कर 5.68 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया है। हर चुनाव में खेती किसानी और काश्तकार के आमदनी बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल मुद्दे बनाते हैं, लेकिन ये चुनावी वादे राज्य में खेती किसानी की तस्वीर नहीं बदल पाई है। हालांकि इस बार ये मुद्दा लोकसभा चुनाव से गायब है। हकीकत यह है कि खेती का रकबा साल दर साल घट रहा है। जंगली जानवरों की समस्या, सिंचाई सुविधा का अभाव, बिखरी कृषि जोत के कारण लोग न सिर्फ खेती छोड़ रहे हैं, बल्कि पलायन की भी यह मुख्य वजह है।

किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकारें योजनाओं का मरहम तो लगा रही हैं फिर भी उत्तराखंड में उपजाऊ भूमि बंजर होती जा रही है। खासतौर पर राज्य के पर्वतीय इलाकों में कभी मंडुवा, झंगोरा, लाल चावल, राजमा, मटर की खेती से हरे-भरे रहने वाले खेत आज उजाड़ हो चुके हैं।

प्रदेश में फसलों का क्षेत्रफल व उत्पादन

फसल	क्षेत्रफल हेक्टेयर में	उत्पादन मीट्रिक टन में
धान	2,20,637	5,45,544
मक्का	16,657	40,554
मंडुवा	68,806	10,1058
गेहूं	2,70,000	8,19,207
झंगोरा	35,181	54,479
चौलाई	5,058	5,968
दालें	53,423	50,008

बारिश पर निर्भर पहाड़ का काश्तकार



प्रदेश के कुल कृषि क्षेत्रफल का 49.55 प्रतिशत पर्वतीय क्षेत्र में आता है। जबकि 50.45 प्रतिशत मैदानी व तराई का क्षेत्र है। पर्वतीय क्षेत्रों में मात्र 12.06 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा है। किसानों को फसलों की पैदावार के लिए बारिश पर निर्भर रहना पड़ता है। समय पर बारिश नहीं हुई तो किसानों को मेहनत के बराबर भी उपज हाथ नहीं लगती है।

30 फीसद से ज्यादा नुकसान पर ही मुआवजा

मौसम या फिर अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से हर साल फसलें बर्बाद होती हैं। फसल बीमा योजना के तहत मानकों के अनुसार 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर ही मुआवजा दिया जाता है। यानी नुकसान का प्रतिशत इससे कम है तो मुआवजा नहीं दिया जाता। 2023-24 में 86,376 किसानों ने फसल बीमा कराया है। जिसमें कुल 23,712 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र शामिल है।

24 साल में घटकर आधा हुआ मंडुवा का क्षेत्रफल

राज्य के मोटे अनाजों को श्री अन्य योजना से बाजार तो मिला, लेकिन जोत आधी रह गई। मंडुवा, झंगोरा, चौलाई, राजमा, गहथ, काला भट्ट परंपरागत फसलें है। श्री अन्न योजना से मोटे अनाज की मांग तो बढ़ी, लेकिन पैदावार घटती गई। राज्य गठन के बाद मंडुवा का क्षेत्रफल आधा हो गया है। 2001-02 में प्रदेश में मंडुवे का क्षेत्रफल 1.32 लाख हेक्टेयर था। जो 2023-24 में घट कर 70 हजार हेक्टेयर रह गया।

1962 से आज तक नहीं हो पाई बंदोबस्ती

पर्वतीय क्षेत्रों में बिखरी कृषि जोत सबसे बड़ी परेशानी है। वर्ष 1962 से आज तक जमीनों का बंदोबस्त नहीं हुआ। एक खेत पहाड़ के इस पार तो दूसरा खेत दूसरी ओर है। जिससे खेतीबाड़ी में मेहनत तो ज्यादा लगती है और फसलों की रखवाली भी नहीं हो पाती। इसे देखते हुए सरकारों ने चकबंदी की पहल थी, लेकिन पहल अंजाम तक नहीं पहुंच पाई।

चढ़ रहा पारा प्रत्याशियों का निकालेगा खूब पसीना

राजू वर्मा, काशीपुर

अमृत विचार: लोकसभा के चुनावी रणभेरी में शह मात का खेल शुरू हो गया है। भाजपा, कांग्रेस समेत सभी दलों के प्रत्याशी सुबह होते ही जनता के बीच पहुंच रहे हैं। इससे सियासी पारा तो चढ़ ही रहा है। वहीं तराई का मौसम गर्मा रहा है। गर्मी के चलते प्रत्याशियों के समक्ष प्रचार को लेकर चुनौती खड़ी हो रही है। अगले कुछ दिनों में ही गर्मी बढ़ने के साथ ही लू भी चलने के आसार हैं।

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट पर 10 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। नैनीताल जनपद का अधिकांश हिस्सा पर्वतीय है बाकी क्षेत्र तराई-भाबर का है। प्रत्याशियों को तराई से लेकर पहाड़ तक चुनाव प्रचार के लिए आना-जाना पड़ रहा है। पहाड़ पर जहां मौसम में ठंडक है, वहीं तराई में खूब गर्मी हो रही है। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि अप्रैल में मौसम से राहत नहीं मिलने वाली है। अगले कुछ दिनों में ही तापमान 37, 38 व 39 डिग्री तक पहुंच जाएगा। गर्मी बढ़ने के साथ ही गर्म हवा यानी लू भी परेशान करेगी। फिलहाल बारिश के आसार नहीं हैं। ऐसे में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल होगा। प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार के लिए खूब पसीना बहाएंगे। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि बूथों पर बिजली-पानी की व्यवस्थाएं होंगी ताकि गर्मी से राहत मिल सके। मतदाताओं को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



10 अप्रैल के बाद चलेंगी गर्म हवाएं

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अप्रैल व मई के महीने में सबसे अधिक गर्मी होगी। 10 अप्रैल के बाद तराई में गर्म हवाएं चलने के आसार हैं। मतदान के दिन 19 अप्रैल को भी तापमान 38 से 39 डिग्री रहेगा। तराई में 42 डिग्री तक तापमान चला गया है।

पांच दिनों में इतना रहा तापमान

दिन	अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
रविवार	36.5	16.00
सोमवार	35.3	12.9
मंगलवार	32.6	15.00
बुधवार	33.4	14.00
गुरुवार	35.5	15.4

फ्लैश बैक

'जनता की सरकार' नारे ने बदल दिया था चुनाव

संवाददाता, हल्द्वानी

यादें

- नैनीताल संसदीय सीट पर तब कांग्रेस के केसी पंत को जनता पार्टी के अंजान चेहरे भारत भूषण ने दी थी पटखनी

अमृत विचार : जनता जिसे चाहे तख्त और जिसे चाहे तख्ते पर बैठा दे। सन 1977 के आम चुनाव में नैनीताल लोकसभा सीट पर कुछ ऐसा ही हुआ था। लगातार चुनाव जीतते आ रहे कांग्रेस के कद्दावर नेता केसी पंत को जनता पार्टी के एक अंजान चेहरे भारत भूषण ने ऐसी पटखनी दी कि लोग आज भी गाहे बगाहे इसकी चर्चा करते हैं। चुनाव में जनता का दल और 'जनता की सरकार' नारे ने भारत भूषण की जीत में अहम योगदान दिया था।

उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर बताते हैं कि आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस ने फिर से केसी पंत को नैनीताल सीट से टिकट दिया लेकिन विपक्षी पार्टियों ने जनता पार्टी से नए अंजान चेहरे भारत भूषण को अपना संयुक्त उम्मीदवार बना दिया। भारत भूषण को कम ही लोग जानते थे। उनकी वैसी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि भी नहीं थी। तब ऐसा लग रहा था कि केसी पंत फिर से एकतरफा चुनाव जीत जाएंगे।

उन्होंने बताया कि केसी पंत के पिता स्वतंत्रता सेनानी गोविंद बल्लभ पंत का समूचे क्षेत्र में खूब नाम था। पर्वतीय क्षेत्रों में वह कद्दावर नेता माने जाते थे। ऐसे में चुनाव प्रचार के दौरान गांवों में लोग काफी सम्मान देते थे। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे चुनावी माहौल आगे बढ़ा तो विपक्षी पार्टियों ने अपने गठबंधन जनता पार्टी को 'जनता का दल' और 'जनता की सरकार' की हवा चला दी। मंत्री होने की वजह से तब केसी पंत ज्यादातर समय दिल्ली रहते थे, इसलिए जनता पार्टी ने दिल्ली बनाम स्थानीय का मुद्दा भी छेड़ दिया।

उन्होंने कहा कि नसबंदी व आपातकाल के प्रति लोगों में भी कुछ हद तक नाराजगी थी। नसबंदी नहीं कराने से लोगों की तनख्वाह रोक दी जाती थी, लोगों का घर चलाना मुश्किल हो रहा था। इन सब मुद्दों के कारण केसी पंत के खिलाफ जबरदस्त माहौल बन गया और नए व अंजान चेहरे भारत भूषण ने कई हजार वोटों से यह चुनाव जीत लिया।

पलायन से पहाड़ के हजारों मतदाता बन गए प्रवासी

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : हिमालयी राज्य उत्तराखंड के गठन के बाद यहां हुए चुनावों में कभी भी मतदाताओं में जोश का वह जज्बा नहीं दिखाई दिया जो दिखाई देना चाहिए था। प्रदेश के तेरह जिलों में से कुछ जिलों को छोड़ दें तो आज तक हुए चुनावों में अधिकांश का आंकड़ा पचास प्रतिशत के पार नहीं गया होगा। इसे उत्तराखंड राज्य की सियासत की कड़वी सच्चाई ही कहेंगे, क्योंकि सियासतदारों की अनदेखी के कारण यहां गांव खाली होते चले गए और रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए पलायन कर चुका यहां का मतदाता प्रवासियों की फेहरिस्त में शामिल हो गया।

उत्तराखंड में पलायन बड़ा मुद्दा है। पलायन रोकने के लिए यहां के सियायतदारों ने तमाम दावे किए। लेकिन यह दावे वास्तविकता में तब्दील होने के बजाय सरकारी आंकड़ों में दफन होकर रह गए। उत्तराखंड के ग्रामीण विकास और पलायन निवारण आयोग की रिपोर्ट की मानें तो पिछले पांच सालों में उत्तराखंड के गांवों से पलायन की दर में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन पलायन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक आज भी उत्तराखंड के गांवों से पलायन जारी है। रिपोर्ट के अनुसार अल्मोड़ा, टिहरी और पौड़ी स्थायी पलायन का दंश झेलने वाले सर्वाधिक प्रभावित जिलों में से एक है। पिछले पांच वर्ष में अल्मोड़ा से 5926, टिहरी से 5653, पौड़ी से 5474 लोगों ने स्थायी रूप से पलायन किया है। जबकि ऊधमसिंह नगर से 82, देहरादून से 312, रूद्रप्रयाग से 715, उत्तरकाशी से 900, हरिद्वार से 1029, नैनीताल से 2014, चमोली से 1722, पिथौरागढ़ से 1713, चंपावत से 1588, बागेश्वर से 1403 परिवारों ने स्थायी रूप से पलायन किया है।

आयोग की रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि आज भी प्रदेश में पारंपरिक कृषि का परिदृश्य पांच साल पहले जैसा ही है, जो काफी निराशाजनक है। आंकड़ों पर गौर करें तो बुनियादी सुविधाओं के अभाव में राज्य में अब तक 3,946 गांवों के 1.18 लाख लोग स्थायी रूप से पलायन कर चुके हैं, जबकि 6,338 गांवों के 3.83 लाख व्यक्ति अस्थायी रूप से अन्यत्र चले गए हैं। उत्तराखंड में पलायन की दर 36.2 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। इस कारण राज्य के 1,792 गांव पूरी तरह वीरान हो गए हैं। सरकार द्वारा साल 2018 में गठित ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में पलायन की स्थिति, कारणों के साथ ही समाधान के उपाय सुझाए हैं। जिन पर काम करने के सरकार दावे भी कर रही है। लेकिन वर्तमान हालात में सुधार होना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है।

1792 गांव निर्जन तो 24 घोस्ट विलेज घोषित

पलायन आयोग की रिपोर्ट के आंकड़ों की मानें तो वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में निर्जन और वीरान हो चुके गांवों की संख्या 1034 के आसपास थी। लेकिन 2018 में यह संख्या बढ़कर 1768 पहुंच गई। वर्ष 2022-23 तक यह संख्या 1792 तक पहुंच गई है। इसके अलावा प्रदेश में 24 गांव ऐसे हैं जो घोस्ट विलेज की सूची में दर्ज हो चुके हैं।

पलायन की वजह

- 50 फीसद ने रोजगार के लिए घर छोड़ा
- 15 फीसद ने शिक्षा के लिए किया महानगरों का रुख
- 9 फीसद लोगों को नहीं मिल सकी बेहतर उपचार की सुविधा

अस्थायी पलायन में नहीं कोई खास कमी

रोजगार और अन्य सुविधाओं के लिए उत्तराखंड में होने वाला अस्थायी पलायन भी चिंता की विषय है। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद इसमें मामूली कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2008 से वर्ष 2018 तक सूबे के 6338 ग्राम पंचायतों से कुल 3,83,726 लोगों ने अस्थायी रूप से पलायन किया। जबकि पिछले पांच सालों में यानि 2018 से 2022-23 में यह संख्या मामूली रूप से कम होकर 3,07,310 तक पहुंची। लेकिन अस्थायी पलायन का यह आंकड़ा भी सुकून देने वाला नहीं है। आयोग की रिपोर्ट में इस बात का जिक्र भी है कि अस्थायी पलायन इसी दर से होता रहा तो अगले पांच वर्षों में यह आंकड़ा छह लाख के ऊपर होगा।

बसपा मुखिया ने नैनीताल जिले से बनाई दूरी

हल्द्वानी, अमृत विचार : बसपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा सुप्रीमो मायावती का नाम सबसे पहले है तो वहीं उनके उत्तराधिकारी आकाश आनंद का नाम स्टार प्रचारकों में दूसरे नंबर पर है। बसपा के ब्राह्मण चेहरा सतीश चंद्र मिश्रा को स्टार प्रचारकों की सूची में तीसरा स्थान दिया है। जहां तक बात नैनीताल जिले की है तो इस चुनाव में यहां पर अभी तक बसपा का कोई स्टार प्रचारक नहीं आया है।

बसपा की सबसे बड़ी नेता मायावती भी नैनीताल जिले में अंतिम बार चुनाव प्रचार करने के लिए साल 2012 के विधानसभा चुनाव में आई थीं। पिछले चुनाव में भी वह ऊधमसिंह नगर जिले में आईं लेकिन नैनीताल जिले से दूरी ही बनाकर रखी। तब हल्द्वानी से रईसुल हसन चुनाव मैदान में थे। उत्तराखंड में भी उस समय तक बसपा काफी असर रखती थी। इससे पूर्व साल 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने राज्य में आठ सीटें जीतीं थीं। इसके बाद 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी कोई बड़ा स्टार प्रचारक नैनीताल जिले में नहीं आया, हालांकि साल 2019 में मायावती लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने रुद्रपुर आईं थीं।

उत्तराखंड गठन से पहले नैनीताल सीट पर थी नजर

ऐसा नहीं है कि नैनीताल लोकसभा सीट बसपा के लिए अहमियत नहीं रखती है। राज्य गठन से पहले ही बसपा ने नैनीताल लोकसभा सीट में अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश की थी। नैनीताल जिले को काटकर ऊधमसिंह नगर जिला बनाया। भाग सिंह को दो बार अपना उम्मीदवार भी बनाया। बसपा से हल्द्वानी के पूर्व विधायक अकबर अहमद डंपी की पत्नी नैना बलसावर को भी उम्मीदवार बनाया। राज्य गठन के बाद साल 2009 में नैनीताल लोकसभा सीट से नारायण पाल ने बहुत ही मजबूती के साथ चुनाव लड़ा था लेकिन बसपा को कभी भी सफलता नहीं मिली।

मतदाता पर्ची में क्यूआर कोड से मिलेगी जानकारी

ललित पांडेय, हल्द्वानी

तकनीकी

- निर्वाचन आयोग की ओर से पहली बार की गई व्यवस्था
- मतदाता पर्ची घर-घर तक पहुंचाई जाने लगी हैं

अमृत विचार: मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने नया प्रयोग किया है। इस बार मतदाता पर्ची में वोटर की फोटो की जगह एक क्यूआर कोड मिलेगा। इस कोड को स्कैन करते ही मतदान केंद्र संबंधी सभी जानकारियां मिलेंगी। निर्वाचन कार्यालय से मतदान पर्चियां विधानसभा क्षेत्रों को भेज दी गई हैं।

लोकसभा चुनाव में अब तक मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदान पर्ची दी जाती थी लेकिन इस लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को फोटो की जगह क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची दी जा रही है। इस क्यूआर कोड में ही मतदाता की पूरी जानकारी के अलावा मतदान की तिथि, मतदान का समय, गांव व वार्ड नंबर, सीरियल नंबर, मतदान स्थल का नाम, मतदाता पहचान पत्र संख्या, विधानसभा क्षेत्र का नाम सहित समेत अन्य जानकारियां मौजूद हैं। इसके अलावा, मतदाता पर्ची पर गूगल नक्शे से पोलिंग स्टेशन तक पहुंचने की जानकारी भी पर्ची में दी जा गई है, जिससे पोलिंग बूथ की राह आसान होगी। निर्वाचन कार्यालय से मतदाता पर्चियां विधानसभा क्षेत्रों को भेज दी गई हैं, जो बीएलओ में माध्यम से मतदान के एक सप्ताह पहले तक घर-घर तक पहुंचा दी जाएंगी। राज्य में मतदाता आगामी 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

> लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्चियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसमें मतदान व मतदाता से संबंधित जानकारियां मिलेंगी। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिलेगी। - **एफआर चौहान**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

युवा मतदाता

18-19 आयु वर्ग के युवाओं में पहली बार में ही केंद्र सरकार चुनने को लेकर है खुशी, 19 अप्रैल का बेसब्री से इंतजार

पहली बार मतदान को लेकर उत्साह, दल व प्रत्याशी को लेकर सजग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: युवा मतदाताओं विशेषकर पहली बार मतदाता बने युवाओं में लोकसभा चुनाव में मतदान को खासा उत्साह है। सभी 19 अप्रैल को मतदान को लेकर संकल्पबद्ध है बल्कि आसपास मोहल्लों, कॉलेजों में भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं, युवाओं में केंद्र में सरकार को लेकर अलग-अलग सोच और सबकी अपनी-अपनी राय है। हालांकि रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा, स्वस्थ्य लोकतंत्र, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिलने, पर्वतीय क्षेत्रों एवं सुदूर इलाकों में बुनियादी जरूरतें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क की उपलब्धता होने और सशक्त विपक्ष की सभी एक सुर में वकालत करते हैं। उनका मानना है कि सरकार को बिना किसी राजनैतिक, क्षेत्रीय, धार्मिक, जातीय द्वेष के सभी वर्गों का विकास करना चाहिए और सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास मंत्र को साबित करना चाहिए।

जब अमृत विचार की टीम ने पहली बार मतदाता बने युवाओं से लोकसभा चुनाव में सरकार को वोट देने को लेकर चर्चा की तो उन्होंने बेबाकी से अपनी राय रखी।

सरकार से बुनियादी समस्याओं के समाधान की दरकार

> लोकतंत्र की एक खूबी यह है कि यहां कोई बंदिशें नहीं हैं। सबको वोट देने का अधिकार है। इलेक्टोरल बांड के संबंध में पार्टियों की फंडिंग से संबंधित जानकारी सार्वजनिक होने से एक स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होगा और जनता का लोकतंत्र पर विश्वास बढ़ेगा। इलेक्टोरल बांड के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का आदेश काफी सराहनीय है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए परिवर्तन बहुत जरूरी है। - **प्रेमा नयाल**

> हमारे देश में शिक्षा व्यवस्था थ्योरी पर आधारित है, इसे अधिक से अधिक व्यावहारिक होना चाहिए। विद्यार्थियों को किसी भी विषय के बारे में प्रयोग के माध्यम से समझाना चाहिए। महिला आरक्षण को और सशक्त किया जाना चाहिए। स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद भी शहर के कई हिस्सों में स्वच्छता का स्तर नहीं सुधरा है। इस पर और अधिक फोकस किया जाना चाहिए। - **दीक्षा**

> ऐसी लोकतांत्रिक सरकार हो, जो शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक आधारित प्रयोगों को बढ़ावा दे। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में अधिक से अधिक काम करे। उम्मीदवार ऐसा हो, जो युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरे और 5 साल तक जमीनी स्तर पर काम करे। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के स्तर तक कमियों को दूर किये जाने की आवश्यकता है। - **पंकज नैनवाल**

> इंटर पास करने के बाद मिलने वाला कन्या धन का लाभ कई लड़कियों को नहीं मिल पाया है। कुछ मामले ऐसे भी हैं जिनमें लड़कियों की शादी हुए कई साल हो गए हैं लेकिन उन्हें आज तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। साथ ही छात्रवृत्ति का लाभ भी कई विद्यार्थियों को लंबे समय से नहीं मिल पाया है। एससी, एसटी श्रेणी के कई विद्यार्थी भी इस लाभ से वंचित हैं। - **प्रेमा जोशी**

एक नजर

कूड़ा डालने का विरोध करने पर पति-पत्नी को पीटा

किच्छा : घर के दरवाजे पर कूड़ा डालने का विरोध करने पर पड़ोसी ने साथियों के साथ मिलकर गृह स्वामी तथा उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। घायल पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम सैंजना निवासी नंदकिशोर यादव ने बताया कि विगत 2 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे पड़ोस में रहने वाले विजय यादव ने उसके घर के सामने कूड़ा कचरा डाल दिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी विजय यादव ने जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया कि कूड़ा डालने का विरोध करने के बाद विजय यादव ने अपने साथी मानवेंद्र टिंकू, अयोध्या प्रसाद, सोनू, कमलेंद्र एवं भवन सिंह को मौके पर बुलाकर पीड़ित तथा उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ट्रक में पीछे से टक्कर मारकर ट्रेलर क्षतिग्रस्त, क्लीनर घायल

पंतनगर : बृहस्पतिवार सुबह लगभग चार बजे एक ट्रेलर संख्या यूपी 25/ एफटी 0175 बरेली से लालकुआं की ओर जा रहा था। इसी दौरान नगला बाइपास तिराहे पर ट्रेलर के आगे ईंट लादकर चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके चलते तेज रफ्तार ट्रेलर की ईंट लदे ट्रक में पीछे से टक्कर हो गई। इसमें ट्रेलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार क्लीनर मामूली रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक चिकित्सा के बाद घर भेज दिया गया।

राशन की दुकान में छापा मारकर पकड़ी धांधली

छापे के दौरान मिलीं खामियां, संचालक नहीं दिखा सका स्टॉक, पूर्ति निरीक्षक ने रिपोर्ट एसडीएम को भेजी

कार्रवाई

- छापे के दौरान दुकान से नदारद मिला संचालक
- भनक लगते ही दुकान पर पहुंचा संतोषजनक जवाब नहीं दिया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला पूर्ति विभाग में तैनात रुद्रपुर सर्किल की आपूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने विभागीय टीम के साथ रंपुरा बस्ती स्थित सस्ता गल्ला की दुकान पर छापा मारा। जांच में पाया कि नियमों को ताक पर रखकर राशन वितरण में धांधली हो रही है। जिस पर पूर्ति निरीक्षक दस कार्ड धारकों के बयान दर्ज कर अपनी रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी है।

गुरुवार को रंपुरा बस्ती स्थित काली मंदिर के समीप सस्ता गल्ला की दुकान में हुई छापामार कार्रवाई के दौरान दुकान संचालक सतीश कुमार नदारद मिले। छापे की भनक लगते ही दुकान संचालक मौके पर पहुंचे और नदारद रहने का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। साथ ही जांच में पाया कि गोदाम से अप्रैल माह का 100 क्विंटल अधिभार का राशन उठाया जा चुका है। मगर गोदाम में महज 17 किलो गेहूं और 18 किलो चावल ही रखे हुए थे।

इसके अलावा अवकाश की पूर्व को सूचना नहीं दी गई। 15 मार्च की पर्ची देकर 31 मार्च को राशन बांटा गया। बायोमैट्रिक मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं जब पूर्ति निरीक्षक ने दस कार्डधारकों से पूछताछ की तो पाया कि गल्ला की दुकान कभी कभार खुलती है और दुकान संचालक रात को गोपनीय तरीके से राशन का वितरण करता है। यहां तक की एक कार्ड धारक महिला का आरोप था कि राशन नहीं देने का जवाब मांगने पर हाथापाई भी की जाती है।

इन सभी तथ्यों को एकत्रित कर पूर्ति निरीक्षक ने एक रिपोर्ट तैयार कर ली और एसडीएम को रिपोर्ट भेज दी है। उधर, मामले को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा रही। लोगों ने इस मामले आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

10 दस कार्ड धारकों के बयान दर्ज कर पूर्ति निरीक्षक ने बनाई अपनी रिपोर्ट

100 क्विंटल अधिभार का राशन अप्रैल का उठाया जा चुका था

रंपुरा बस्ती में सस्ता गल्ला की दुकान में छापा मारकर जांच करती पूर्ति निरीक्षक।

सस्ता गल्ला के ये हैं नियम

- सुबह 9 बजे से शाम 5 तक बजे तक दुकान के खुलने का समय है।
- अवकाश लेने से पहले पूर्ति विभाग को सूचित करने व बाहर चस्पा लगाना अनिवार्य है।
- दुकान के अधिभार का रिकॉर्ड और वितरण का रिकॉर्ड रखना जरूरी है।
- पर्ची नहीं, बल्कि बायोमेट्रिक से ही राशन वितरण किया जाना।
- कार्ड धारक को समय-समय पर राशन मुहैया की सूचना देना।
- माह की समाप्ति पर दूसरे माह का राशन गोदाम में भरना अनिवार्य है।
- सरकारी राशन को राइस मिलों में बेचना कानूनी अपराध है।
- कार्ड धारकों की संख्या अनुसार ही राशन एकत्रित करना।

> पिछले कुछ दिनों से लगातार सस्ता गल्ला विक्रेता संचालक के खिलाफ राशन वितरण में धांधली की शिकायतें प्राप्त हो रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद सर्किल पूर्ति निरीक्षक होने के नाते दुकान पर छापा मारा गया। जहां नियमों को ताक कर पर रख कर वितरण किया जा रहा था और दुकान खाद्य अधिभार के हिसाब से स्टॉक भी नहीं था। इसके बाद एक रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को भेज दी गई है। अग्रिम आदेशों के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अनीता तिवारी**, पूर्ति निरीक्षक, रुद्रपुर

वितरण में धांधली, माफिया का राशन पर डाका

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जहां एक ओर प्रदेश सरकार गरीबों को मुफ्त राशन देकर राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है। वहीं जिले में राशन माफिया गरीबों के राशन पर ही डाका डालकर करोड़ों के वारे न्यारे कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रकरण रुद्रपुर शहर में पकड़ा में आया है। जहां राशन माफिया उपभोक्ताओं को पर्ची थमाकर कई माह का राशन बेच रहे हैं। मामला संज्ञान में आते ही पूर्ति विभाग ने जांच कमेटी बैठाकर पांच दुकानों को चिह्नित करने का दावा किया है।

बताते चलें कि शहरी और ग्रामीण इलाके में 80 से अधिक सस्ता गल्ला की दुकानें हैं। जिस पर हजारों गरीब परिवार के लोग अपने राशन कार्ड पर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई योजना का लाभ लेकर परिवार का पेट पालते है। मगर कुछ सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने एक ऐसा सिंडिकेट बना लिया है जो गरीबों के राशन पर डाका डालकर राशन वितरण प्रणाली में धांधली कर रहा है। मिली

हालात

- उपभोक्ताओं को थमा रहे सिर्फ पर्ची, बेच रहे हैं राशन
- पांच दुकानें हुईं चिह्नित, जांच कमेटी का हुआ गठन

जानकारी के अनुसार गल्ला विक्रेता कार्ड धारक को पर्ची थमाकर मार्च माह का राशन अप्रैल माह में दे रहे हैं, जबकि खाद्य गोदामों से प्रति माह धारकों की संख्या के हिसाब से राशन भेजा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि कार्ड धारकों को राशन नहीं देकर सरकारी गेहूं और चावल के राइस मिलों में बेच दिया जाता है और वहां से एक मुश्त मोटी रकम लेकर सरकार की राशन वितरण योजना को पलीता लगाया जा रहा है। जब इस मामले की जानकारी जिला पूर्ति विभाग को लगी तो जिला पूर्ति अधिकारी श्याम लाल आर्य ने दो एआरओ की जांच कमेटी बनाकर जांच शुरू करवा दी है। प्रारंभिक पड़ताल में ही पांच सस्ता गल्ला विक्रेताओं को चिह्नित कर रिपोर्ट तैयार की गई और डीएम के आदेश के बाद कार्रवाई के लिए विभाग तैयार है। ऐसे में अनुमान यह लगाया जा रहा है कि जब शहरी इलाके में पांच गल्ला विक्रेताओं को धांधली में पकड़ा है तो अनुमान लगाया जा सकता है कि जिले में कितना राशन घोटाला चल रहा होगा।

> सस्ता गल्ला राशन वितरण में धांधली होने का मामला संज्ञान में आते ही एआरओ मुख्यालय हेमा बिष्ट और एआरओ सितारगंज धर्मेंद्र सिंह धामी को प्रकरण की जांच सौंपी गई है। शिकायती पत्र के आधार और प्रारंभिक पड़ताल में चार सस्ता गल्ला विक्रेताओं को चिह्नित किया गया है। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी और विक्रेताओं के खिलाफ लाइसेंस निलंबन और खाद्य घोटाले में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। योजना में धांधली के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-श्याम लाल आर्या**, जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

आखिर कौन खरीदेगा 12000 मीट्रिक टन गेहूं

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

परेशानी

- क्रय एजेंसी पीसीयू और नैफेड ने किए क्रय केंद्र खोलने से हाथ खड़े
- यूसीएफ और खाद्य विभाग को पहले ही मिला है 26000 मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य

अमृत विचार: कुमाऊं को इस गेहूं खरीद सत्र में 39 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है। इसमें गेहूं की पांच खरीद क्रय एजेंसियों को अलग-अलग लक्ष्य मिला हुआ है। इसमें दो क्रय एजेंसियों ने इस बार गेहूं खरीद से मना कर दिया है। ऐसे में दोनों क्रय एजेंसियों को मिले लक्ष्य 12000 मीट्रिक टन गेहूं को कौन एजेंसी खरीदेगी इसमें असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

दरअसल, कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। इसके लिए ऊधमसिंह नगर में 47 क्रय केंद्र बनाए गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 9, यूसीएफ के 35 और एनसीसीएफ के 3 क्रय केंद्र बनाये गये हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार कुमाऊं को 39000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है।

इसमें खाद्य विभाग को 6000 मीट्रिक टन, यूसीएफ को 20000 मीट्रिक टन, एनसीसीएफ को 1000 मीट्रिक टन, पीसीयू और नैफेड को 6000-6000 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है।

वहीं पीसीयू और नेफैड ने इस बार गेहूं खरीद करने से मना कर दिया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि इन दोनों क्रय एजेंसियों के लक्ष्य को कौन पूरा करेगा। हालांकि इस संबंध में यूसीएफ और खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना कि पीसीयू पिछले दो साल और नैफैड पिछले पांच साल से गेहूं की खरीद कर रही थी। अधिकारियों के अनुसार दोनों क्रय एजेंसियों के गेहूं खरीद से मना करने पर कोई न कोई एजेंसी उनके लक्ष्य को पूरा करेगी। हालांकि उनका यह भी कहना कि यह खरीद बाजार भाव पर निर्भर रहेगा।

बाजार भाव 2500 रुपये प्रति क्विंटल, सरकार दे रही 2275 प्रति क्विंटल

रुद्रपुर : सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से दे रही है, जबकि बाजार में गेहूं 2500 से 2600 रुपया प्रति क्विंटल के हिसाब से बिक रहा है। ऐसे में जिले में गेहूं की खरीद शुरू हुई तो किसान क्रय केंद्रों की बजाय बाजार में बेचने को मजबूर होगा। ऐसे में क्रय केंद्रों में गेहूं की खरीद कैसे हो पाएगी यह बाजार भाव में निर्भर होगा।

> कुमाऊं में गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। हालांकि अभी तक किसी भी क्रय केंद्र पर गेहूं की खरीद शुरू नहीं हुई है। इस बीच बाजार भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य के आसपास रहे तो अपने लक्ष्य के साथ दूसरे क्रय एजेंसियों के लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। अगर विगत वर्ष की भांति बाजार भाव कम नहीं हुए तो क्रय केंद्रों में लक्ष्य को प्राप्त करना थोड़ा मुश्किल होगा।
>
> -अशोक कुमार, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

भाजपा में शामिल नये सदस्यों के साथ विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

संजय नगर में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली

रुद्रपुर : संजयनगर खेड़ा में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। सभी को विधायक शिव अरोरा ने सदस्यता ग्रहण करवाई। सदस्यता लेने वालों में तरुण सरकार, सुनील सरकार, दिलीप सरकार, प्रदीप सरकार, हिमांशु सरकार, मनोज सरकार, पंकज सरकार, शिव सरकार, जतिन सरकार, राहुल, अंकित सरकार, तुषार सरकार, नारायण सरकार, काजल सरकार आदि शामिल हैं।

वनकर्मियों ने सोखता लकड़ी से भरा वाहन पकड़ा

खटीमा : सुरई रेंज के वनकर्मियों ने बंगाली कॉलोनी पकड़िया में टाटा मैजिक वाहन में लदी करीब 10 क्विंटल सोखता लकड़ी बरामद की। लकड़ी ले जाने वाले टीम को देखकर वाहन छोड़ फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने वाहन को सुरई रेंज ले आई और सीज कर दिया है। टीम में डिप्टी रेंजर सतीश रेखाड़ी, रविंद्र कुमार, सुंदरलाल, गोविंद राणा आदि शामिल रहे। वन छेत्राधिकारी राजेंद्र मनराल ने कहा कि वाहन स्वामी और लकड़ी ले जाने वालों का पता लगाया जा रहा है।

पकड़ी गई लकड़ी।

जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार, चार फरार

किच्छा: बगीचे में जुआ खेलने की शिकायत पर पुलिस टीम ने 5 आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस ने मौके से 1 लाख 45 हजार 200 रुपए की नगदी के अलावा आठ मोटर साइकिल तथा ताश बरामद किए। चार आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

ग्राम किशनपुर क्षेत्र में नन्हे बाबू के आम के बगीचे में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम ने मौके से वार्ड नंबर 12, निकट नूरी मस्जिद, किच्छा निवासी जिया उल हसन उर्फ मोनू मास्टर, पुरानी गल्ला मंडी, वार्ड नंबर 17, किच्छा निवासी उस्मान अंसारी, वार्ड नंबर 14, निकट बड़ी मस्जिद, पंजाबी मोहल्ला, किच्छा निवासी रईस मलिक, वार्ड नंबर 11, निकट स्लॉटर हाउस, किच्छा निवासी तौसीफ रजा एवं रजा नगर मस्जिद के निकट, वार्ड नंबर 4, किच्छा निवासी मोहम्मद आकिब को पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि फरार हुए आरोपियों की पहचान ग्राम सतुईया, थाना पुलभट्टा निवासी जमुना प्रसाद, पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा निवासी किशन लाल एवं वार्ड नंबर 12, किच्छा निवासी जावेद उर्फ पप्पू तथा वार्ड नंबर 12 किच्छा निवासी अफरोज के रूप में हुई है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सितारगंज में गेहूं न आने के कारण तौल केंद्र में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

चौथे दिन भी गेहूं तौल केंद्र में रहा सन्नाटा

सितारगंज : गेहूं खरीद के लिए मंडी समिति परिसर में खाद्य विभाग द्वारा लगाए गए तौल केंद्र में चौथे दिन भी सन्नाटा छाया रहा। जबकि विभाग द्वारा गेहूं तौल के लिए पूर्ण रूप से तैयारी कर ली गई है। वर्तमान समय में किसानों के खेतों में गेहूं पककर तैयार है। परंतु सितारगंज के नवीन मंडी परिसर में खाद्य विभाग द्वारा स्थापित किए गए तौल केंद्र में किसानों के न पहुंचने के कारण सन्नाटा रहा। वरिष्ठ विपणन अधिकारी खाद्य विभाग ओम नारायण मिश्र ने कहा कि खाद्य विभाग द्वारा मंडी परिसर में एक अप्रैल से ही तौल केंद्र आरंभ कर दिया गया है। किसानों को गेहूं तौल करवाने में, किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो इसके लिए विभाग द्वारा पूर्ण रूप से तैयारी कर ली गई है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

काशीपुर में सेंट्रल बैंक के एटीएम में चोरी, तोड़फोड़

- चोरों ने एयर कंडीशनर व कैमरे को चुराकर मशीन को किया क्षतिग्रस्त

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : चोरों ने शहर के व्यस्ततम चौराहे पर रात्रि में एक एटीएम में घुसकर एयर कंडीशनर और एटीएम मशीन के कैमरे को चुरा लिया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है।

पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला बस्सापाड़ा, ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा निवासी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई) के मैनेजर मुकेश कुमार ने बताया कि उनके बैंक का एटीएम चीमा चौराहे पर स्थापित है। बीती 1 अप्रैल की रात्रि करीब 1:15 बजे चोरों ने एटीएम में घुसकर एयर कन्डीशनर और एटीएम मशीन के कैमरे को चुरा लिया तथा एटीएम मशीन का एनएसजी लॉक व कॉस्मेटीक डोर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 379, 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है। चोरों की तलाश में पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। सीसीटीवी में कुछ संदिग्ध दिखाई दिये है। जिनकी पहचान की जा रही है। साथ ही कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ में पुलिस लगी है। जल्द ही पुलिस चोरो को पकड़ मामले का खुलासा करेगी।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यक्रम चंद्रावती तिवारी महाविद्यालय काशीपुर में सम्मान समारोह का आयोजन

देश की तरक्की को ब्राह्मण समाज हमेशा तत्पर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा का एक सम्मान समारोह चंद्रावती तिवारी महाविद्यालय काशीपुर में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर दीपिका गुड़िया आत्रेय रहीं।

भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर ब्राह्मण बंधुओं को प्रदेश महामंत्री उमेश जोशी ने ब्राह्मण गौरव से माला पहना कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। ब्राह्मण गौरव से सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता उत्तराखंड रत्न से भी सम्मानित शैलेंद्र कुमार मिश्रा को ब्राह्मण गौरव से सम्मानित किया गया। साथ ही डॉक्टर दीपिका गुड़िया, लता शर्मा ,शालिनी शर्मा, प्रभा तिवारी, प्रदीप जोशी को भी ब्राह्मण गौरव से सम्मानित किया गया। डॉक्टर दीपिका गुड़िया ने कहा कि ब्राह्मण समाज देश की तरक्की के लिए हमेशा तत्पर है। महानगर अध्यक्ष पंडित शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण अपनी कर्मठता,दृढ़ता, विनम्रता ,सहजता व संकल्प शीलता व उदारता से समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। एक दर्पण के रूप में प्रसारित करता है ,प्रदेश महामंत्री उमेश जोशी ने सभी ब्राह्मण बंधुओं को ब्राह्मण गौरव मिलने पर कहा कि ब्राह्मण अथक परिश्रम, शिक्षा ,प्रेम, समाज सेवा, दृढ़ संकल्प के प्रति हमेशा समर्पित रहता है।

इस मौके पर पंडित भास्कर त्यागी पंडित, पंकज पंत, संदीप चतुर्वेदी, प्रदीप जोशी, गिरीश चंद्र अधिकारी, पंडित लता शर्मा, पंडित प्रभा शर्मा,पंडित शालिनी शर्मा,पंडित विमल गुड़िया, पंडित विकल्प गुड़िया आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में ब्राह्मण समाज के लोगों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

हाईकोर्ट के आदेश पर डॉ. अवधेश कुमार होंगे डीन फिशरीज

पंतनगर : बीती 29 फरवरी को डीन फिशरीज के सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए सीबीएसएच कॉलेज के डीन को अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया था। मामले में हाईकोर्ट ने महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अवधेश कुमार को अधिष्ठाता का प्रभार सौंपने के आदेश दिए हैं। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में वरिष्ठता के आधार पर राज्यपाल के गजट नोटिफिकेशन-1989 को धता बताते हुए मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता का प्रभार वरिष्ठ प्राध्यापक एवं जलजीव पालन के विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार को न देकर अवैधानिक एवं मनमाने रूप से दूसरे संकाय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप अरोड़ा को दे दिया गया था। डॉ.अवधेश ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। हाईकोर्ट ने मंगलवार को 1989 की अधिसूचना और वरिष्ठता के आधार पर डॉ. अवधेश को अधिष्ठाता बनाए जाने के आदेश देते हुए 29 अप्रैल के डॉ. संदीप अरोरा को दिए गए डीन के प्रभार के आदेश पर स्टे कर दिया है। विवि प्रशासन ने डॉ. अवधेश के विरुद्ध लंबित जांच का हवाला दिया, जिसको हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया और विवि प्रशासन को फटकार लगाई है।

डॉ. अवधेश कुमार।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

अवैध शराब के धंधे में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी में लिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने कुल 90 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम श्याम नगर निवासी राम गोपाल को श्याम नगर स्थित तिलावोली पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 पाउच कच्ची शराब बरामद की। उधर, टांडा चौकी पुलिस ने भी रेलवे फाटक के पास कोयले की रैक के पास से ग्राम कनकपुर निवासी मलकीत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

तमंचा लेकर प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक पकड़ा

बाजपुर : नानकमत्ता साहिब थाना क्षेत्र का निवासी युवक तमंचा लेकर प्रेमिका से मिलने पहुंच गया। गांव वालों की सूचना पर बेरिया दौलत पुलिस ने युवक को महोली गुरुद्वारा साहिब के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सिसईखेड़ा थाना नानकमत्ता निवासी प्रगट सिंह (20) बताया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद किए। इसके चलते पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस टीम में बेरिया दौलत चौकी प्रभारी एसआई देवेंद्र सिंह मेहता आदि शामिल रहे।

दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के विनियमितीकरण की मांग

पंतनगर : क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के विनियमितीकरण की मांग की है। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि कृषि मंत्री सहित विवि के कुलपति को इस आशय के साथ भेजी है कि वह कर्मियों के नियमितीकरण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजें।

अवैध खनन के आरोप में तीन डंपर सीज किए

सुल्तानपुर पट्टी : तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, पटवारी दीपक चौहान ने गुरुवार को कोसी नदी में मिल रही अवैध खनन की शिकायत पर छापेमारी की। सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में अवैध खनन से भरे तीन डंपर सीज किए गए। तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बताया कि अवैध खनन पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

डेरों के स्वामित्व को लेकर हुई है बाबा की हत्या? पुलिस का दावा-जल्द ही कुछ और आरोपी गिरफ्त में होंगे

किसके इशारे पर दिलबाग ने हायर किए शूटर....!

संवाददाता, खटीमा/नानकमत्ता

अमृत विचार: क्या नानकमत्ता डेरा कारसेवा सहित तराई के विभिन्न डेरों के स्वामित्व को हथियाने के लिए ही बाबा तरसेम सिंह की हत्या की गई है ? बाबा की हत्या के लिए शूटरों को 10 लाख में हायर करने वाले दिलबाग सिंह के पीछे कौन है। जिसके इशारे पर यह जघन्य अपराध किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बाबा तरसेम सिंह की हत्या की ब्रीफिंग करते हुए स्पष्ट रूप से कहा है कि कुछ लोगों के इशारे पर दिलबाग सिंह ने दोनों शूटरों अमरजीत और सरबजीत को 10 लाख रुपये में हायर किया था। यह भी स्पष्ट किया है कि यह लोग नानकमत्ता डेरा सहित तराई के कई डेरों पर अपना स्वामित्व बनाना चाहते हैं। इस खुलासे के बाद अब पुलिस के सामने यह एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है कि यह लोग हैं कौन? जिनके इशारे पर दिलबाग सिंह ने 10 लाख में बाबा तरसेम सिंह की हत्या के लिए हायर किया था। एसएसपी मंजूनाथ ने यह भी बताया कि शूटरों को मोबाइल, हथियार, पैसा सहित समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, सतनाम सिंह, परगट सिंह और हरविंदर सिंह कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सुबह 6:30 घटना को अंजाम देने के बाद शूटर 8:30 बजे दिलबाग सिंह के यहां शाहजहांपुर पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि शूटर हथियार 17 मार्च को बाजपुर से लेकर आए थे जिसे चिन्हित कर लिया गया है और जल्द ही कुछ और लोग पुलिस की गिरफ्त में होंगे। यह भी बताया कि वर्षों से बाबा की छत्रछाया में रहे अमनदीप ने 6:12 बजे शूटरों को कॉल की थी कि बाबा अकेले हैं और खुद उसी गेट से बाहर चला गया। इसके तुरंत बाद उसी गेट से शूटरों ने आकर गोली मारकर हत्या कर दी। उधर, बाबा तरसेम सिंह की आत्मा की शांति के लिए रखे गए अखंड पाठ साहिब पर पहुंचकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका। उन्होंने कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी हर हाल में होगी। डीएम और एसएसपी ने कार सेवकों को ढाढ़स बंधाया।

बाबा हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

पकड़े गए चारों आरोपियों का है आपराधिक इतिहास

नानकमता :डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या की साजिश में शामिल पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नानकमता में दर्ज इस मुकदमे के अतिरिक्त भी कई मुकदमे दर्ज हैं। दिलबाग सिंह निवासी ग्राम कबीरपुर थाना निगोही जिला शाहजहांपुर के खिलाफ थाना निगोही में 2013 में 147, 186,132,352,353 आईपीसी और 2/3 के तहत मामला दर्ज हैं। वहीं दूसरे आरोपी हरविंदर उर्फ पिंदी निवासी रणधीरपुर थाना तिलहर जिला शाहजहांपुर के खिलाफ 2016 में थाना सदर बाजार शाहजहांपुर में धारा 420, 466, 468, 471, 506 आईपीसी तथा तीसरे आरोपी बलकार सिंह निवासी ग्राम बाधे कंजा थाना करेली जिला पीलीभीत के खिलाफ थाना करेली पूर्व थाना बिलसंडा पर हत्या का अभियोग दर्ज है।

एक दिन का किराया देकर 10 दिन सराय में कैसे रहे शूटर

नानकमत्ता : डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा की हत्या की साज़िश करने वाले शूटर गुरुद्वारा साहिब की सराय में दस दिन तक रहे जबकि इसकी भनक खुफिया विभाग को नहीं लगी। सराय में वे एक दिन का किराया देकर दस दिन तक कैसे रुके रहे यह भी सवाल उठ रहा है। बता दें कि डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या करने की योजना बनाकर आए दोनों शूटर 19 मार्च से गुरुद्वारा साहिब की सराय में एक दिन का कमरे का किराया देकर दस दिन तक रूके रहे। जबकि कमेटी का नियम है कि एक दिन के बाद अगर दूसरे या तीसरे दिन कोई रुकता है तो उन दिनों का हर रोज अलग-अलग किराया जमा करना होता है। यह भी नियम है कि उसके बाद यदि कोई चौथे दिन रुकना चाहता है तो कमेटी के संचालकों से अनुमति लेने के बाद ही रुक सकता है। जबकि बाबा के हत्यारे एक दिन का कमरे का किराया देकर दस दिन तक ठहरे और सराय के सेवादार और खुफिया विभाग को जरा भी भनक नहीं लगी। इससे पूर्व सात मार्च को बाबा तरसेम सिंह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हत्या की आशंका जाहिर कर दी थी।

सरबजीत पर 13 और अमरजीत पर 5 मामले हैं दर्ज

खटीमा : डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या करने वाले शूटर सरबजीत के खिलाफ 2006 से अब तक लूट, डकैती, हत्या सहित संगीन मामलों में 13 मामले थाना वैरोवाल, आदमपुर, पुआंडा बिहार, जंडियाला गुरु, तरसिक्का और नानकमता में दर्ज हैं। जबकि अमरजीत के खिलाफ 1991 में बिलासपुर रामपुर, 2007 में गदरपुर, 2011 में पुवायां शाहजहांपुर, 2014 में रुद्रपुर और 2024 में नानकमत्ता में मामले दर्ज हैं।

डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या करने वाले सरबजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू शातिर अपराधी हैं और यह सीधी हत्या है। जबकि सोशल मीडिया पर बाबा तरसेम सिंह सहित कई प्रकार की अफवाहें लोगों द्वारा फैलाई जा रही है। जिन्हें चिन्हित किया जा रहा है। अफवाहें फैलाने वालों और पुलिस के कार्य में बाधा डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। **-मंजूनाथ टीसी, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर**

ओवरलोड वाहनों से उड़ती धूल से परेशान ग्रामीणों ने लगाया जाम

दो घंटे जाम से जूझते रहे लोग, एसडीएम ने क्रशर मालिकों से की वार्ता, आश्वासन दिया

लामबंद

संवाददाता पंतनगर/शांतिपुरी

अमृत विचार : आनंदपुर में स्टोन क्रशर स्वामियों द्वारा सड़क की मरम्मत नहीं कराने और क्षतिग्रस्त मार्ग पर पानी का छिड़काव नहीं कराने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान दो घंटे तक सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। सूचना पर किच्छा एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने क्रशर मालिकों से वार्ता के बाद पानी का छिड़काव कराने के आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।

ग्राम आनंदपुर में चार स्टोन क्रशर (तराई, शुभम, नैनीताल नेचुरल व नईम स्टोन क्रेशर) मौजूद हैं। इनमें शांतिपुरी नंबर-तीन के इमली घाट गेट से ट्रैक्टर ट्रॉलियों और ओवरलोड डंपरों से खनन सामग्री पहुंचाई जाती है। इन ओवरलोड वाहनों से मार्ग बहुत जल्द क्षतिग्रस्त हो जाता है। बीती 15 मार्च को ग्रामीणों के समर्थन में यहां क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ पांच घंटे धरने पर बैठे थे। इसके बाद मौके पर पहुंचे रुद्रपुर एसडीएम मनीष कुमार, बेहड़ और स्टोन क्रशर स्वामियों की वार्ता के बाद स्टोन क्रशर स्वामियों ने लिखित में आश्वासन दिया था कि वह इस क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कराएंगे और जब तक मार्ग की मरम्मत नहीं होती, तब तक पानी का छिड़काव कराया जाएगा। वायदे के मुताबिक स्टोन क्रशर मालिकों की ओर से मुख्य मार्ग से स्टोन क्रशर के बीच लगभग एक किलोमीटर खस्ताहाल सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं कराए जाने के विरोध में ग्रामवासियों ने बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे से धरना प्रदर्शन करते हुए वाहनों का चक्का जाम कर दिया। इससे लगभग दो किलोमीटर लंबे जाम में फंसे राहगीरों, स्कूली बच्चों व सिडकुल में डयूटी करने वाले कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

आनंदपुर में सड़क पर पानी छिड़काव कराने की मांग को लेकर स्टोन क्रशर मालिकों के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

किच्छा-हल्द्वानी मुख्य मार्ग पर लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

हादसा करने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

पंतनगर: पलिया दरोवस्त उखली कटरा शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) की मूल निवासी और फूलबाग कालोनी पंतनगर की हाल निवासी राजबेटी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति मोहन (39) टाटा मोटर्स की एसएमसी कंपनी में हाउस कीपिंग का काम करते थे।

बीती 19 मार्च को वह को रोज की भांति अपने सहकर्मी नरेश निवासी झा कालोनी के साथ शाम तीन बजे ड्यूटी कर घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान हल्दी थाना की पुलिया के पास पीछे से एक महिला कार चालक ने उसके पति को टक्कर मार दी। जिससे उसके पति के सिर में गंभीर चोटें आईं। पति के साथ आ रहे नरेश ने उस महिला कार चालक को रोक लिया। तब उसने अपने साथी को बुलाया, जिसने उसके पति को जिला अस्पताल पहुंचाया और छोड़कर चला गया। डॉक्टरों ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। उसके पांच बच्चे हैं जिनके भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। वह पति के दाह संस्कार के लिए अपने गांव चली गई थी। इसलिए घटना की सूचना समय से नहीं दे सकी। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी नेबताया कि मामले में अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

खामियां मिलने पर दो क्लीनिक किए सील

काशीपुर में क्लीनिक पर छापा मारती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन टीम ने अनियमितताएं मिलने पर दो क्लीनिकों को सील कर दिया। अग्रिम कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी व जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट भेजी है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी व तहसील प्रशासन की टीम ने पुलिस के साथ बिना पंजीकरण क्लीनिक संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने बाजपुर रोड स्थित आलू फार्म के पास एक बंगाली क्लीनिक की जांच की। टीम ने क्लीनिक संचालक से जानकारी जुटाई, पता चला कि वह फार्मेसी डिग्री होल्डर है। जांच में पाया कि क्लीनिक पर आयुर्वेदिक व एलोपैथिक इलाज किया जा रहा था। क्लीनिक का कोई पंजीकरण नहीं मिला। इस पर टीम ने बाजपुर रोड स्थित वैशाली कॉलोनी में एक घर पर छापा मारा। जहां पर यूपी से जीएनएम का कोर्स किए एक महिला को गर्भवती महिलाओं का इलाज करते पाई गई। पता चला कि वह क्लीनिक में गर्भवती महिलाओं का इलाज व डिलीवरी करती है। क्लीनिक में डिलीवरी संबंधित सभी उपकरण मौजूद थे। क्लीनिक संचालक के पास किसी भी तरह का कोई पंजीकरण नहीं मिला। डॉ. साहनी ने बताया दोनों क्लीनिक को सीज करके रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

मामूली कहासुनी के बाद की गई फायरिंग

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। घटना में दोनों युवक बाल-बाल बच गए। आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने तथा जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 12, किच्छा निवासी जुबेर ने कहा कि 3 अप्रैल की रात्रि करीब 9 बजे पीड़ित के भाई उवेश तथा उसके मित्र प्रिंस बाबा का एचपी पेट्रोल पंप के निकट अजीम शाह, मुजम्मिल शाह व रिहान शाह के साथ झगड़ा हो गया था। उसके बाद प्रिंस बाबा अपने घर चला गया। जबकि छोटा भाई उवेश घर लौट रहा था। इसी दौरान ईदगाह के निकट पीड़ित जुबेर एवं छोटे भाई उवेश को वार्ड नंबर 15, कुरैशी मोहल्ला निवासी सलमान कुरैशी तथा वार्ड नंबर 19, सिरौली कला, किच्छा निवासी इमरान शाह ने घेर लिया और मारपीट करने लगे। आरोप है कि इस दौरान आरोपी इमरान तथा सलमान ने दो अवैध तमंचों से पीड़ित तथा दोस्त मेराज के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

फायर बिग्रेड के सिपाही की मौत

रुद्रपुर: जिला मुख्यालय फायर बिग्रेड में तैनात सिपाही की लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई।

गांव खेत धारचूला पिथौरागढ़ निवासी 38 वर्षीय महेश सिंह बुग्याल वर्ष 2011 बैच का फायर कर्मी था और वर्ष 2022 में जिला मुख्यालय स्थित फायर बिग्रेड में उसकी तैनात हुई थी। बताया कि सिपाही अपने परिवार के साथ गंगापुर रोड स्थित कॉलोनी में रहता था और एक सप्ताह पहले ही ब्रेन हेमरेज होने के कारण सिपाही को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। गुरुवार की सुबह नौ बजे के करीब फायर कर्मी ने दम तोड़ दिया। सीएफओ निशांत कटारिया, एफएसओ जीएस बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

राधा कुंड आश्रम के महंत की कुटिया को किया ध्वस्त

- **निगम की टीम पर आस्था को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया**
- **सूचना पर पूर्व विधायक ठुकराल पहुंचे, मूर्तियों को कब्जे में लिया**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नगर निगम की टीम ने शैलजा फार्म में राधा कुंड आश्रम के महंत की कुटिया को ध्वस्त कर दिया। टीम ने मूर्तियों को उखाड़कर पिकअप में डाल दिया। इस दौरान टीम पर आस्था को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया। इसकी भनक लगते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मौके पर पहुंच गए। इस पर निगम की टीम वहां से निकल गई। पूर्व विधायक ने मूर्तियों को अपनी गाड़ी में सम्मानपूर्वक रखकर हरिद्वार में विसर्जित करने का आश्वासन दिया।

जेसीबी से कुटिया ध्वस्त करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

मूर्तियों को कब्जे में लेते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल।

गुरुवार शाम को निगम के एसएनए दीपक गोस्वामी भारी पुलिस बल और जेसीबी के साथ गंगापुर मार्ग स्थित शैलजा फार्म राधा कुंड आश्रम प्रांगण पहुंचे। उन्होंने आश्रम के महंत बाबा राम बालक दास की कुटिया का सारा सामान बाहर निकाल फेंक दिया और जेसीबी से कुटिया को तोड़ दिया। आरोप है कि निगम कर्मी और चालक ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए मूर्तियों को उखाड़कर पिकअप के पीछे डाल दिया। जैसे ही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई। तो पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मौके पर पहुंच गए। जिसे देखकर टीम वहां से फौरन निकल पड़ी। मगर ठुकराल ने पिकअप को रोक दिया और नाराजगी जताते हुए पिकअप के पीछे बेअदब पड़ी मूर्तियों को उठाकर अपनी गाड़ी में रखा।

इन दो सालों में आश्रम में बनी उनकी कुटिया को कई बार तोड़ा जा चुका है, जबकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वह पिछले तीस सालों से राधा कुंड में गौशाला में सेवा कर रहे हैं। आरोप था कि भाजपा के कुछ नेता निगम से सांठगांठ कर भूमि पर कब्जा करने की फिराक में हैं। जिनके खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा भी दर्ज करवाया गया।
-बाबा राम बालक दास, आश्रम महंत

नगर निगम द्वारा शैलजा फार्म में अतिक्रमण हटाने के दौरान आस्था पर कुठाराघात किए जाने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। निगम की टीम वहां किस कारण गई और आस्था का कोई ध्यान नहीं दिया जो कि निंदनीय है। इस प्रकार के कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएनए से मामले की जानकारी ली जाएगी।
-शिव अरोरा, विधायक, रुद्रपुर

रुद्रपुर विधानसभा में ज्यादातर धार्मिक स्थल नजूल भूमि पर बने हुए हैं। उनके कार्यकाल में 200 से अधिक धार्मिक स्थलों का निर्माण कराया गया है। कानूनी दायरे में समाज हित में कार्य करना चाहिए। आस्था के प्रतीक मूर्तियों को अपमानित किया है। सरकार के नुमाइंदों को चिंता करनी चाहिए।
-राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक, रुद्रपुर

कार्रवाई | मामला भूरारानी इलाके का, पांच बार बेचा गया प्लॉट, पुलिस ने पीएनबी कर्मचारियों पर भी दर्ज की रिपोर्ट

बैंक का फर्जी लोन दिखाकर प्लॉट हड़पने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कोतवाली इलाके के भूरारानी में प्लॉट पर फर्जी लोन दिखाकर इसे हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद सहित पीएनबी के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार स्वागत इनक्लेव भूरारानी निवासी मनोज कुमार का कहना था कि 26 जुलाई 2021 को ग्राम भूरारानी में 167.28 वर्ग मीटर का एक प्लॉट खरीदा था। उस वक्त विक्रेता ने प्लॉट पर किसी भी प्रकार का बैंक लोन नहीं होने का आश्वासन दिया था। उसी आश्वासन के आधार पर वर्ष 2022 में प्लॉट पर मकान का निर्माण कर दिया और दाखिल खारिज, रजिस्ट्री सहित सभी अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करवा लिया था।

आरोप था कि मार्च 2023 को पीएनबी के कर्मचारी आए और मकान पर नोटिस चस्पा कर दिया। पूछा तो बताया कि मनीष गर्ग द्वारा वर्ष 2009 में पीएनबी बैंक से लोन लिया था और लोन चुकता नहीं करने पर लोन धारक को फर्जी घोषित कर दिया गया। साथ ही रिकवरी के तौर पर प्लॉट की नीलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जब जांच की तो पता चला कि इसी प्लॉट को वर्ष 2009 से पांच बार बेचा गया है और प्लॉट पर किसी भी प्रकार का कोई बैंक लोन नहीं है। इससे साफ प्रतीत होता है कि मनीष गर्ग और पीएनबी बैंक ऊंचा पुल हल्द्वानी के कर्मचारियों की मिलीभगत से कूट रचना रची गई और प्लॉट व रकम हड़पने का षड्यंत्र रचा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एनएच की भूमि को धोखाधड़ी से महिला को चार लाख में बेचा

काशीपुर : राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अधिकृत की गई भूमि को एक व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर एक महिला को चार लाख रुपये में बेच दिया। बाद में जब पीड़ित महिला ने अपनी रकम मांग की तो आरोपी उसे धमकी देने लगा। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। टांडा उज्जैन निवासी अनीता भटनागर पत्नी विनोद कुमार भटनागर ने कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 17 जनवरी 2019 को उसने एक जमीन ग्राम खेड़ा लक्ष्मीपुर, तहसील जसपुर निवासी मोहम्मद उमर से चार लाख में खरीदी थी। जिसका दाखिल खारिज भी तहसील काशीपुर में हो चुका था। इसके बाद महिला ने जमीन अलग-अलग लोगों को बेचने के लिए दाखिल खारिज तहसील पहुंची तो पता चला कि मोहम्मद उमर से खरीदी जमीन साल 2014 में एनएच में चली गई है। जिसका मुआवजा भी उमर ने प्राप्त कर लिया है। इसके बावजूद उमर ने धोखाधड़ी की नियत से उसको एनएच की जद में आई जमीन महिला को बेच दी। महिला का आरोप है कि रकम वापस मांगने पर उमर ने गाली गलौज व धमकी दी। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अपनी जमीन पर जल्द बनेगा बस डिपो

संवाददाता, काशीपुर

- **आईटीआई के पास चार एकड़ जमीन पर बनेगा रोडवेज डिपो**

अमृत विचार: आईटीआई के पास करीब चार एकड़ भूमि पर जल्द ही हाईटेक रोडवेज डिपो बनेगा। इसके लिए शासन स्तर से 11 करोड़ की मंजूरी हो गई है। परिवहन निगम के अधिकारी चुनाव के बाद निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारियों में हैं।

मोहल्ला पटेलनगर के पास कई सालों से रोडवेज डिपो बनाया गया है। मरम्मत नहीं होने से डिपो बदहाल है। भवन में दरारें तक आ गई हैं। रही सही कसर आरओबी ने पूरी कर दी है। आरओबी निर्माण होने से बाहर से आने वाली अधिकांश बसें डिपो में नहीं आकर दूसरे रूटों से निकल जा रही हैं। इसका सीधा असर डिपो के आय पर पड़ रहा है। जो डिपो नौ लाख रुपये रोजाना कमाता था, आज इनकम सात लाख के आस-पास हो गई है। इसी को देखते हुए डिपो को शहर से बाहर बनाए जाने की कवायद शुरू हुई। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के प्रयासों से आईटीआई के पास सिडकुल की भूमि को चिन्हित किया गया। बताया कि भूमि भी रोडवेज डिपो के नाम हो गई है। निर्माण के लिए 11 करोड़ का बजट मिल गया है। विधायक ने बताया कि जल्द ही निर्माण काम शुरू किया जाएगा। 1982 में शहर रोडवेज डिपो बनाया गया था। आईटीआई के पास डिपो बनने से कई लोगों को रोजगार मिलेगा। यात्रियों के लिए सुविधा भी मिलेगी।

रोडवेज डिपो में पानी तक की व्यवस्था नहीं

काशीपुर : रोडवेज डिपो 1982 में बनाया गया था। तब यात्रियों के लिए सारी व्यवस्थाएं थी। लेकिन अब रोडवेज डिपो में पीने का पानी तक नहीं है। ऐसे में यात्रियों को दुकानों से पानी की बोतलें खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। बताया कि परिवहन विभाग ने सिडकुल को जमीन का पैसा दे दिया है।

दो परिचालक और मिले

काशीपुर : डिपो के एआरएम अनिल सैनी ने बताया कि डिपो में बसों के संचालन के लिए परिचालकों की संख्या करीब सौ थी। गुरुवार को दो और नए परिचालक आए हैं। अब संख्या बढ़कर 102 हो गई है।

सार-संक्षेप

खटीमा महाविद्यालय में बच्चों को जागरूक करती टीम।

महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

खटीमा : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन' (स्वीप) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं मतदाता शिक्षा को एक अभियान के रूप में संचालित किया गया। स्वीप टीम के डॉ. केके मिश्रा ने इस अभियान के अंतर्गत डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत युवा मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील करते हुए उन्हें मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने आस पास रहने वाले बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। टीम द्वारा शहर के मतदाताओं को जागरूकता पोस्टर भी वितरित किए। इस दौरान डॉ. हरेंद्र मोहन, डॉ. वीएन पांडेय, डॉ. प्रशांत जोशी आदि मौजूद रहे।

जसपुर में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जसपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया

जसपुर : भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से जिताने के लिए जनसंपर्क किया गया। साथ ही 19 अप्रैल को भाजपा के समर्थन में मतदान करने की अपील की गई। जनसंपर्क में पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष अशोक खन्ना, महेश प्रजापति, विशाल कुमार, दीपक अरोरा, सुधीर बिश्नोई, रूबी पधान, नरेश कश्यप, महेंद्र कश्यप आदि शामिल रहे।

शांतिपुरी में बैठक को संबोधित करते पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट।

शांतिपुरी में कांग्रेसियों ने किया चुनावी रणनीति पर मंथन

शांतिपुरी : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एक बैठक आयोजित कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। बैठक का संचालन कर रहे ऊधमसिंह नगर जिले के पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष एवं प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी सात अप्रैल को शांतिपुरी में आयोजित पार्टी प्रत्याशी प्रकाश जोशी की जनसभा को सफल बनाने की रणनीति पर सुझाव मांगे। बैठक में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं से भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों को जनता के समक्ष रखने की अपील की। चुनावी बैठक में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ0 गणेश उपाध्याय, डॉक्टर बीडी जोशी, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, विनोद कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, प्रधान पति कैलाश जोशी, प्रेम आर्या, भगत सिंह कोरंगा, प्रकाश बोरा, खड़क सिंह टकुली, मनोहर जोशी, प्रभु जोशी, नारायण सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

श्रीपुर बिचवा के नव चेतना में विजेताओं को प्रमाण पत्र देते अतिथि।

अंग्रेजी लेखन में गुंजन, मिताली, सोनाक्षी ने बाजी मारी

खटीमा : नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिचवा में तीन ग्रुपों में आयोजित अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में गुंजन कापड़ी ने प्रथम, मयंक दिवाकर ने द्वितीय और श्रेया चंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे ग्रुप में मिताली प्रथम, मानसी पाठक द्वितीय और आयशा व भावेश पांडे संयुक्त रूप से तृतीय रहे। तीसरे ग्रुप में सोनाक्षी बुंगला प्रथम, नेहा बरना, प्राची द्वितीय तथा आयुष ओली व नेहा जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रबंधक विनोद कापड़ी, प्रधानाचार्या सुमन कापड़ी ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोज भट्ट, मंजू चंद, भूपेंद्र बोहरा, रीता कापड़ी, अंजली चंद, गोदावरी चंद, अभिषेक राना, गीता राना, विनीता, निकिता आदि उपस्थित रहे।

स्ट्रांग रूमों में नजर रखने के लिए पर्याप्त सीसीटीवी लगाएं

ईवीएम कंट्रोल रूम की मानकों के अनुसार की जाए सुरक्षा व्यवस्था, जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

सतर्कता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए बगवाड़ा मंडी में बनाये गये स्थल का जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी स्ट्रांग रूम की खिड़कियां बंद करने, विद्युत व्यवस्था सुव्यवस्थित करने के साथ ही स्ट्रांग रूम के बाहर मेन स्वीच लगाने व स्ट्रांग रूमों में पैनी नजर रखने के लिए पर्याप्त सीसीटीवी लगाने व सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम कंट्रोल रूम की मानकों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश नोडल पुलिस को दिए।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल में विधानसभावार मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान के बाद मतदान सामग्री एवं ईवीएम जमा करने के लिए सुव्यवस्थित बैरिकेटिंग करने के निर्देश दिए। ताकि मतदान कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभावार साइन बोर्ड व पूछताछ सहायता केंद्र बनाये जाएं। मतगणना कक्षों में जाली लगाकर कवर करें और प्रत्याशी एजेंटों के लिए टेबलवार व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन मीडिया सेंटर के लिए स्थान चिह्नित कर व्यवस्थाएं करें। इस अवसर पर नोडल निर्वाचन व मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नोडल पुलिस चंद्रशेखर घोड़के, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट, उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, नोडल वैरिकेटिंग राजेन्द्र प्रसाद, एआरटीओ निखिल आदि मौजूद थे।

बगवाड़ा मंडी में मतगणना स्थल का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

गीतों, कविताओं और रैली के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया

रुद्रपुर : 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए स्वीप की अलग-अलग टीमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गीतों, कविताओं और रैली निकालकर मतदान के लिए जागरूक कर रही है। इसके अलावा लोगों को मतदान की शपथ भी दिलायी जा रही है। ताकि लोग जागरूक हों और अधिक से अधिक मतदान कर सकें। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह व नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार के निर्देशन में फौजी मटकोटा, दिनेशपुर और रुद्रपुर में कृषि विभाग एवं स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान और रैली का आयोजन किया गया। जहां क्षेत्र की जनता को मतदान के प्रति रैली निकाल कर जागरूक किया गया। मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा ने कृषकों से मतदान करने की अपील की। वहीं स्वीप टीम के द्वारा ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार और क्षेत्र के बीएलओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान गीतों व कविताओं व मतदाता शपथ के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया गया। यहां सहायक नोडल स्वीप व्योमा जैन, पिंकेश, पारस, आशा सरकार, मेघा बोस आदि उपस्थित रहे। इधर स्वीप टीम की ओर से मुखर्जी नगर में बंगाली समाज के मतदाता और बीएलओ द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, सहायक नोडल स्वीप व्योमा जैन, पिंकेश, क्षेत्र के किसान व जनता उपस्थित रही।

ट्रांजिट कैंप में मतदान के लिए शपथ दिलाती स्वीप की टीम। ● अमृत विचार

एनसीसी कैडेट्स के साथ प्राचार्य डॉ. पंत और अन्य। ● अमृत विचार

एनसीसी कैडेट्स से भराए गए शपथ पत्र

रुद्रपुर : एसबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप टीम की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय के एनसीसी के छात्र-छात्राओं के साथ मतदाता शपथ पत्र भरवाकर छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान करने और अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डीसी पंत, प्रो. आशा राणा, प्रो. रविंद्र सैनी, प्रो. हेमलता सैनी, प्रो. मनोज पांडे, डॉ. अंचलेश, डॉ. विकार हसन खान आदि उपस्थित रहे।

चुनाव को लेकर सीमा पर कड़ी निगरानी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे पुलिस प्रशासन लगातार चौकसी बढ़ा रहा है। जगह-जगह लगातार वाहनों की जांच की जा रही है।

बाजपुर के दोराहा उत्तराखंड-यूपी बॉर्डर पर उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड में प्रवेश होने वाले समस्त वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस दौरान दोराहा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने बताया कि ऊधमसिंह नगर एसएसपी मंजूनाथ टीसी के निर्देशानुसार बॉर्डर पर दूसरे राज्यों से आने वाले दोपहिया चौपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि बॉर्डर पर गठित एसएसटी, एफएसटी तथा पुलिस के अन्य दस्ते चेकिंग अभियान में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों को चेकिंग के बाद ही उत्तराखंड में एंट्री दी जा रही है। वहीं मौके पर वीडियो ग्राफी भी करवाई जा रही है और उनका रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते शराब अन्य नशीले पदार्थ व पैसा आवंटन ना हो इसको लेकर पुलिस पूरी निगरानी रखे हुए है।

उन्होंने बताया कि दोराहा उत्तराखंड यूपी बॉर्डर पर लगातार भारी वाहनों बस, कार, ट्रक, कैंटर, पिकअप, बाइक आदि की लगातार तलाशी कर जांच की जा रही है। गुरुवार को एसआई धीरेंद्र सिंह परिहार ने संघन चेकिंग अभियान चलाकर 12 मोटरसाइकिलों की चालानी कार्रवाई कर 6000 रुपये की धनराशि वसूली। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों में अफरातफरी बनी रही। चेकिंग के दौरान पुलिस के अलावा एसएसबी के जवान भी तैनात रहे।

बाजपुर के दोराहा उत्तराखंड-यूपी बॉर्डर पर चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

एसएसटी टीम ने चेकिंग में कार से बरामद की 6 लाख की नगदी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के चलते प्रदेश के बार्डर पर तैनात एसएसटी ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 6 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। कार सवार नकदी से संबंधित कोई भी वैध कागजात मौके पर उपलब्ध नहीं करवा पाए। इसके चलते नगदी को फिलहाल जब्त कर लिया गया है।

गुरुवार को एसएसटी प्रभारी दीपक वर्मा की अगुवाई में बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में लोहिया पुल पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान वहां पहुंची कार संख्या (डीएल1/जेड5573) की चेकिंग की गई तो लाखों रुपये की नकदी बरामद हुई। गिनती करने पर यह 6 लाख रुपये निकले। पूछताछ करने पर कार सवार साकेतनगर अजमेर राजस्थान निवासी कमलकिशोर ने टीम को बताया कि उनका ट्रांसपोर्ट का कारोबार है और इसी से संबंधित वह यह नकदी लेकर गुड़गांव होते हुए धामपुर जा रहे थे। कोई भी वैध प्रपत्र नहीं दिखाए जाने के चलते नकदी को जब्त कर लिया गया है जिसे सरकारी खजाने में जमा करवाया जा रहा है। टीम में एसएसटी प्रभारी दीपक वर्मा, एसआई कुसुम रावत, दिनेश थपलियाल, गुरनाम सिंह आदि शामिल रहे।

बाजपुर विधानसभा के अंतर्गत लोहियापुल से बरामद नगदी को गिनती टीम।

कॉलोनीवासियों ने ईओ को ज्ञापन सौंपा

बाजपुर : हिंदू आबादी क्षेत्र में अवैध रूप से प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं को काटे जाने पर रोक लगाने की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को संबोधित ज्ञापन दिया। नगरपालिका के वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर के कुछ लोग एकत्रित होकर नगरपालिका कार्यालय जा पहुंचे और ईओ को संबोधित ज्ञापन कार्यालय में सौंपा। उनका कहना था कि मोहल्ला केशवनगर में गंदे नाले के पास दो परिवारों द्वारा अवैध रूप से गोवंशीय पशु काटे जा रहे हैं। साथ ही अनुपयोगी मांस के टुकडे, खुलेआम नाले में फेंक दिया जाता है। जिसे कौवे व चील आदि उठाकर आसपास के घरों की छतों व आंगनों में गिरा जाते हैं। वहां बसे हिंदू परिवारों का रहना कठिन हो गया है। इस मौके पर कृष्ण कुमार शर्मा, विजय त्यागी, सुनील सैनी, सीपी सिंह, संध्या शर्मा, रमेश, सतीश मौर्य मौजूद रहे।

बाइक सवार दो नशा तस्करों को दबोचा

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ नशे के 51 प्रतिबंधित इंजेक्शन किए बरामद, मुकदमा दर्ज

अमृत विचार : पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 51 प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है।

मंडी चौकी पुलिस ने मुरादाबाद रोड स्थित कुदइय्योंवाला चौराहा के पास चेकिंग की। इस दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति मुरादाबाद की ओर से आते हुए दिखाई दिए। जो पुलिस को देख घबराकर बाइक मोड़कर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने दोनों को घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से पुलिस को नशे के 51 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए। दोनों के पास से बाइक के वैध कागजात भी नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश किया। साथ ही बाइक को सीज कर दिया। पुलिस टीम में मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद, एसआई मनोज धौनी, कांस्टेबल सुमित कुमार, त्रिलोक सिंह, चंदन सिंह शामिल रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

उपलब्धि | हरिद्वार में हुई 10वीं ग्रेवल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप-2024 में दिखाया दम

बाजपुर के तीन खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: हरिद्वार में हुई 10वीं ग्रेवल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप-2024 में बाजपुर के एक दिव्यांग सहित तीन खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वापस लौटे खिलाड़ियों का गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

बताया गया कि इस चैंपियनशिप में बाजपुर के नेशनल खिलाड़ी जगजीत सिंह ने बाडी वेट 75 किलोग्राम में 160 किलोग्राम डैट लिफ्ट और 95 किलोग्राम वेंचप्रेस लगाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार शमशाद अली ने बाडी वेट 66 किलोग्राम में 170 किलोग्राम डैट लिफ्ट व 95 किलोग्राम वेंचप्रेस लगाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके अलावा दिव्यांग खिलाड़ी गुरविंदर सिंह ने दिव्यांग वर्ग में 90 किलोग्राम डैड लिफ्ट और 60 किलोग्राम वेंचप्रेस लगाकर गोल्ड मेडल जीता है। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता विमल शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री केलाखेड़ा आशीष ठाकुर, जगदीश श्रीवास्तव, तनिकेत पासी, अजय कुमार आदि शामिल थे।

बाजपुर में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

बैसाखी पर गुरुद्वारे में होंगे धार्मिक कार्यक्रम

बाजपुर: गुरुद्वारा साहिब बाजपुर में बैसाखी पर्व 13 अप्रैल को प्रातः दस बजे से समागम होगा। समागम में पंथ प्रसिद्ध ढाडी, रागी, कथावाचक गुरुवाणी का यशगान करेंगे। इस अवसर पर अमृतपान भी कराया जाएगा।

गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधक बलविंदर सिंह ने बताया कि 11 अप्रैल को समागम को समर्पित अखंड पाठ साहिब प्रारंभ होंगे। 13 अप्रैल को प्रातः दस बजे भोग के उपरांत दीवान सजाए जाएंगे। इसमें भाई गज्जन सिंह गडगज का ढाडी जत्था, दरबार साहिब हरमंदर साहिब से भाई डॉ. जितेंद्र सिंह का रागी जत्था तथा अमृतसर पंजाब से प्रिंसिपल मनजीत कौर, कथावाचक हजूरी रागी भाई विचित्र सिंह, हजूरी ग्रंथी भाई गगन दीप सिंह आदि गुरुवाणी का यशगान करेंगे।

सार-संक्षेप

किच्छा में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

किच्छा : भाजपा कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग टीम बनाकर नगर क्षेत्र में मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की जनता से अपील की। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल एवं विवेक राय के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने नई सुनेहरी, वार्ड नंबर 11 में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान भाजपा नेता सचिन चावला, मोहन चोपड़ा, सुरेंद्र सिंह, मनीष कोहली, रमेश कुमार, जसवीर सिंह, पप्पू कोहली, फहीम मलिक, गेंदा लाल, विक्की, कमल सिंह, राम बहादुर, गब्बर सिंह, हरीश कुमार, लल्ला बाबू आदि मौजूद रहे।

किच्छा में कांग्रेस के पक्ष में जनसंपर्क करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क

किच्छा : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में कांग्रेसियों ने नगर के तमाम क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने बंडिया भट्टा, हल्द्वानी मार्ग, चीनी मिल कॉलोनी क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क में महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिमरनजीत कौर, ओमप्रकाश दुआ, दिलीप सिंह बिष्ट, धर्मेंद्र सिंधी, मेजर सिंह, परमजीत सिंह, जगरूप सिंह गोल्डी आदि मौजूद रहे।

खटीमा में भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

भाजपा का स्थापना दिवस मनाने की तैयारी

खटीमा : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक में विधानसभा प्रभारी दान सिंह रावत ने कहा कि छह अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता स्थापना दिवस पर पार्टी फंड में अपना अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर खटीमा विधानसभा में पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुखों का एक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, संतोष अग्रवाल, अमित पांडे, नवल वाल्मीकि, राहुल सक्सेना आदि थे। रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे।

एनएसएस स्पेस में श्री चैतन्या स्कूल बना विजेता

सितारगंज : अमेरिका की एनएसएस स्पेस प्रतियोगिता में श्री चैतन्या स्कूल फिर विजेता बना। श्री चैतन्या स्कूल की डॉयरेक्टर सीमा ने कहा कि एनएसएस द्वारा तीन नगद पुरस्कार घोषित किए गए, जिनमें से दो नगद पुरस्कार श्री चैतन्या द्वारा लगातार दूसरी बार हासिल किया।

50 पाउच अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

जसपुर : पुलिस ने एक महिला को 50 पाउच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जसपुर कोतवाली अन्तर्गत ग्राम किशनपुर निवासी महिला अपने घर के बाहर अवैध शराब बेच रही थी, तभी उसे गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 50 पाउच शराब बरामद की गई।

तालाब में गिरकर गाय घायल, गौसेवकों ने किया रेस्क्यू

जसपुर : एक लावारिस गाय चरते समय तालाब में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। गौसेवकों ने रेस्क्यू कर घायल गाय को तालाब से बाहर निकाला। गौरक्षा के सक्रिय संस्था उत्तरी देवधाम जन कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष महाराज सिंह चौहान ने बताया कि नादेही चीनी मिल रोड पर गांव राजपुर के पास एक गाय सड़क के किनारे तालाब में गिरकर घायल हो गई। इस पर उन्होंने राजपुर के प्रधान फखरुद्दीन मलिक व आसपास के लोगों की मदद से रेस्क्यू कर गाय को बाहर निकाला। गाय की पिछली दाहिनी टांग टूट गई है। उन्होंने गाय का उपचार कराने के लिए मौके पर डॉक्टरों की टीम बुलाई। लेकिन इसका उपचार संभव नहीं हो पाया। वे शुक्रवार को देशी डॉक्टरों से गाय का उपचार कराएंगे।

दिनेशपुर में आज से तीन दिवसीय मतुआ महामेला

मधुकृष्णा त्रयोदशी की पुण्यतिथि पर कल कामना सागर में होगा स्नान

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में तीन दिवसीय मतुआ महामेला 5 से 7 अप्रैल तक प्रशासन की देखरेख में दूसरी बार कराया जा रहा है। 6 अप्रैल को श्री हरीचांद गुरुचांद धर्म मंदिर स्थित कामना सागर में मधुकृष्णा त्रयोदशी की पुण्यतिथि पर प्रातः 7 से दोपहर 1.20 बजे तक महावारुणी स्नान होगा।

गुरुवार को न्यायालय सिविल जज (जूडि) रुद्रपुर के आदेश पर उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय के निर्देश पर तहसीलदार लीना चंद्रा को महावारूणी मेलाप्रभारी नियुक्त किया गया। प्रशासन ने महावारूणी स्नान एवं मेले के सफल आयोजन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मेलाधिकारी तहसीलदार लीना चंद्रा के नेतृत्व में नगर पंचायत व पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ दोनों वादीपक्षों के दो-दो प्रतिनिधियों को सदस्य बनाया।

श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर।

दोनों पक्षों को चेतावनी देते हुए वादग्रस्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करने की हिदायत दी। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सरोज गौतम, थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत, राजस्व निरीक्षक लक्ष्मण राम, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, लेखाधिकारी निर्मल पांडे, कर निरीक्षक देव कुमार के अलावा दोनों वादीपक्षों से डॉ. सुधीर राय, सुभाष सरकार, आशुतोष राय, संतोष राय को मेला आयोजन कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

अजय भट्ट से की काशीपुर को जिला बनाने की मांग

काशीपुर: वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने की काशीपुर को जिला बनाने की मांग की। गुरुवार को रक्षा राज्य मंत्री नैनीताल क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट का काशीपुर बार एसोसिएशन ने स्वागत किया। इस मौके व वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि काशीपुर को जिला बनाए जाने की मांग की।

काशीपुर की जनता की सबसे पुरानी व मुख्य मांग है। परंतु किसी भी सरकार ने आज तक इस और ध्यान नहीं दिया। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि काशीपुर जिले की मांग को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर हरभजन सिंह चीमा, ऊषा चौधरी, खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर चंडोक, गिरीश तिवारी, दीपक बाली, हरीश नेगी आदि मौजूद थे।

समर और अदिति का नवोदय में चयन

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार: स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के छात्र समर कुमार पुत्र अशोक कुमार एवं छात्रा अदिति चौहान पुत्री विनोद चौहान का सत्र 2024-25में कक्षा 6 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर में चयन हुआ है। विद्यालय प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख एवं कमलजीत कौर ने दोनों को सम्मानित किया। होनहार बालिका अदिति चौहान के पिता विनोद चौहान स्वयं नवोदय के अनुशासित छात्र रहे हैं। जो जूनियर हाई स्कूल नकुलिया में बतौर अध्यापक कार्यरत हैं। अदिति की मां भी इसी विद्यालय में अध्यापिका हैं।

समर कुमार।

अदिति चौहान।

गौरव ने नवोदय की परीक्षा पास की

शांतिपुरी : शांतिपुरी निवासी छठी कक्षा के छात्र गौरव कोरंगा पुत्र ईश्वर सिंह कोरंगा ने जवाहर नवोदय की प्रवेश परीक्षा पास की है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर के गायत्री विहार फेज-1 स्थित वीजे डिफेंस एकेडमी में छात्र गौरव कोरंगा विकास जोशी के दिशा निर्देशन में एक साल से कर रहे थे। छात्र गौरव कोरंगा के वीजे डिफेंस एकेडमी के विकास जोशी, विद्यालय सैम मानेकशॉ स्कूल के स्टाफ एवं परिजनों ने बधाई दी है।

लखनऊ में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले जसपुर के खिलाड़ी।

जु-जित्सू में जसपुर के पांच खिलाड़ियों ने पदक जीते

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: जसपुर के पांच खिलाड़ियों ने लखनऊ में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय जु-जित्सू प्रतियोगिता में पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक चौक स्टेडियम, लखनऊ में प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें एकता ने अंडर 12 आयु वर्ग के 28 किलोग्राम भार वर्ग में, निवाजा एवं फाइटिंग में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आयुषी ने अंडर 14, -40 किलोग्राम भार वर्ग में निवाजा एवं फाइटिंग में गोल्ड व सिल्वर मंडल प्राप्त किया। पवित्रा ने अंडर 14, -44 किलोग्राम भार वर्ग में निवाजा में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। लक्ष्य ने अंडर 14, -56किलोग्राम भार वर्ग में नि-वाजा एवं फुल कांटेक्ट में प्रतिभाग कर एक गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल हासिल किए। कोच अभिषेक राजपूत ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए बच्चे 3 से 4 घंटे की ट्रेनिंग करते थे। इस अवसर पर जिला जुजित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा, वसीम खान, हिमा भट्ट, कैनाथ लाल, कमल सिंह आदि ने बधाई दी।

मानव बलि सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला कृत्य : हाईकोर्ट

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मानव बलि देने वाले आरोपी की सजा को बरकरार रखते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि बच्चों की बलि सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला कृत्य है। ऐसी सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने के लिए सभी को इसकी निंदा करनी चाहिए। ऐसे मामले अंधविश्वास और हमारे समय की दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकताओं का एक निकृष्ट उदाहरण है। उपरोक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने 47 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद गौड़ को दी गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखते हुए दोषसिद्धि के खिलाफ उसकी याचिका खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार 12 अप्रैल 2023 को शिकायतकर्ता अपनी पत्नी गंगोत्री, बेटी, दामाद और अपने 11 महीने के शिशु (मृतक) के साथ झाड़- फूंक द्वारा पत्नी की मानसिक बीमारी का इलाज करने के लिए मेले में जा रहे थे। मेले में एक 'ब्रह्म बाबा स्थान' था, जहां भूत-प्रेत भगाने का काम किया जाता था।

श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के छठे वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

सितारगंज। श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के छठे वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में सांस्कृतिक वेशभूषा पहने महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुईं। इससे पूर्व आचार्य दिनेश भट्ट ने वैदिक मंत्रों से भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं मां दुर्गा का पूजन कराया। पूजन में यजमान निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष रवि रस्तोगी ने बताया कि शाम को सुंदरकांड का पाठ होगा एवं शुक्रवार की प्रातः 8:00 बजे हवन और 12:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, महंत दुर्गा प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, संघ प्रचारक ऋषभ कुमार, राहुल रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, राधेश्याम रस्तोगी, रमन चंद्रा, प्रिंस रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

हाईकोर्ट ने प्रगति रिपोर्ट न देने पर राज्य सरकार पर 30 हजार का जुर्माना लगाया

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने कब्रिस्तान की भूमि पर हुए अतिक्रमण के मामले में पूर्व में दिए आदेशों पर सरकार की ओर से अभी तक प्रगति रिपोर्ट पेश नहीं करने के मामले में सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार पर तीस हजार का जुर्माना लगाया है।

मामले के अनुसार काशीपुर की मौलाना आजाद सेवा समिति में वर्ष 2015 में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि 1375 में बंदोबस्त था उस जगह पर कब्रिस्तान दर्ज है। अब वहां पर लोग अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। नियमों के अनुसार कब्रिस्तान के नेचर को बदला नहीं जा सकता, यानी उसकी जगह भूमि का कोई दूसरा उपयोग नहीं किया जा सकता, इसलिए ये कब्जे नहीं किए जा सकते हैं। याचिका में कहा गया कि सेटेलमेंट ऑफिसर कभी भी बंदोबस्त से खसरा नंबर बदल नहीं सकता। इस जनहित याचिका को 16 मार्च 2015 को निस्तारित करते हुए न्यायालय ने जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। राज्य सरकार ने इस आदेश के चार वर्ष बाद एक पुर्नविचार याचिका दाखिल की जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए सरकार को जवाब सहित प्रगति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। वर्ष 2020 से अभी तक प्रगति रिपोर्ट पेश नहीं की गई। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार पर पचास हजार रूपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए लेकिन सरकारी अधिवक्ता के अनुरोध पर तीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया।



वर्ग पहेली-30

बाएं से दाएं

4. 1. वह वस्तु जिसपर रंग-बिरंगे बेल-बूटे
5. 1. मुड़ना 2. चक्कर लगाना, घूमना 3. (ज्योतिष) किसी ग्रह का अपने पथ से विचलित होना।
6. अनुमान करने योग्य, जिसे अनुमान से जाना जा सके।
7. 1. साथ रहने वाली स्त्री, साथिन, सहचरी 2. पत्नी, भार्या 3. सखी, सहेली
8. संस्कृत भाषा।
9. 1. माशूक 2. प्रिय, प्रेमी 3. प्रेमपात्र।

ऊपर से नीचे

1. बरगद की जाति का एक प्रसिद्ध वृक्ष।
2. समुद्र तट पर पानी के ऊपर बना लकड़ी का वह चबूतरा या स्थान जहां जहाज़ों पर माल लादा और उतारा जाता है।
3. 1. बेसुध 2. अचेत, बेख़बर, संज्ञाहीन 3. दुर्दशाग्रस्त 4. मरणासन्न 5. व्याकुल, बेचैन।
5. बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य का समय, बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य की स्थिति।
6. 1. यज्ञादि के समय किया जाने वाला स्नान 2. यज्ञ 3. शराब चुआना, आसवन 4. ख़मीर 5. कांजी।



वर्ग पहेली -29 का हल

1 जो						2 म
3 श	रा	बो	4 र			र
न			5 ज़ा	दे	रा	ह
			मं			म
6 बु	7 नि	या	दी		8 पू	
	ग			9 वी	थि	का
10 मुँ	ड़	ना			का	

सुडोकू -109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

					4	7		9
4		1		3		8		
		2		5		4		
2	7						3	4
		5				9		
6	8			9			5	
		3				2		
		7		4		5		6
9			7					

सुडोकू -108 का हल

4	2	3	7	6	9	8	1	5
8	6	1	5	4	3	7	2	9
9	7	5	1	8	2	3	4	6
1	3	7	6	9	5	4	8	2
6	5	8	3	2	4	1	9	7
2	4	9	8	1	7	6	5	3
3	9	2	4	7	8	5	6	1
5	8	6	9	3	1	2	7	4
7	1	4	2	5	6	9	3	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-एकादशी 13 .28 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-धनिष्ठा 18 .07 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

वृष — आज फिर भी किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। छोटे बच्चों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है। करियर के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मिथुन — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। आप अनुसंधान के मूड में हो सकते हैं। बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। भारी भोजन का सेवन करने से बचें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

कर्क — आज आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है।

सिंह — आज साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

कन्या — आज प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी करनी पड़ेगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

तुला — आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

वृश्चिक — आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से आज मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

धनु — आज जीवनशैली में नयापन आएगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों को लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

मकर — आज संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

मीन — आज राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उसे शांति से निपटाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10 .57
- जख्मी सिपाही — रात : 07 .02

&pictures
- मैं तेरा हीरो — सुबह : 11 .09
- मॉम — रात : 08 .00

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11 .06
- मैड मैक्स : फरी रोड — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- बधाई हो बधाई — सुबह : 10 .45
- गली बॉय — रात : 07 .20

colors CINEPLEX
- खुदा गवाह — दोपहर : 02 .00
- अग्निपथ — रात : 09 .31

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11 .09 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गोलू अपने पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए।
पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया
मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो?
पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं। इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा।

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगा ः ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

संपादकीय

भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। भारत के साथ संबंधों को गहरा करना अमेरिकी विदेश नीति के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। भारत और अमेरिका के व्यापक साझा हित हैं। अमेरिका उस क्षेत्र को खतरनाक मानता है जहां चीन आगे बढ़ रहा है। बुधवार को इंडो-पैसिफिक लैंड फोर्सेज कमांडर जनरल चार्ल्स फ्लिन ने कहा कि चीन की आधुनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के उपायों का पता लगाने में अमेरिकी बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अमेरिका निकट भविष्य में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने पर विचार कर रहा है। भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल का उद्देश्य भी एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखना है। क्योंकि दुनिया का अधिकांश व्यापार संचार की समुद्री लाइनों पर निर्भर होने के कारण उनकी सुरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। चूंकि व्यापार बड़े पैमाने पर महासागर के माध्यम से किया जाता है, इसलिए मजबूत समुद्री परिवहन सहयोग से हिंद-प्रशांत में देशों के भीतर और बीच शिपिंग नेटवर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी। समुद्री क्षेत्र में सहयोग निकट भविष्य में भारत-अमेरिका संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। साथ ही तेजी से सिर उठाते खतरों का सामना करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ख़ुफिया सूचना सहयोग को न सिर्फ सशक्त करने की ज़रूरत है, बल्कि इसे विभिन्न क्षेत्रों में फैलाने के लिए तमाम संभावनाओं को तलाशने की भी आवश्यकता है।

भारत और अमेरिका खास तौर पर इंडो-पैसिफिक में महाद्वीपीय, समुद्र और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में संवेदनशील जानकारी साझा करने के साथ ही इंटेलिजेंस सेक्टर में आपसी सहयोग सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मज़बूत होती भागीदारी ने खुफिया मामलों में आपसी सहयोग की संभावनाओं के ऐसे द्वारा खोलने का काम किया है जिनके बारे में दो दशक पहले सोचना भी मुमकिन नहीं था। जिस प्रकार से क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा को लेकर माहौल में बदलाव आ रहा है, उसके मद्देनज़र अमेरिका और भारत की खुफिया एजेंसियों के बीच सशक्त सहयोग बेहद ज़रूरी हो गया है। समुद्री क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारियां आज के दौर में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए ख़ासी महत्वपूर्ण हो गई हैं। यही वजह है कि खुफिया जानकारी साझा करने का महत्व भी बहुत बढ़ गया है। इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक सफलता हासिल करने के लिए समुद्री मार्गों की सुरक्षा, समुद्री लुटेरों का मुक़ाबला करना और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना बेहद अहम हो जाता है।

किसानों से गेहूं खरीद क्यों है जरूरी

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है।

सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से की जाने वाली गेहूं खरीद नियत समय से पहले ही प्रारंभ कर दी है, क्योंकि केंद्रीय पूल का गेहूं स्टॉक बफर मानक से भी नीचे आ जाने की संभावना है और यदि ऐसा हो जाता है तो पिछले सोलह वर्षों में पहली बार ऐसा होगा। वस्तुत पिछले दो सालों से गेहूं की कम सरकारी खरीद, देश के 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मुफ्त राशन निरंतर दिए जाने और बाजार मूल्य नियंत्रण के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा खुले बाजार में की गई अधिक बिक्री के कारण बफर स्टॉक की यह स्थिति हुई है।

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है। देश में सूखा, बाढ़, भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आने वाली खाद्यान्न की कमी को दूर करने के लिए खाद्यान्न इसी बफर स्टॉक से ही भेजा जाता है। किसी भी देश में खाद्यान्न की उपलब्धता की स्थिति को दर्शाने के लिए यह बफर स्टॉक महत्वपूर्ण है। वस्तुतः पिछले दो सालों से खुले बाजार में गेहूं का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक है। स्वाभाविक रूप से किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने के बजाय खुले बाजार में बेचना श्रेयस्कर समझा। खुले बाजार में निजी व्यापारियों द्वारा गेहूं का ज्यादा मूल्य दिए जाने के कारण किसान सरकार को पहले की तरह गेहूं नहीं बेच रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से इस वर्ष देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की संभावना के बावजूद सरकार ने अपना क्रय लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन ही रखा है।

चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार पर अतिरिक्त दबाव यह है कि किसी तरह से वह मंहगाई को नियंत्रण में रखें। इसी के दृष्टिगत बाजार में गेहूं के मूल्य नियंत्रण हेतु सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओपन मार्केट सेल स्कीम के अंतर्गत

हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े।

सरकार द्वारा सिर्फ 2150 रुपये प्रति क्विंटल के रियायती दर पर 80.04 लाख मीट्रिक टन गेहूं निजी और सहकारी क्षेत्र को बेच चुकी है। खुले बाजार में इतनी अत्यधिक मात्रा में गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य कोई विशेष कम नहीं हो पाया है। अभी खरीद सीजन प्रारंभ होने और मार्केट में नया गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य ज्यादा नहीं गिरा है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को गेहूं बेचने के लिए अनेक प्रकार की कागजी औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं, जबकि व्यापारी किसानों के घर से गेहूं खरीद बिना किसी कागजी प्रक्रिया के कर लेते हैं।

हालांकि इसको देखते हुए सरकार ने इस वर्ष शुरू से ही मोबाइल क्रय केंद्रों की स्वीकृति दे दी है। अब सरकार भी किसानों के घर से गेहूं खरीद करेगी। निजी व्यापारी 'जो जैसा है, जहां है' नियम के आधार पर खरीद करते हैं। जबकि सरकारी क्रय केंद्रों पर मानक निर्धारित हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को उसके बिक्री का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जाता है। जबकि निजी व्यापारी अभी भी ज्यादातर नकद भुगतान करते हैं, जो किसानों को ज्यादा सुविधाजनक लगता है। खेती और पारिवारिक के खर्चों के लिए तत्काल नकद पैसे उनको अच्छा लगता है। इसके अतिरिक्त अधिकतर किसानों ने बैंकों, सहकारी समितियों या अन्य संस्थाओं से कृषि या अन्य कार्यों के लिए ऋण लिया होता है जिसके संबंध में उन्हें भी लगता है कि सरकारी केंद्रों पर बेचे गए गेहूं का भुगतान यदि उनके बैंक खातों में गया तो संबंधित बैंक अपना ऋण या बकाया पहले एडजस्ट कर लेगी। इसके अतिरिक्त वे निजी व्यापारियों से भी फसल लगाने से पूर्व ही अग्रिम ले लिया गया होता है। इन सब कारणों से यदि मार्केट रेट एमएसपी से ज्यादा कम नहीं है तो वे निजी व्यापारियों को खाद्यान्न बेचना ज्यादा पसंद करते हैं। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि गेहूं ऐसा खाद्यान्न है जिसका किसान स्वयं भी आसानी से भंडारण कर सकता है और यदि तत्काल उन्हें पैसे की आवश्यकता नहीं है तो वे गेहूं नहीं बेचते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में गेहूं के अनुमानित उत्पादन 1120 लाख टन के सापेक्ष खपत मात्र 1077 लाख टन ही होने की संभावना है। हालांकि अमेरिका का कृषि विभाग आस्ट्रेलिया और भारत को छोड़कर कनाडा, रूस, यूक्रेन, यूरोपियन यूनियन में गेहूं के उत्पादन में गिरावट होने का अनुमान जारी किया है जिससे वैश्विक बाजार में भाव ज्यादा रहने की संभावना है। आम चुनाव के बाद देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की स्थिति में गेहूं एक्सपोर्ट शुरू होने की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार यानी ई-नाम के अनुसार देश की कई मंडियों में गेहूं का दाम अभी भी एमएसपी से ज्यादा है। भारत चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं उपभोक्ता और उत्पादक देश है, लेकिन घटती सरकारी खरीद और घटते बफर स्टॉक के दृष्टिगत सरकार ने 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। बफर स्टॉक में गेहूं के कम भंडारण से खुले बाजार में कीमतें बढ़ने की संभावना होती हैं।

हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े। अमेरिकी कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार भारत का कम गेहूं भंडार सरकार को इस वर्ष दो मिलियन मीट्रिक टन खाद्यान्न आयात करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन सरकार अपना क्रय लक्ष्य और बफर स्टॉक पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। इसलिए उसने अनौपचारिक रूप से व्यापारियों सहित बड़े, बल्कि पर्चेजर्स कारगिल इंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, लुइस ड्रेफस कंपनी औलम ग्रुप इत्यादि को भी संकेत दिया है कि वे किसानों से नए सीजन के गेहूं की खरीदारी कम से कम अप्रैल में करने से बचें। वर्ष 2007 के बाद से सरकार की ओर से यह इस तरह का प्रथम पहल है। वैसे भी मई के मध्य के बाद से गेहूं की खरीद कम होने लगती है। महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए गेहूं व्यापारियों को स्टॉक की घोषणा करने के काम को एक अप्रैल से आगे भी जारी रखने को कहा है। सरकार ने रेलवे से भी अप्रैल में बड़े व्यापारियों को माल ढुलाई हेतु मालगाड़ी उपलब्ध नहीं कराने के लिए कहा है जिससे बड़े पैमाने पर गेहूं बाहर नहीं जा पाएगा। अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि बड़े व्यापारियों को बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदने का मौका न मिले। डिस्ट्रेस सेल अर्थात् न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर खरीद तो कदापि न हो। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में गेहूं की खरीद पर बोनस दिए जाने के चलते उत्तर प्रदेश में गेहूं की खरीद में समस्या आ सकती है, क्योंकि निजी खरीदार यहां गेहूं के दाम कम होने के कारण मध्य प्रदेश व राजस्थान की बजाय गेहूं खरीदने का प्रयास करेंगे, जिस पर रोक आवश्यक है। खुले बाजार में किसानों को अभी भी अपने गेहूं का मूल्य एमएसपी से ज्यादा मिल रहा है। यह अच्छी बात है, क्योंकि सरकार स्वयं किसानों को उनकी आय दुगुनी करने का वायदा कर चुकी है, परंतु सरकार के बफर स्टॉक और देश में खाद्यान्न प्रबंधन हेतु सरकारी खरीद भी जरूरी है तो इसका विकल्प यह है कि सरकार बोनस घोषित कर दे, परंतु इस पर विश्व व्यापार संगठन के नियम बाधक हैं। निर्यात पर रोक का वह पहले ही विरोध कर चुकी है। सबसे ज्यादा दबाव उत्तर प्रदेश की खरीद पर है, जो देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है, परंतु यहां देश की कुल सरकारी खरीद में मात्र दो प्रतिशत का योगदान रहा है। सरकार के विशेष प्रयासों से इस बार अच्छी गेहूं खरीद होने की संभावना है। यहां खरीद को और गति प्रदान के लिए पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर आढ़तिया खरीद की शुरुआत की जा सकती है, जिसे निजी क्षेत्र का योगदान भी सरकारी खरीद में शामिल हो जाएगा या राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों की तरह गेहूं पर बोनस घोषित किया जा सकता है।

प्रसंगवश

पुराना पड़ गया है पुरस्कार और दंड का सिद्धांत

पुरस्कार और दंड की प्रक्रिया का दूसरे छात्रों की मनः स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वे उत्साहित नहीं होते, शोध तो यही कहती है। इसी एप्रोच के चलते अव्वल आने वाले छात्र एक 'स्पेशल केटेगरी' के समझे जाते हैं और जो छात्र सामान्य हैं और 35-45 या 50 प्रतिशत अंक लेकर पास हुए हैं, उनकी कमियों पर रिसर्च करके दूर करने की कोशिश होनी चाहिए। इस बाबत क्लास टीचर्स के एनालिसिस और एक्शन फॉर इम्प्रूवमेंट क्या रहता है, इस बारे में रिवाड्र्स देते समय इनके पास कोई प्लान है तो उसका ब्योरा नहीं दिया जाता, क्योंकि सोच किसी और दिशा में काम कर रही होती है।

विदेशों में इस पर बहुत रिसर्च हुई हैः लेख और किताबें लिखी गई हैं और समाधान सुझाए गए हैं। रिकमेन्डेशन्स पर काम किया गया तो नतीजे भी अच्छे थे। प्रतिभा बढ़ाई जा सकती है अगर लर्निंग के तरीके में चालू प्रैक्टिसेस में कुछ परिवर्तन किए जाएं। एनसीईआरटी इस मामले में कुछ विशेष नहीं करता। रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट की थ्योरी अब रिजेक्ट की जा चुकी है और 'इन्क्लूसिव थ्योरी' पॉपुलर है ताकि सभी बच्चे आत्मविश्वास के साथ और मजबूत इरादे के साथ न कि निरुत्साहित किए जाने वाले माहौल में स्कूल और कॉलेज की शिक्षा पूरी करें और एक 'मिनिमम डिज़यारेबल' लेवल तक तो पहुंचे ही। मैं बहुत ब्रिलियंट तो खुद भी नहीं रहा और न ही हूं, लेकिन परिश्रमी और लगनशील हूं और धीरे-धीरे वे तरीके सीख गया जिनके करने अडॉप्ट करने से विषय के प्रति अपनी समझ में इजाफा कर पाया। स्कूल और कॉलेज के दिनों में मैं औसत प्रतिभा का विद्यार्थी रहा, लेकिन विश्वविद्यालय में पहुंचने पर और विषय विशेष में गहन रुचि होने के कारण, अभ्यास से मैंने टॉप किया और मेरे से एकदम नीचे वाले और मेरे अंकों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। पद्धति बदलकर मैंने अपनी जानकारी का विस्तार किया और कुछ मायनों में थोड़ी से 'विजडम' भी हासिल की जो उम्र के साथ अनुभव बढ़ने से भी धीरे-धीरे बढ़ती है।

स्कूल एजुकेशन विभाग में टेक्स्ट बुक्स में दर्ज इन्फार्मेशन कंटेंट को डिलीवर करते समय परिवर्तन लाने की जरूरत है, जो इसलिए संभव ही नहीं, क्योंकि टीचर्स को इंस्ट्रक्शन्स इशू करने वाले महकमा और इसका थिंक टैंक ऐसा करने नहीं देता। असल में ये लोग एजुकेशनल फिलॉसफी और साइकोलॉजी के अलावा परिवेशी तत्वों और पृष्ठभूमि का ध्यान नहीं रखते। एक टाइट फ्रेम में शैक्षिक करियर निकालने वाले अध्यापकगण वही पिटी-पिटाई लकीर को आयुपर्यन्त फॉलो करते रहते हैं, बिना इस बात की परवाह किए कि वे किस तरह के कौशलयुक्त नागरिक देश को देना चाहते हैं। रिवॉर्ड और पनिशमेंट की नेचुरल थ्योरी मनुष्य द्वारा स्थापित रिवॉर्ड और पनिशमेंट की थ्योरीज से बिल्कुल अलग स्तर पर काम करती है, ऐसा आभास तभी हो सकता है जब अध्यापक गण हायर लर्निंग के रिसर्च जर्नल्स को पढ़ें।

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

मेरे हिसाब से रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट को कभी हाईलाइट तो करना ही नहीं चाहिए। आईएएस एंड अलाइड सर्विसेज के एग्जाम को क्वालीफाई करने वाले कैंडिडेट्स में से जो आईएएस की केटेगरी को एलॉट किए जाते हैं इनमें से उच्चतम और निम्नतम स्कोरिंग वाले चयनित व्यक्तियों की परफॉरमेंस के हिसाब से क्या इनकी पोस्टिंग डेवलप्ड और अंडर-डेवलप्ड डिस्ट्रिक्स में की जाती है। क्या हाईएस्ट 10 स्कोरर्स को इलीट पोस्टिंग दी जाती है। मैंने देखा है कि एक्साम क्लियर करने में जो बहुत मेधावी रहे और जो उक्त दस प्रतिशत से नीचे के रहे इनकी सर्विस परफॉरमेंस एक डिजायरेबल लेवल और उच्चतम लेवल के बीच उतार चढ़ाव पर रही। यह बात रिटायर हो गए आईएएस से बातचीत करके या इनमें से कुछेक के संस्मरण पढ़ के मैंने जानी। इस सब्जेक्टिविटी में ऑब्जेक्टिविटी किस तरह से देखी जा सकती है, यह देखने वाले की ऑब्ज़र्वेशनल स्किल्स पर भी निर्भर करता है। पोस्ट-रिटायरमेंट के बाद अपनी प्री-रिटायरमेंट परफॉरमेंस पर कौन दृष्टिपात करता है? मुझे लगता है एवरेज़ेज ड्रा करने के चक्कर में ऑब्जेक्टिविटी का इंसानी गुणों से मिलान करना हम अधिकांश अवसरों पर भूल जाते हैं। इसलिए टीचर्स को हाई और हायर-सेकंड्री लेवल के स्टूडेंट्स को कैसा माहौल देना चाहिए, इसके प्रति अत्यंत सावधान रहने की जरूरत होती है।

सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी।

समझ में नहीं आ रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचने देने का विरोध कौन कर रहा और समर्थन कौन कर रहा? प्रत्यक्ष में बड़ी-बड़ी बातें बोलेंगे। संविधान पर खतरे की संभावनाएं गिनाएंगे, डिक्टेटर राज आने का डर दिखाएंगे, उखाड़ फेंकने की मुनादी करेंगे, लेकिन भीतर ही भीतर करतब ऐसी करेंगे कि मोदी की राह आसान हो जाए। अब यह डर के कारण से हो, लोभ के कारण से हो या जिस भी कारण से हो, ऐसे नेता और ऐसे राजनीतिक दल जनता के लिए किसी डिक्टेटर या किसी विभाजक राजनीतिज्ञ से भी अधिक खतरनाक हैं।

एक दौर था, जब इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष के नेताओं का गठजोड़ सामने आया था। भले ही यह एकता सत्ता में आने के बाद जल्दी ही बिखर गई, लेकिन इसने यह साबित किया कि अगर कोई शक्तिशाली सत्ताधीशों के संवैधानिक अधिकारों से खिलवाड़ करेगा, राजनीतिक विरोधियों के दमन के लिए सत्ता का अनुचित प्रयोग करेगा तो भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में अंतर्निहित चेतना उसे उखाड़ फेंकने की शक्ति रखती है।

'इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा' ... राजनीतिक चारणों और चेले चपाटों के ऐसे बोल किस बियाबान में लुप्त हो गए, खुद मैडम भी समझ नहीं पाईं और जैसा कि कई इतिहासकार बताते हैं, वे इतनी बड़ी चुनावी हार के बाद कुछ दिनों के लिए सदमे में चली गई थीं। तब के नेताओं में नैतिक शक्ति थी। तब मोरारजी थे, अटल थे, चंद्रशेखर थे, चरण सिंह थे, मधु लिमये थे, मधु दंडवते थे, मृणाल गोरे थी, जॉर्ज फर्नांडिस थे, कई अन्य थे और सबसे बढ़कर जयप्रकाश नारायण का करिश्माई और प्रभावी नेतृत्व था। नेतृत्व की नैतिक आभा में जनता की राह आलोकित होती है, उसकी चेतना ज्योतिर्मयी होती है। जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी। तब जबकि दक्षिण भारत में इंदिरा गांधी ने अच्छी खासी सीटें जीती थी, हिंदी पट्टी के राज्यों ने उनकी नियति का फैसला कर दिया था।

आज वही हिंदी पट्टी मोदी की राजनीति का पैरोकार बना है। दो वक्त की रोटी के लिए और बच्चों की स्कूल फीस के लिए खून सुखाते मेहनतकश लोगों की चेतना "मोदी मोदी" के प्रायोजित शोर में कहीं लुप्त सी हो गई लगती है और उनकी मुक्ति की बातें करने वाले विपक्ष के कई नेता, कई राजनीतिक दल अपने ही करतबों में लिप्त हैं। वे मोदी से अधिक जनविरोधी हैं। भारतीय राजनीति का वर्तमान उनके नैतिक पतन का बोझ उठाते-उठाते थक चुका है और भविष्य में इस बात का खतरा चारों ओर मंडराता दिख रहा है कि इनमें से कई लोग, कई दल चुनावी भाषणों में मोदी विरोध, संविधान की रक्षा, डिक्टेटर शिप के खतरे आदि की बातें करेंगे और अपनी मानसिक और राजनीतिक ऊर्जा मोदी को ही पुनः सत्तासीन करने में जाया करेंगे। सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है।

मीडिया जिम्मेवारी ले चुका है कि वह जनता तक सत्य को पहुंचने नहीं देगा। महज ऐसा ही होता तो गनीमत थी। बड़े-बड़े चैनल, बड़े-बड़े एंकर तैयार हैं कि वे झूठ को इतना महिमा मंडित करेंगे कि वह सत्य की जगह लेकर आम लोगों का दिमाग खराब कर दे। आज से कुछ दशकों के बाद जब भारत के आज के दौर की विसंगतियों को विश्लेषित किया जाएगा तो तीन अध्याय मुख्य होंगे, पहला, भारतीय शहरी मध्य वर्ग का मानसिक और नैतिक अंधकार, दूसरा विपक्ष की राजनीति का नैतिक पतन और तीसरा मीडिया की मुख्यधारा का जनता का शत्रु बन जाना।नवउदारवाद का भारतीय संस्करण अपनी ढाई तीन दशकों की यात्रा के बाद ऐसा ही राजनीतिक मंजर लाने वाला था। इस संस्करण ने राजनीति से उसकी नैतिकता को सोखना शुरू किया जिसका एक परिणाम कारपोरेट शक्तियों की उंगलियों में राजनीति और आर्थिकी की डोर आने के रूप में सामने आया। कारपोरेट मीडिया यूं ही विध्वंसक और जहरीली भूमिका में नहीं आता। जिसे 'नियो लिबरल इकोनॉमी' और इससे उत्पन्न 'नियो लिबरल पॉलिटिक्स' कहते हैं। वह यूरोप और अमेरिका जैसे संपन्न और पढ़े लिखे समाज में अपनी जो छाप छोड़ता रहा, भारत में उसके बहुत आगे जाकर अपने अमानुषिक रूप में सामने आया। इस रूप को भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसे ही सामने आना था।

सोशल फोरम

बेवकूफी का सौंदर्य

सोचते हैं कोई बहुत बड़ी बेवकूफी की बात कह डालें, लेकिन फिर आलस्य हावी हो जाता है। इस चक्कर में दूसरे बाजी मार ले जाते हैं। इसी चक्कर में कुछ लोगों ने तो इत्ती आला बेवकूफी की बातें कहीं कि मन किया कि उनको दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ घोषित कर दें, लेकिन फिर आलस्य ने बाजी मार ली। साथ में बहाना भी कि ऐसे किसी को बेवकूफ घोषित करना उचित नहीं होगा।

अनूप शुक्ल
कानपुर

कायदे से टीम बनाकर सर्वे करके फिर वोटिंग कराकर 'सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ' तय करना चाहिए। क्या पता कल को कोई ऐसा ऑनलाइन सर्वे कराने भी लगे। लोग एसएमएस करें- अपने प्यारे दोस्त को सबसे बड़ा बेवकूफ अवश्य चुनें। वोटिंग के लिए ये वाला बटन दबाएं। किसी का कोई प्रशंसक मेल करे कि फलाने भाई साहब को सबसे बड़ी बेवकूफी और सबसे बड़े बेवकूफ दोनों के लिए वोट दें। उससे ज्यादा बड़ा कायदे का बेवकूफ और कोई नहीं है दुनिया में। लोग अपने को सबसे बड़ा बेवकूफ साबित करने के लिए ज्ञानियों की सहायता से अपने बेवकूफी के किस्से बयान करें। तमाम नई कंपनियां खुल जाएं बेवकूफी का बायोडाटा बनाने वाली। किसी नुक्कड़ पर साइनबोर्ड लगा दिखे-यहां सब भाषाओं में बेवकूफों के बायोडाटा लिखे जाते हैं। यूनीकोड सुविधा उपलब्ध।

दुनिया में बेवकूफी का अस्तित्व हमेशा से रहा है, लेकिन बेवकूफी को उचित सम्मान कभी नहीं मिला। बहुमत हमेशा उपेक्षित रहा। हर व्यक्ति बेवकूफी से अपना पल्ला छुड़ाने की कोशिश करता दिखता है। किसी को बेवकूफ कह दो तो वह और ज्यादा बेवकूफी का तर्क देते हुए कहेगा 'हम बेवकूफ न हैं।' अगर बहुत उदारता में अपने को बेवकूफ मान भी लिया तो इस शर्त के साथ मानेगा कि आप उससे बड़े बेवकूफ़ हैं। ये वे लोग होते हैं, जो अशुद्ध बेवकूफ होते हैं जिनकी बेवकूफी में अक्ल की मिलावट हो जाती है।

शुद्ध बेवकूफ कभी अपने को ज्ञानी कहलाने के फेर में नहीं पड़ता। शुद्ध बेवकूफ पवित्रात्मा होता है। निर्मल। निडर। बेख़ौफ। वह अशुद्ध बेवकूफों और फर्जी ज्ञानियों की तरह अपने को बेवकूफी से दूर दिखाने के झमेले में नहीं पड़ता। छाती ठोंककर कहता है 'हां भाई हम बेवकूफ हैं।'

-फेसबुक वॉल से

राज्य के धन के प्रति चाणक्य की संवेदना

मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है, वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है, किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की? महामति चाणक्य ने। ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही! चंद्रगुप्त ने देखा था, वह घास को उखाड़ रहा था। चंद्रगुप्त ने पूछा तो बोला- "यह घास मेरे पैर में चुभ गई, मैं भी इसकी जड़ खोदकर मठा डाल दूंगा"। वह वज्र संकल्प-"अब यह शिखा तभी बंधेगी, जब नंद वंश का समूल नाश कर दूंगा"। "आचार्य! अपने पक्ष के अनेक प्रभावशाली व्यक्ति आपका साथ छोड़कर विपक्षियों से जा मिले हैं।" कौटिल्य ने उत्तर दिया - "जो चले गए हैं, वे तो चले ही गए हैं, जो शेष रह गए हैं, वे भी जाना चाहें तो चले जाएं, नंदवंश का विनाश करने के लिए सैकड़ों सेनाओं से भी अधिक बलशाली मेरी बुद्धि ही मेरे साथ बनी रहे।"

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र की अवधारणा का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वाला : जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक! महान मेधावी चाणक्य! वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद, किसी राज्य, किसी जाति, किसी संप्रदाय, किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा, राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्य साम्राज्य स्थापित किया था। वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि न प्रयोजनमंतरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञोऽप्यलोकज्ञो भवेन्मूर्ख तुल्यः (542-54) अर्थात् जो शास्त्र को जानता है, किंतु लोक को नहीं जानता तो वह मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्यों ही कह दी थी? चाणक्य ने बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही थी, बोला - धर्मस्य मूलं अर्थः, अर्थस्य मूलं राज्यः। चाणक्य ने समझाया कि धर्म का मूल अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था का मूल राज्य व्यवस्था है।

धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। यदि अर्थव्यवस्था में कुछ गड्डमड्ड है तो समझ लीजिए कि धर्म के मूल में ही गड़बड़ी है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया। धर्मवीर भारती ने कहा था कि पेशावर से पाटलिपुत्र तक का संचालन चाणक्य करते थे, स्वयं झोंपड़ी में रहते थे। चाणक्य के संबंध में ग्रीक-संदर्भ भी हैं, कोई यूनानी विद्वान उनसे मिलने गया तो वे अपनी कुटी में दीपक की रोशनी में कुछ लिख रहे थे। यूनानी विद्वान आया तो वे दीपक को बुझाकर बाहर चांदनी में बैठकर उससे बात करने लगे। यूनानी विद्वान को अचरज हुआ, उसने दीपक को बुझाने का कारण पूछा, तब चाणक्य बोले- राज्य का तेल बिना कारण के खर्च क्यों करूं? और चांदनी का इतना प्रकाश तो है ही कि हम-आप वार्ता कर सकते हैं। राज्य के धन के प्रति ऐसी संवेदना है किसी के मन में?

राष्ट्रपति पद की गरिमा

हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में राष्ट्रपति सांविधानिक प्रमुख है और वही सरकार का गठनकर्ता एवं प्रधानमंत्री का नियोक्ता होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद इस पद से हटने के बाद जब पटना से दिल्ली आए थे तो प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव करने गये थे। राजेंद्र बाबू बोले, "आपने क्यों कष्ट किया धूप में?" नेहरू जी ने कहा, "धूप में ताजा होता है आदमी"। हालांकि आजकल काफी दिन से इस पद की गरिमा गिरी हुइ प्रतीत हो रही है। ताजा उदाहरण लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' अलंकरण प्रदान करने के समय का परिदृश्य है। 96 वर्षीय आडवाणी को द्रौपदी मुर्मू जी खड़े होकर तत्संबंधी उपकरण प्रदान कर रही हैं और वहीं सम्मानित हो रही विभूति के बगल में प्रधानमंत्री बैठे-बैठे तालियां बजा रहे हैं। आडवाणी जी तो 96 वर्ष के हैं और उनके बैठे रहने पर कोई सवाल नहीं कर सकता, किंतु प्रधानमंत्री भी न खड़े हो सकें, यह समझ से परे है। विगत जनवरी में अयोध्या के राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह एक भारी भरकम राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया गया जिसमें पूरा फोकस प्रधानमंत्री पर रहा, राष्ट्रपति को इस उत्सव से दरकिनार रखा गया। ऐसा ही नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन के समय भी हुआ। बातें अभी और भी हैं। दिल्ली के एक मंदिर में उन्हें (मुर्मू जी को) गर्भ गृह में प्रवेश नहीं करने दिया गया था, जबकि उससे कुछ पहले एक केंद्रीय मंत्री ने वहीं गर्भ गृह में अनुष्ठान किया था।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद पर चयनित होने पर कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी ने बड़ी धृष्टता के साथ उन्हें 'राष्ट्रपत्नी' कहा था। इसके पहले वाले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी नए संसद भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था। पद से हटने के पद कोविंद को 'एक देश एक चुनाव' समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। यह कैसी विसंगति है? कभी सरकार का शीर्षस्थ रहा व्यक्ति अब उसी सरकार को अपनी आख्याएं प्रेषित कर रहा है और करेगा। मेरे ख्याल से राष्ट्र की जनतांत्रिक प्रणाली के मूर्धन्य पद की गिरती गरिमा को तुरंत रोककर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए।

एक नजर

जिला चिकित्सालय में तीन ऑर्थो सर्जन करेंगे मरीजों का उपचार

बागेश्वर : प्रदेश सरकार द्वारा जिला चिकित्सालय में अब तीन आर्थो सर्जन तैनात किए जा चुके हैं। टीएंडएम कंपनी द्वारा तैनात सर्जन डॉ. जेएस पांगती ने अब नियमित रूप से कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। जिला चिकित्सालय में पूर्व में सीएमएस व प्रदेश में स्वास्थ्य महानिदेशक रहे डॉ. जेएस पांगती ने विगत माह यहां कार्यभार ग्रहण किया था, जिसके बाद वे कुछ दिनों के अवकाश पर थे। इधर डॉ. पांगती ने अब यहां पर नियमित रूप से कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। बता दें कि इससे पूर्व जिला चिकित्सालय में दो आर्थो सर्जन तैनात हैं। इसके साथ ही अब तीन विशेषज्ञों के होने के बाद जनता को इसका अधिक लाभ मिलेगा।

रक्त जांच मशीन में आई खराबी से रोगी परेशान

अल्मोड़ा : नगर के जिला अस्तपाल में रक्त जांच मशीन में आई खराबी को अभी तक सही नहीं किया जा सका है। जिस कारण यहां उपचार के लिए आ रहे रोगियों की जांच नहीं हो पा रही है। मजबूरन रोगियों को महिला अस्पताल या फिर निजी लैब का सहारा लेना पड़ रहा है। पिछले एक दो दिन से जिला अस्पताल की रक्त जांचचमशीन खराब है। जिसे अभी भी ठीक नहीं कराया जा सका। जिस कारण दूरदराज से आए रोगियों को काफी परेशान होना पड़ा। अस्पताल की लैब के अधिकारियों ने बताया कि सॉफ्टवेयर अपग्रेड करने के चलते मशीन बीच बीच में काम करना बंद कर दे रही है। शीघ्र ही इस समस्या को दूर कर लिया जाएगा।

कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बनबसा : पुलिस ने 94 पाउच कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश व पुलिस उपाधीक्षक टनकपुर के निर्देश पर पुलिस ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष में आदर्श आचार संहिता के पालन में पुलिस और एसओजी की संयुक्त चेकिंग के दौरान गौरव कश्यप पुत्र मलखान निवासी निकट रेलवे स्टेशन वार्ड 4 बनबसा को 94 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ़्तार किया गया। पुलिस टीम हेड कांस्टेबल एसओजी मतलूब खान, कांस्टेबल सूरज कुमार, उमेश राज और संजय शर्मा थाना बनबसा के शामिल थे।

चम्पावत के लड़ा गांव में दोमंजिले मकान में लगी आग, लाखों की क्षति

बुधवार रात साढ़े दस बजे हुई घटना, तीन मवेशी जलकर मरे, सो रहे चार लोगों की जान बचाई

संवाददाता, टनकपुर/पाटी

10 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के गहने, नगदी और घरेलू सामान हुआ अग्निकांड में राख

04 रसोई गैस सिलेंडर फटने से तेजी से भड़की आग, फायर ब्रिगेड ने चार घंटे में बुझाई आग

पाटी विकासखंड के लड़ा गांव में मकान में लगी भीषण आग का दृश्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : चम्पावत के रौलमेल ग्राम पंचायत के तोक लड़ा में दो मंजिला मकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये के गहने और नगदी जलने के साथ ही घरेलू सामान राख हो गया। इस भीषण अग्निकांड में तीन मवेशी भी जलकर मर गए। अलबत्ता आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे आग लगने से मकान पूरी तरह नष्ट हो गया। आग लगने के बाद एक-एक कर चार गैस सिलिंडर फटने से आग और अधिक भड़क गई। फायर ब्रिगेड, पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मकान में सो रहे चार लोगों को बाहर निकाला। उसके बाद गोशाला से मवेशियों को बाहर निकालने की कवायद हुई, लेकिन तीन मवेशी झुलसकर मर गए। बताया जा रहा है कि यह मकान भुवन गहतोड़ी, बद्री दत्त गहतोड़ी, हरीश गहतोड़ी, उमेश गहतोड़ी, भैरव गहतोड़ी, रमेश, मधुसूदन गहतोड़ी, बुद्धिबल्लभ गहतोड़ी सहित 14 लोगों का पुश्तैनी मकान था। उस वक्त प्रीत (20), हीरा देवी सहित चार लोग घर के भीतर सो रहे थे। उन्हें किसी तरह घर से बाहर निकाला गया। ग्रामीण चंदन सिंह और भैरव दत्त ने आग लगने की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को दी। राजस्व विभाग, पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम काफी देर से मौके पर पहुंचे। तब तक लोगों ने राहत और बचाव कार्य किया। आग को बुझाने में चार घंटे से अधिक समय लगा। लेकिन तब तक अधिकांश मकान और घर के भीतर रखा सामान जलकर खाक हो चुका था। राजस्व उपनिरीक्षक जगदीश कुमार ने बताया कि आग लगने से घर में रखे सोने-चांदी के जेवरों के साथ ही नगदी सहित दस लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

ग्राम पंचायत बधाण में बोरिंग का विरोध

रानीखेत : विकासखंड ताड़ीखेड़ के ग्राम पंचायत बधाण में कृषि कार्य हेतु बोरिंग करने का विरोध ग्रामीणों ने किया। उनका आरोप है कि बोरिंग करने से ग्रामीणों के पेयजल स्रोतों पर इसका सीधा असर पढ़ना स्वाभाविक है।

उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि बोरिंग की अनुमति निरस्त की जाए। अन्यथा विवश होकर ग्राम वासियों को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बधाण ग्राम प्रधान हेमा कुवार्बी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपकर कहां कि ग्राम बधाण मे मनीष कुमार पुत्र वाईआर मीना ने कृषि कार्य हेतु बोरिंग की अनुमति के लिए आवेदन किया है। जिसका समस्त ग्रामवासी विरोध करते हैं। कहां की बोरिंग किए जाने से उनके प्राचीन पेयजल स्रोतों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। बोरिंग की अनुमति अभिलंब निरस्त की जाए। अन्यथा ग्रामीणों को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान हेमा कुर्वाबी, उप प्रधान कुबेर बोरा, बचे सिंह, कमल सिंह, कविंद्र सिंह, जगदीश जोशी, भुवन चंद जोशी, श्याम दत्त जोशी आदि रहे।

बागेश्वर व कांडा के जन औषधि केंद्र बंद

संवाददाता, बागेश्वर

▸▸ फर्नीचर के भुगतान को परेशान हुआ सप्लायर

अमृत विचार : जनता को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के वायदे को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा खोले गए जन औषधि केंद्रों में लंबे समय से ताला लटका है। जिला चिकित्सालय में फर्नीचर की आपूर्ति करने वाला सप्लायर भुगतान न होने के कारण आर्थिक परेशानी से जूझ रहा है।

बीते वर्ष मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जनपद में निविदा के अनुसार बागेश्वर जिला चिकित्सालय समेत कांडा, कौसानी, बैजनाथ व कपकोट में जन औशधि केंद्र की निविदाएं निकालीं। जिस पर सभी की निविदा सबेरा कल्याण समिति की हुई। कुछ दिनों तक सही चलने के बाद इन केंद्रों में दवाइयां का अभाव हो गया।

बैजनाथ के जन औषधि केंद्र में ब्रांडेड दवाइयां बिकनी प्रारंभ हुई जिसकी शिकायत करने पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने जांच की तो शिकायत सही निकली परंतु अब तक इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं जिला चिकित्सालय व कांडा के केंद्रों में लंबे समय से ताला लटका हुआ है। व्यापार संघ व कांग्रेस समेत वरिष्ठ नागरिकों ने इस संबंध में कई बार जिलाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से षिकायत की परंतु किसी ने सुनी नहीं। इधर जिला चिकित्सालय में कम्प्यूटर टेबल व चेयर की आपूर्ति करने वाला सप्लायर को भी अब तक उसका भुगतान नहीं हो पाया है जो कि केंद्र संचालक को ढूंढ़ रहा है। इस संबंध में उसके द्वारा सीएमओ को अवगत कराया गया है।

इधर केंद्र न खुलने से जनता को सस्ती दवाइयां का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सप्लायर ने प्रसान व सीएमओ से मांग की है कि केंद्र को खुलवाया जाए तथा यदि केंद्र से पूर्व के संचालक का अनुबंध समाप्त किया जाता है तो उसे इसकी जानकारी दी जाय। इधर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चोहान ने बताया कि केंद्र सुचारू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस व एसएसटी ने पकड़ी दो लाख से अधिक नगदी

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ चेकिंग के दौरान द्वाराहाट और लमगड़ा में मिली सफलता

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस और एसएसटी का संयुक्त चेकिंग अभियान जारी है। इसके तहत टीम ने लालकुआं निवासी व्यक्ति के ट्रक से पौने दो लाख रुपये की नगदी बरामद की। वहीं लमगड़ा पुलिस ने भी यूपी के सेराकोट बिजनौर निवासी एक बाइक सवार के पास से करीब पचपन हजार पांच सौ रुपये बरामद किए हैं। दोनों नगदी के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पाए। पुलिस की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के अंदर और प्रवेश मार्गों पर गहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी वाहन को तलाशी के बाद ही जिले की सीमा में घुसने दिया जा रहा है।

बुधवार को थानाध्यक्ष द्वाराहाट अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस व एसएसटी की संयुक्त टीम ने वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान ट्रक संख्या यूके- 04- सीए- 0825 के चालक से पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम मनार मकाना कपकोट, बागेश्वर व हाल निवासी बिन्दुखत्ता लालकुआं नैनीताल बताया। तलाशी में आरोपी से 1,75,800 रुपये की धनराशि बरामद हुई। चालक नगदी के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया।

हर आंख नम थी पर गर्व से चौड़ा हो रहा था सीना

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ मणिपुर में शहीद सैनिक कमल की सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि

▸▸ कैबिनेट मंत्री समेत सेना व स्थानीय प्रशासन के अधिकारी रहे मौजूद

अमृत विचार : मणिपुर में एक नक्सली हमले में शहीद सोमेश्वर की चनौदा घाटी के बूंगा गांव निवासी शहीद सैनिक कमल सिंह भाकुनी का पार्थिव शरीर गुरुवार को उनके पैतृक घर पहुंचा।

घर मे अंतिम दर्शनों के बाद उनका पार्थिव शरीर सोमेश्वर के त्रिवेणी घाट पर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। कमल की अंतिम यात्रा में पूरे इलाके के लोगों ने शिरकत की। कमल के शहीद होने का गम से लोगों की आंखें नम थी। लेकिन सीना गर्व से इसलिए भी चौड़ा था कि मां भारती की रक्षा के लिए सोमेश्वर क्षेत्र के एक लाल ने अपनी जीवन अपर्ण कर दिया। बूंगा गांव निवासी 24 वर्षीय कमल सिंह भाकुनी पुत्र चंदन सिंह भाकुनी चार साल पहले 16 कुमाऊं रेंजीमेंट में भर्ती हुए थे। इन दिनों उनकी तैनाती मणिपुर में थी। बीते दिनों एक नक्सली हमले में गोली लगने से वह शहीद हो गए थे। कमल की शहादत की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी और लोग उनके पार्थिव शरीर का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार को कुमाऊं रेंजीमेंट के अधिकारी व जवान शहीद का पार्थिव शरीर लेकर उनके घर पहुंचे। अपने लाल को तिरंगे में लिपटा देख जहां जहां परिजनों और क्षेत्र के लोगों के आंसू नहीं रूक रहे थे। काफी देर तक क्षेत्र के लोग शहीद के दर्शन के लिए यहां पहुंचते रहे। बाद में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए त्रिवेणी घाट ले जाया गया। शहीद कमल की अंतिम यात्रा कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। त्रिवैणी घाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब बीस पच्चीस दिन पहले ही वह छुट्टी से ड्यूटी पर लौटा था। शहीद के पिता चंदन सिंह भाकुनी गांव में खेती बाड़ी करते हैं और माता गृहणी हैं। कमल के बड़े भाई प्रदीप भाकुनी भी सेना में ही सेवारत हैं। कमल के पिता चंदन भाकुनी ने इस दौरान कहा कि उन्हें अपने बेटे के असमय जाने का दुख हमेशा रहेगा। लेकिन उन्हें फक्र ही कि उसने अपना जीवन देश के लिए बलिदान किया। शहीद कमल के अंतिम संस्कार के दौरान तहसीलदार खुशबु पांडे, एसएचओ कश्मीर सिंह, ग्राम प्रधान समेत भाकुनी, राजू कैड़ा, रेनू टम्टा, बालम भाकुनी, दिनेश नेगी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



शहीद कमल भाकुनी को सलामी देतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या।

एसएसजे के छात्रों ने किया मई में परीक्षाएं कराने का विरोध

▸▸ कुलपति को ज्ञापन सौंपकर कार्यक्रम बदलने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

एसएसजे के कुलपति को ज्ञापन सौंपते एसएसजे के छात्र। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सोबन सिंह जीना विवि द्वारा मई महीने में परीक्षाएं कराए जाने का विवि परिसर के छात्रों ने कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में गुरुवार को छात्रों का एक शिष्टमंडल विवि के कुलपति से मिला और उन्हें अपनी समस्या की जानकारी देकर परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव कराने की मांग की।

गुरुवार को एसएसजे परिसर के छात्रों का एक शिष्टमंडल कुलसचिव डा. देवेंद्र सिंह बिष्ट से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने कहा है कि पिछले माह मार्च में ही छात्रों ने विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दी हैं। विवि की ओर से इसके तुरंत बाद मई में ही परीक्षाएं कराई जा रही हैं। जो कि उचित नहीं नहीं है। छात्रों ने कहा है विवि को सेमेस्टर व्यवस्था को सही करने के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए। छात्रों ने कहा है कि मई महीने में परीक्षाएं कराने से उन्हें पढ़ने के लिए काफी कम समय मिल पा रहा है।

इतने कम समय में पूरे सेमेस्टर की पढ़ाई करना छात्रों के लिए संभव नहीं है। छात्रों ने कुलपति से मांग की है कि सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के तय समय को बदला जाए और पाठ्यक्रम को कम करने के लिए भी कार्रवाई की जाए। ताकि छात्र छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। कुलपति को दिए ज्ञापन में पूर्व छात्रसंघ महासचिव गौरव भंडारी, निशांत पांडे, पवन गिरी, पारस रौतेला, सुशांत, उमेश सिंह आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

वाहन की टक्कर से युवक घायल

बागेश्वर : अज्ञात वाहन ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए। जहां उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है

बुधवार देर रात आरे के पास तेज गति के वाहन की चपेट में आने से दौरसों निवासी 25 वर्षीय दीपक गढ़िया पुत्र रमेश गढ़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉ. गुंजन ने बताया कि घायल के सिर तथा चेहरे में गंभीर चोट है। सिर में 20 टांके लगे हैं। चेहरे में 15 सेमी का घाव है। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण घायल बेहोशी की हालत में था। उसे होश में लाने का अथक प्रयास किया गया। सिटी स्केन की सुविधा जिला अस्पताल में नहीं है, जिस कारण घायल को रात में ही रेफर किया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। इधर, कोतवाल ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

पड़ने लगी प्रचंड गर्मी, सरयू नदी का जल स्तर घटने लगा

▸▸ ब्रहम कपाली पत्थर के समीप का तालाब गायब

संवाददाता, बागेश्वर

ब्रहम कपाली पत्थर में सरयू नदी का गिरा जल स्तर। ● अमृत विचार

> नदी में अवैध खनन व बिना नीति के दोहन करने से नदी का अस्तित्व संकट में आना चिंताजनक है। प्रशासन, सरकार समेत आम जनता को इस विषय पर सोचना होगा तथा नदी को बचाने के लिए गंभीरता से प्रयास करना होगा।
>
> – **भूपेंद्र जोशी**, सामाजिक कार्यकर्ता

अमृत विचार : जनपद में प्रचंड गर्मी पड़ने लगी है। अभी अप्रैल का प्रथम सप्ताह चल रहा है परंतु गर्मी मई-जून जैसी लगने लगी है। गर्मी के चलते सरयू नदी के पानी में कमी आ गई है। नदी के प्रमुख ब्रह्म कपाली पत्थर पर गत वर्षों तक तालाब बना होता था जहां पहुंचना कुशल तैराक के बस का होता था। परंतु इस बार पत्थर तक पहुंचना आम आदमी के बस में हो गया है।

सदानीरा के नाम से जाने वाली सरयू व गोमती नदी का जल स्तर लगातार घटते जा रहा है। सरकार के आदेश पर प्रशासन व कथित समाजसेवी संगठन आए दिन नमामि गंगे के तहत नदी में सफाई अभियान चलाते हैं तथा इसे बचाने का संकल्प लेते हैं परंतु यहां सरयू नदी लगातार सूख रही है। सरयू नदी इस बार इतनी सूख गई है कि जिस प्रमुख ब्रहम कपाली पत्थर पर पहुंचना कुछ कुशल तैराकों के ही बस का था तथा यह पत्थर पानी से डूबा रहता था वहां पर पहुंचना अब आम आदमी के बस का हो गया है। यह पत्थर भी सतह पर ही पानी से डूबा हुआ है। जिस गति से नदी में पानी कम हो रहा है उससे यह कहना अतिसयोक्ति नहीं होगी कि यदि इसे बचाने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले समय में नदी के अस्तित्व में संकट होगा। सरयू नदी व गोमती नदी समेत अन्य स्थानों में पानी की कमी के चलते भविष्य में इससे कई सिंचाई योजनाएं भी प्रभावित होंगी।

सरकारी स्कूलों के 12 बच्चे नवोदय में चयनित

बागेश्वर, अमृत विचार: कपकोट विकास खंड के विभिन्न सरकारी विदयालयों के बच्चों ने अपनी योग्यता का परचम लहराया है। विभिन्न सरकारी विदयालयों के 12 बच्चों का चयन नवोदय विदयालय में हुआ है।

खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुस्पति अवस्थी ने बताया कि इस बार की नवोदय परीक्षा के फाइनल परिणाम आ गए हैं जिसमें माडल स्कूल कपकोट से करन गढ़िया, आयुष्मान साही, सार्थक जोशो, खिलेश टाकुली, श्रेय चौधरी, विवेक चौड़िया, आनंद प्रसाद, राप्रावि असों से प्रदीप कुमार, गुलम से खुशी , ओखलधार से संतोष कुमार, माडल स्कूल षामा पन्याली से भूमिका कोरंगा तथा पोलिंग से हिमांशु कुमार का चयन नवोदय विदयालय में हुआ है।

बच्चों की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी अनुराधा पाल व सीईओ गजेंद्रसिंह सोन समेत अभिभावकों ने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

तैयारी लोकसभा चुनाव में दिव्यांग व बुजुर्ग (85 प्लस) मतदाताओं को घर- घर मतदान कराने के लिए दिया गया पहला प्रशिक्षण

मतदान संबंधी शंकाओं का प्रशिक्षण में कर लें कार्मिक समाधान

संवाददाता, चम्पावत

चम्पावत में मतदान प्रशिक्षण में मौजूद कार्मिक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में दिव्यांग व बुजुर्ग (85 प्लस) मतदाताओं को घर- घर मतदान कराने के लिए प्रथम प्रशिक्षण गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान टीमों को सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता घर बैठे ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। होम वोटिंग का प्रथम चरण 8 व 9 अप्रैल को सम्पन्न होगा। तथा जो मतदाता किसी कारणवश 8 व 9 अप्रैल को अपना मत देने से छूट जाएंगे वह मतदाता 11 अप्रैल को अपना मत दे सकते हैं। जिसके लिए वोटिंग टीम 11 अप्रैल को फिर से छूटे हुए मतदाता के घर जाकर मतदान कराएंगे। इस प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी।

होम वोटिंग के लिए विधानसभा 54 लोहाघाट में 211 बुजुर्ग तथा 17 दिव्यांग मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। तथा 55 विधानसभा चम्पावत में 32 बुजुर्ग तथा 39 दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग सुविधा का उपयोग करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दिव्यांगों और बुजुर्गों को उनके घर पर सावधानी से मतदान कराएं और वीडियोग्राफी अवश्य कराएं। मतदान कराने से पूर्व प्रत्याशी अथवा उनके अभिकर्ताओं को सूचना अवश्य दी जाए। किसी भी तरह से किसी भी मतदाता के मत की गोपनीयता भंग ना होने पाए।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के अलावा मतदान से जुड़ी सामग्री लेने, वापस जमा करवाने तथा होम वोटिंग की एसओपी के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त प्रारूप 13 ए, 13 बी तथा 13 सी की जानकारी देते हुए बताया कि यह सभी प्रारूप अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के बाद बैग को सील कर एआरओ कार्यालय में जमा कराएंगे। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमन्त कुमार वर्मा, एआरओ चम्पावत आकाश जोशी, एस डी एम लोहाघाट रिंकु बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, मास्टर ट्रेनर जीवन कलोनी, डॉ. एमपी जोशी आदि मौजूद रहे।

17 और 18 को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत राज्य में प्रथम चरण में मतदान होने है। पूरे राज्य के साथ साथ जनपद चम्पावत में 19 अप्रैल को सम्पन्न होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल संचालन के लिए 17 एवं 18 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों को अपने गन्तव्य स्थान के लिए रवाना किया जाएगा।

तथा 19 अप्रैल को मतदान सम्पन्न होने के बाद 19 अप्रैल की सायं एवं 20 अप्रैल को वापस जिला मुख्यालय चम्पावत लौटेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने निर्देश देते हुए कहा है कि जनपद के समस्त जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक चिकित्सा इकाईयों में तैनात चिकित्सक, फार्मासिस्ट, वार्डवाय, स्टाफ नर्स, आदि अन्य स्टाफ 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक संबंधित चिकित्सा इकाई परिसर में ही तैनात रहेंगे तथा किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में तत्काल अपनी सेवायें देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी प्रकार की शीतलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एक नजर

पुलिस ने स्मैक के साथ पकड़ा युवक

अल्मोड़ा : सीमांत जिले पिथौरागढ़ में एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए कोतवाल राजेश यादव और एसओजी प्रभारी मनोज पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टीचर्स कॉलोनी में चेकिंग अभिान चलाया। चेकिंग के दौरान संदिग्ध प्रतीत होने पर कनीलीछीना निवासी सूरज भंडारी नाम के युवक की चेकिंग की गई तो उसके पास से 4 .27 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह छोटी छोटी पुड़िया बनाकर महंगे दामों में स्मैक बेचता है। पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक महेश जोशी, दिगंबर खाती, गौरव बिष्ट, अरविंद कुमार, आनंद खनका आदि मौजूद रहे।

आठ अप्रैल को बुजर्गों और दिव्यागों को कराया जाएगा मतदान

अल्मोड़ा : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान लोकसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों को मतदान कर्मी आठ अप्रैल को घर घर जाकर मतदान कराएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में वरिष्ठ मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान के पश्चात संबंधित मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों को सहायक रिटर्निंग अफसरों द्वारा पूर्ण सुरक्षा में रखा जाएगा। संग्रहण केंद्रों सातों दिन चौबीसों घंटे के आधार पर डयूटी लगाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से सभी संग्रहण केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया की जानकारी सभी राजनीतिक दलों और निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को दी जाएगी और मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद डाकपत्रों को अल्मोड़ा, रानीखेत के कोषागार और द्वाराहाट, भिकियासैंण और भनोली तहसीलों में बनाए गए स्ट्रांग रूम में पर्याप्त सुरक्षा के बीच रखा जाएगा।

राहुल अपनी पार्टी बचाएं, संविधान को मोदी बचा रहे: अठावले

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सकारात्मक नीतियों के चलते भाजपा हासिल करेगी 400 पार का लक्ष्य

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने राहुल पर तंज करते हुए कहा, वे पहले अपनी पार्टी बचाने का काम करें, संविधान बचाने और उसे संवर्धन का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। साथ ही कहा कि भ्रष्टाचार पर मोदी के प्रहार से कांग्रेस पूरी तरह टूट गई है, लिहाजा इस बार एनडीए 400 पार करेगी और कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने दलित समाज और अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जुटने का आह्वान किया।

प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जमकर

पत्रकार वार्ता करते केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले, साथ में पूर्व मुख्यमंत्री निशंक।

निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में देश प्रगति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी ने 2014 और 2019 की संसद में संविधान पर माथा टेक कर कहा था कि वे जीवनपर्यंत संविधान को मजबूत करने का काम करेंगे। तब से लेकर आज तक पिछले दलित एवं अन्य सभी समाज के लिए किए गए विकास कार्यों और योजनाओं ने देश में संविधान को अधिक मजबूत करने का काम किया है।

मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विहीन एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित हुई है। अब कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं के लिए भ्रष्टाचार की गुंजाइश खत्म हो गई है। इंडिया गठबंधन के कई मंत्री मुख्यमंत्री और बड़े नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल के अंदर है और बड़ी संख्या में उनके बड़े-बड़े नेता बेल पर बाहर हैं। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो और अन्य यात्राओं को नाटक करार देते हुए कहा, वे अब नाटक करना सीख गए हैं। उनकी सरकारों ने 60 साल सत्ता में रहते कभी देश को जोड़ने का कोई काम नहीं किया। जबकि बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश को एक करने का काम किया और आज प्रधानमंत्री मोदी उनके कामों को आगे बढ़ाते हुए संविधान को मजबूत कर रहे हैं। अठावले ने दलित समाज से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए भाजपा के कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने दलित समाज को याद दिलाया कि चुनाव हारने के बाद किस तरह यूपीए सरकार ने सरकारी आवास से उनके सामान को भगवान बुद्ध की मूर्ति और संविधान की कृतियों के साथ सड़क पर फेंका था। उन्होंने कहा जिस कांग्रेस ने मेरा सामान बाहर निकाला, उसे मैं सत्ता से बाहर बाहर रखने का संकल्प लिए हूं। उन्होंने मुस्लिम समाज में फैलाई जा रहे भ्रम को लेकर स्पष्ट किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाएं सर्व धर्म, सर्व समाज सम्भाव के अनुशार संचालित की जा रही है लिहाजा अल्पसंख्यक समाज के लोगों को भ्रम में आने की कतई जरूरत नहीं है। उन्होंने प्रदेश के दलित एवं पिछड़े वर्ग से भाजपा के उम्मीदवारों को समर्थन देने का अनुरोध किया।

धामी सरकार के कामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मिशन का उत्तराखंड में वह बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। यूसीसी लागू करने को लेकर उन्होंने कहा, पिछड़ों की सुरक्षा एवं अल्पसंख्यक समाज में महिलाओं के अधिकारों के हित में यह बहुत बड़ा निर्णय है। इसी तरह त्रिवेंद्र रावत सरकार में सभी कार्यालय में भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का चित्र लगाने का शासनादेश करने वाला पहला प्रदेश होने का भी जिक्र कर प्रशंसा की। अठावले ने कहा कि पिछली बार कांग्रेस ने केरल को बचा दिया था जहां उन्होंने 19 लोकसभा सीट प्राप्त की थी। लेकिन इस बार मोदी के नेतृत्व में एनडीए दक्षिण का किला भी फतह करेगा। पत्रकार वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, विधायक खजान दास, प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज कर्नवाल, राजेंद्र नेगी, मानिक निधि शर्मा, श्रीमती सुनीता विद्यार्थी, हनी पाठक, कमलेश रमन मौजूद रहे।

मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

अल्मोड़ा : मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में स्वीप टीम द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को नगरपालिका चिलियानौला की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान महिलाओं ने मतदान का महत्व बताकर मतदान करने पर बल दिया। स्कूलों में भी बच्चों में मतदान के प्रति जागरूकता की जा रही है। जिससे अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। स्कूलों में गुरुवार को पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाई गई। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान का महत्व बताया गया तथा लोगों को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

प्रदेश के 5892 पोलिंग स्टेशनों में होगी वेबकास्टिंग की व्यवस्था

ब्यूरो, देहरादून

- मतदान के दिन के घटनाक्रमों की जानकारी एआरओ के पास लाइव स्ट्रीमिंग से पहुंचेगी

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राज्य में 11729 पोलिंग स्टेशन में से 5892 पोलिंग स्टेशन को वेबकास्टिंग में लिया जायेगा। मतदान के दिन जो भी घटनाक्रम मतदान केन्द्र में हो रहा है, उसकी जानकारी एआरओ के पास लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से पहुंचेगी।

यह जानकारी अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने प्रेस ब्रीफिंग में की। उन्होंने बताया कि पोलिंग बूथों पर किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर पीठासीन अधिकारी और पोलिंग एजेंट सीधे अपने एआरओ से बात कर सकते हैं और कोई भी शिकायत अपने जिला स्तरीय निर्वाचन अधिकारी से कर सकते हैं। जिला स्तर पर वेबकास्टिंग के लिए टीमें तैयार कर ली गई हैं। उनका प्रथम प्रशिक्षण भी हो चुका है। जनपद स्तर पर वेबकास्टिंग का एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। राज्य स्तर पर भी एक कंट्रोल रूम तैयार किया जायेगा जिसके माध्यम से राज्य की 5 लोकसभा सीट पर होने वाली वेबकास्टिंग की लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था होगी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी 11729 पोलिंग स्टेशन पर तैनात होने वाले मतदान कार्मिकों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा विभाग से समन्वय कर बेहतर प्रयास किए गये हैं। इसके लिए कैशलेस ट्रीटमेंट का निर्णय किया गया है।

राज्य में निर्वाचन से जुड़े राज्य के सभी कर्मचारियों और अन्य राज्यों के कर्मचारियों को भी यह सुविधा दी जाएगी। इस व्यवस्था के अन्तर्गत सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों को लिया गया है। पोलिंग पार्टियों को किस सुविधा केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क करना है इसके लिए बूथ लेवल हेल्थ मैनेजमेंट प्लान बनाया गया है। जोगदंडे ने बताया कि राज्य के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों की जानकारी सभी पोलिंग पार्टियों तक उपलब्ध रहेगी।

जल संस्थान ने खोदी सड़क, लोग परेशान

कालाढूंगी : जल संस्थान और लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोगों को झेलना पड़ रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने के कार्य के लिए विभाग के ठेकेदार ने एक माह पहले हल्द्वानी-देहरादून स्टेट हाइवे को कालाढूंगी से चकलुवा तक 6 जगहों पर तोड़कर लाइन बिछा दी। लेकिन कार्य पूरा होने के बाद उसमें डामरीकरण नहीं किया। जिस कारण आये दिन गड्ढों में गिरकर बाइक सवार चोटिल हो रहे हैं। वहीं क्षेत्र के लोगों को भी परेशानी हो हरी है। लोनिवि और जल संस्थान एक-दूसरे पर कार्यवाही पूरी न करने का ठिकरा फोड़ रहे हैं। ग्रामीण गोपाल मेहरा, हरीश बिष्ट, राहुल, आलोक ने बताया कि अब तक कई वाहन चालक गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं।

अधिकारी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

संवाददाता, चम्पावत

रिपोर्ट दर्ज

- चम्पावत के जिला युवा कल्याण अधिकारी पर महिला ने लगाया संगीन आरोप
- चम्पावत कोतवाली में मुकदमा दर्ज, एसएसआई कर रहीं मामले की जांच

अमृत विचार : यहां एक महिला ने चम्पावत के जिला युवा कल्याण अधिकारी पर शादी का झांसा देकर लंबे समय से दुष्कर्म करने, फर्जीवाड़ा करने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। एसएसआई मीनाक्षी नौटियाल मामले की जांच कर रही हैं।

40 वर्षीय महिला ने जिला युवा कल्याण अधिकारी मोहन सिंह नगन्याल पर पिछले 18 साल से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि युवा कल्याण अधिकारी ने शादी का झांसा देकर लंबे समय से उसका शारीरिक शोषण किया है। पीड़िता ने कहा कि आरोपी ने अपनी पत्नी से तलाक होने की बात कही थी। तहरीर में महिला का आरोप है कि लंबे समय से आरोपी नगन्याल पीड़िता को शादी करने का झांसा दे रहा था।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि बीते दिनों जब उसने आरोपी से शादी करने के लिए कहा गया, तो वह मुकर गया। पीड़िता ने अफसर पर दुष्कर्म के साथ ही उसके साथ फर्जीवाड़ा करने, मारपीट और गालीगलौच करने का भी आरोप लगाया है।

इधर कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी जिला युवा कल्याण अधिकारी मोहन सिंह नगन्याल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 323, 420, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कोतवाल ने बताया कि सबूतों को एकत्र करने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है। वहीं आरोपी अधिकारी नगन्याल का मोबाइल फोन बंद होने से उनका पक्ष सामने नहीं आ सका है।

उत्तर प्रदेश

बड़े नेता कहेंगे तो मैनपुरी से जरूर लड़ूंगी चुनाव : अपर्णा

- भाजपा नेता व मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से की बातचीत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की नेता और सपा के संस्थापक रहे मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने गुरुवार को मैनपुरी से जेठानी डिंपल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि बड़े नेता कहेंगे तो जरूर लड़ूंगी। राहुल और प्रियंका के अमेठी रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि वे हमेशा झूठ और लोगों को गुमराह करने की बातें करते हैं। ये लड़ने की परिस्थिति में नहीं हैं। अमेठी और रायबरेली भी भाजपा जीतेगी। भाजपा के राज्य

मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए अपर्णा ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा मथुरा सीट से मौजूदा सांसद और प्रत्याशी हेमा मालिनी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जमकर निशाना साधा।

कहा कि महिलाओं की अस्मिता और आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने का कांग्रेस में पुराना कल्चर है। महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि भाजपा नारी का सम्मान करती है, महिला को सशक्त करती है, वहीं, कांग्रेस नेता महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी निंदनीय है। चुनाव आयोग से अपील है कि इनकी टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए करवाई हो। कांग्रेस के कई नेता इस तरह के बयान देते आए हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर गलत टिप्पणी की। देश की मातृशक्ति के अपमान का जवाब 2024 में मिलेगा। कहा कि, कांग्रेस में अनगिनत नेता और उदाहरण भरे पड़े हैं, स्वयं राहुल गांधी, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, शशि थरूर समेत आजम ख़ान, अबू आज़मी जैसे इंडी गठबंधन के नेता भी महिलाओं के ख़िलाफ़ अनर्गल और अपमानजनक टिप्पणी करते आ रहे हैं।

181.57 लाख रुपये की मदिरा, ड्रग व नगदी जब्त

लखनऊ, अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में हो रही कार्रवाई के तहत 181 .57 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नकदी जब्त की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की ओर से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से एक मार्च से तीन अप्रैल तक कुल 108 .08 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये हैं।

ईडी से छापे डलवाकर भाजपा ने वसूला चंदा: अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा ने चुनावी चंदा के नाम पर जमकर वसूली की है। सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई और आईटी से छापे डलवाकर डराकर तमाम कम्पनियों से वसूली की गई। उन्होंने कहा कि, कोरोना रोधी वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली। सपा प्रमुख ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि, भाजपा सरकार में इलेक्टोरल बांड के नाम पर ऐसा भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार दबाव डालकर पार्टी के लिए पैसा वसूलती हो ऐसा कभी नहीं हुआ। जब से भाजपा के भ्रष्टाचार का भंडाफूटा है तब से भाजपा में भारी घबराहट है। जनता भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को समझ गई है।

शादी में बुलेट की मांग से आहत युवती ने की आत्महत्या

गजरौला (अमरोहा), अमृत विचार : शादी में मंतेगर ने मायके वालों से बुलेट की मांग की तो इससे आहत युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शादी से 25 दिन पहले ही युवती की मौत से परिवार में खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों ने युवती के मंगेतर पर उसे बार-बार फोन कॉल कर बुलेट बाइक मांगने आरोप लगाया है। फिलहाल, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव बिजौरा में किसान हरि सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने कुछ समय अपनी पुत्री कोमल (20) की रिश्ता रहरा थाना क्षेत्र के रहने वाले संजीव पुत्र विक्रम के साथ तय किया था। 29 अप्रैल को बरात आनी थी।

बांके बिहारी मंदिर में युवा श्रद्धालु की मौत

मथुरा, एजेंसी : वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में गुरुवार को दर्शन करने पहुंचे युवा श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। बांकेबिहारी मंदिर की सुरक्षा में तैनात प्रभारी निरीक्षक अशोक कौशिक ने बताया कि यह घटनागुरुवार सुबह करीब 10 बजे की है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में बहुत ज्यादा भीड़ नहीं थी, लेकिन एक युवक को तबीयत बिगड़ने की शिकायत पर उसे मंदिर के बाहर स्थित सरकारी आकस्मिक चौकी पर लाया गया। वहां तैनात डॉ. यतींद्र एवं डॉ. धीरज ने प्राथमिक उपचार किया और इसके बाद उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय में ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक डॉ. तन्वी दुआ ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने हृदयाघात की संभावना जताई है।

1.63 लाख बूथों पर मनेगा स्थापना दिवस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा के बड़े नेता बूथों पर जाकर करेंगे कार्यक्रम
- घर-घर संपर्क कर लगवाएंगे भाजपा का झंडा

अमृत विचार : भाजपा छह अप्रैल को प्रदेश के सभी 1.63 लाख बूथों पर अपना स्थापना दिवस मनाएगी। गुरुवार को हुई वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

चौधरी ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रम आम चुनाव के बीच में मनाया जा रहा है। इसके माध्यम से आम जनता के बीच जाकर फिर से मोदी की सरकार बनाने के लिए वोट की अपील की जाएगी। धर्मपाल ने कहा कि स्थापना दिवस का कार्यक्रम सभी बूथों पर मनाया जाना है। पार्टी के पदाधिकारी अपने बूथों पर रहकर स्थापना दिवस कार्यक्रम मनायेंगे। इसके बाद बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। पदयात्रा निकालकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील होगी। लोगों से आग्रह कर उनके घरों पर पार्टी का झंडा लगवाया जाएगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील से संबंधित हैंडबिल भी बांटे जाएंगे। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि सभी बूथों पर कार्यक्रम की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। बूथों पर बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, स्थानीय कार्यकर्ता और बूथों पर निवास करने वाले प्रदेश, क्षेत्र, ज़िला एवं मण्डल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

हरदयाल की हत्या में पत्नी, भतीजा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भतीजे के साथ अवैध संबधों के चलते कर दी हरदयाल की हत्या, तीन बच्चे हुए अनाथ

अमृत विचार : पति की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसकी पत्नी और भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव मेदनीपुर का है। आरोपियों ने घटना करने का जो कारण बताया है, उससे स्पष्ट है कि शराबी पति और पत्नी के गलत चाल-चलन से एक परिवार बर्बाद हो गया। हरदयाल की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसकी पत्नी की वजह से हुई है।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि हरदयाल मेहनत मजदूरी करता था। वह शराब का आदी था। घर में पत्नी रिंकी से झगड़ा करता रहता था। दो अप्रैल, मंगलवार रात हरदयाल यादव पुत्र कल्लू सिंह की गला घोंटकर हत्या हुई थी। इस मामले की भोजपुर थाना पुलिस ने बारीकी से तथ्यों की जांच की। चूंकि, हत्या हरदयाल की पत्नी रिंकी और उसके दिव्यांग भतीजे सुनेपाल पुत्र रूप सिंह ने की थी और इन पर कोई संदेह न करे इसलिए रिंकी की सहमति से सुनेपाल ने उसके हाथ-पैर बांधकर वह रात में ही अपने घर जाकर सो गया था। सुबह जब रिंकी की बड़ी बेटी खुशबू ने मां (रिंकी) के हाथ-पैर बंधे देखे तो उसने शोर मचाया। आसपास के लोगों ने आकर रिंकी के हाथ-पैर खोले और पुलिस को खबर की थी।

प्रेमी जोड़े के गेहूं के खेत में मिले शव

बरेली, अमृत विचार : बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्वारी गांव में गेहूं के खेत में प्रेमी जोड़े के शव मिले हैं।

पुलिस को मौके से कपड़े और कीटनाशक की शीशी मिली हैं, जिससे जहर खाकर जान देने की आशंका जताई जा रही है। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन अलग-अलग जाति का होने की वजह से परिजन विरोध कर रहे थे। पुलिस आत्महत्या के साथ ऑनर किलिंग के एंगल पर भी जांच कर रही है। ग्वारी गांव निवासी 22 वर्षीय युवक ने दसवीं तक की पढ़ाई की थी। उसका गांव की रहने वाली 21 वर्षीय युवती से पिछले चार साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन बिरादरी अगल-अलग होने के कारण परिजन और ग्रामीण विरोध कर रहे थे। गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे दोनों के शव गांव से एक किलोमीटर दूर टीकाराम के गेहूं के खेत में मिले।

मां ने ही कर दी थी छह माह की बेटी की हत्या

- पति ने कहा, अब मायके में ही रहो तो गुस्से में खींच दिया बेटी के गले में पड़ा धागा

संवाददाता, शाहजहांपुर/बंडा

अमृत विचार : ननिहाल में रह रही छह माह की बच्ची की हत्या उसकी मां ने ही गुस्से में की थी। पुलिस पूछताछ में महिला ने जुर्म कबूल कर लिया है। बच्ची के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उल्लिया निवासी शिवम कुमार से उसकी पत्नी राजबेटी का अक्सर झगड़ा होता रहता था। झगड़े के चलते 20 मार्च को छह माह की बेटी निहारिका को लेकर मायके सिंघापुर पनई थाना बंडा चली गई थी। दो अप्रैल को सुबह साले

निहारिका (फाइल फोटो)

चंद्रपाल ने फोन कर बताया कि कि निहारिका की मृत्यु हो गई है। शिवम परिजनों के साथ ससुराल गया।

बेटी के गले पर निशान देख हत्या का शक हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसकर हत्या की पुष्टि हुई। शिवम ने पुलिस को दी तहरीर में पत्नी पर बेटी की हत्या का शक जताया। बंडा पुलिस ने गुरुवार को राजबेटी से पूछताछ की। उसने बताया कि पति ने उससे कहा था कि अब तुम मायके में ही रहो। इसी गुस्से में उसने बेटी के गले में पड़ा काला धागा खींच दिया था। गला कस जाने से निहारिका की मौत हो गई।

रुहेलखंड डिपो की बस में बिना टिकट पकड़े सात यात्री

बरेली, अमृत विचार : परिवहन निगम की बसों में बिना टिकट के यात्रियों को सफर कराया जा रहा है। मुख्यालय की टीम ने बुधवार शाम को हल्द्वानी से बरेली आ रही रुहेलखंड डिपो की बस में चेकिंग की तो सात यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा गया। टीम ने रिपोर्ट मुख्यालय और आरएम को भेज दी है। मुख्यालय की टीम ने हल्द्वानी रोड पर हल्दी चौड़ के पास रुहेलखंड डिपो की यूपी 27 टी 9696 नंबर की बस को चेकिंग के लिए रोका। सहायक यातायात निरीक्षक रवि प्रकाश ने सवारियों की गिनती की तो उसमें 37 यात्री मौजूद थे लेकिन सात के पास टिकट नहीं थे। इनमें पांच यात्रियों की हल्द्वानी से लालकुआं और दो की हल्द्वानी से पुलभट्टा तक की टिकट नहीं बनाई गई थी। बस के ड्राइवर दीपक और कंडक्टर मनोज कुमार से पूछताछ की तो वह कोई जवाब नहीं दे सके। इसके बाद रिपोर्ट बनाकर बरेली रीजन के आरएम के साथ मुख्यालय को भेज दी गई है। इस मामले में ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि एक बस में बिना टिकट यात्री पकड़ने का मामला सामने आया है। जल्द इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

पशु के विवाद में युवक के सीने में चाकू मारकर हत्या

रामपुर/ सैफनी, अमृत विचार : मवेशी के विवाद को लेकर दो पक्षों के लोग आमने- सामने आ गए। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक के सीने में चाकू से कई बार करके उसको घायल कर दिया। परिजन उसको निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन उसको घर ले गए। इस बीच पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने युवक को हमारे हवाले करने की जिद पर थाने में हंगामा कर दिया। सूचना मिलने के बाद एसपी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लाठियां फटकार भीड़ को तितर- बितर कर दिया। मामला सैफनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला छिड़िया वाला है। यहां के रहने वाले भगवानदास का कहना है कि शाम के समय करीब सात बजे उसकी कटिया खुलकर सड़क पर आ गई थी। इस बीच रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार युवक से बेटे राहुल 25 वर्षीय से कहासुनी हो गई थी। आरोपी युवक ने राहुल के सीने पर चाकू मार दिया।

दो साल के बच्चे की किडनी फेल

बरेली, अमृत विचार : परिजन दो वर्षीय बीमार बच्चे का इलाज झोलाछाप से कराते रहे। हालत गंभीर हुई तो बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में बच्चे की दोनों किडनी में गंभीर संक्रमण पाया गया।

काफी हद तक उसकी दोनों किडनी काम नहीं कर रही हैं। उसे हायर सेंटर किया गया है। जगतपुर गौटिया निवासी मो. आरिफ के दो वर्षीय बेटे मो. आरिफ को उल्टी, दस्त के साथ निमोनिया की समस्या हो गई। परिजनों ने एक झोलाछाप से बच्चे का इलाज कराया, मगर उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। घरवाले बच्चे को निजी अस्पताल भी ले गए, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते वहां से डिस्चार्ज कराकर गुरुवार सुबह बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां रिपोर्ट आने पर पता चला कि बच्चे की किडनी में गंभीर संक्रमण है।

महाभारत काल और जंगे आजादी का इतिहास समेटे कैराना की कहानी में नफरत, पलायन, असुरक्षा और अराजकता का गुनहगार विलेन है, तो मोहब्बत और इंसानियत के जीतने की इबारत लिखने वाला लोगों के दिलों में धड़कता हीरो है। चुनावों में बाजी मारने वाला एक अनूठा राजनीतिक घराना है, तो ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण के दृश्यों के साथ 'जिन्ना और गन्ना' जैसे सवालों के बीच कानों में शहद घोलने वाला किराना घराना का संगीत है, 'जो मिले सुर मेरा तुम्हारा तो बने सुर हमारा' का अमिट संदेश सुनाता है। इन सबके बीच दर्शक के रूप में खड़ा वह मतदाता है, जो देश की संसद में अपना प्रतिनिधि भेजते समय डॉ. लोहिया की उस बात से इत्तफाक रखता है, कि रोटी को जलने से बचाने के लिए जिस तरह उलटना-पलटना जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए सरकार या प्रतिनिधि को भी बदलते रहना चाहिए।

कैराना का किससे याराना किसे मिलेगा ठिकाना

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारः कभी हिंदुओं के पलायन की वजह से सुर्खियां बटोरने वाले कैराना के चुनावी माहौल को पिछले हफ्ते शामली की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी की इस बात से समझा जा सकता है कि 'वोट में बहुत ताकत होती है। जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता और कर्फ्यू लगता है। जब वोट सही हाथ में जाता है तो अपराधी पलायन करता है। कांवड़ यात्रा निकलती है और धूम-धड़ाके के साथ विकास होता है।' कैराना का सच भी यही है, असुरक्षा के कारण पलायन के बदनुमा दाग से बाहर निकल कर अब यह कस्बा विकास के पथ पर अग्रसर है।

कैराना का अपना पौराणिक और ऐतिहासिक इतिहास है। मान्यता है कि महाभारत काल में कर्ण ने इसे बसाया था। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ मराठों को छिपने की जमीन यहीं मिली थी। लेकिन शास्त्रीय संगीत की किराना घराना परंपरा को जन्म देने वाले कैराना की राजनीतिक पहचान किसी एक नेता के साथ सुर-ताल मिलाने की नहीं है। यहां मतदाता बीते तीन चुनावों से अलग उम्मीदवार चुन रहे हैं। इस बार भाजपा ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी को फिर से मैदान में उतारा है। वह गुर्जर मतों के अलावा हिंदू और भाजपा के परंपरागत वोट बैंक को जोड़ने में जुटे हैं।

अनूठा घराना हसन परिवार, तीन सदस्य सांसद, एक रहा विधायक

- कैराना का अनूठा राजनीतिक घराना है, हसन परिवार। इसके चार में तीन सदस्य सांसद रहे और एक सदस्य कई बार विधायक चुना गया।
- सपा प्रत्याशी इकरा हसन के पिता मुनव्वर हसन तो विधायक, एमएलसी के अलावा लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों के सांसद रहे।

- भाजपा ने दोबारा गुर्जर कार्ड खेलकर सांसद प्रदीप चौधरी पर जताया है भरोसा, हिंदू-मुस्लिम गुर्जर होंगे आमने-सामने
- सपा ने इकरा हसन पर लगाया दांव, उनकी मां तब्बसुम 2014 व 19 में हारीं, 2018 में जीतीं थीं उपचुनाव



सपा ने प्रत्याशी बदल इकरा पर लगाया दांव

- सपा ने प्रत्याशी बदलकर अपने विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन इकरा हसन को टिकट दिया है। इकरा की मां तब्बसुम बेगम ने 2018 के उपचुनाव में रालोद के टिकट पर सपा के समर्थन से भाजपा प्रत्याशी हुकुम सिंह की बेटी मृगांका सिंह को पराजित किया था। लेकिन 2019 में चुनाव हार गई थीं। इन दोनों के मुकाबले बसपा ने सहारनपुर निवासी श्रीपाल राणा पर दांव खेला है। वह राजपूत वोटों के साथ दलित वोटों पर फोकस कर रहे हैं। इस सीट पर 14 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान में 19 अप्रैल को होगा।

... यहां समीकरण और गुणा-भाग नेता नहीं जनता तय करती

पश्चिमी यूपी के शामली जिले का प्रतिनिधित्व कैराना लोकसभा सीट करती है। मुजफ्फरनगर से अलग होकर वर्ष 2011 में शामली जिला अस्तित्व में आया था। मुस्लिम और जाट बाहुल्य कैराना लोकसभा सीट पर ध्रुवीकरण और जातीय खेमेबंदी का बोलबाला रहता है। लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं का सारा गुणा-भाग यहां की जनता हर बार गलत साबित कर देती है। यह सिलसिला 1962 से चला आ रहा है। कोई दल लगातार दो चुनाव नहीं जीत पाया है। 1989 और 1991 में जनता दल के प्रत्याशी ने दो लगातार चुनाव जीते, लेकिन तीसरी बार हार गए। ऐसे में कोई दल दावा नहीं कर सकता कि यह उसका गढ़ है। कांग्रेस को इस सीट पर जीत का 40 सालों से इंतजार है। 2014 व 2019 में भाजपा जीती लेकिन 2018 का उपचुनाव हार गई थी।

लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

भाजपा	प्रदीप चौधरी	5,66,961
सपा	तबस्सुम बेगम	4,74,801
कांग्रेस	हरेंद्र मलिक	69,355

2018 लोकसभा उपचुनाव परिणाम

रालोद	तबस्सुम हसन	4, 81,181
भाजपा	मृगांका सिंह	4, 36, 564 मत

लोकसभा चुनाव 2014 के नतीजे

भाजपा	हुकुम सिंह	5,65,909
सपा	नाहिद हसन	3, 29, 081
बसपा	कंवर हसन	1, 60, 414
रालोद	करतार भड़ाना	42,706

रालोद अध्यक्ष की दादी सांसद रहीं, मायावती हारीं थीं पहला चुनाव

कैराना सीट से 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पत्नी एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी की दादी गायत्री चौधरी सांसद रह चुकी हैं। मायावती ने अपना पहला चुनाव यहीं से लड़ा था। कांसीराम ने बहुजन समाज पार्टी बनाई और मायावती को 1984 में इस सीट से खड़ा किया। लेकिन सपा की मौजूदा प्रत्याशी इकरा हसन के बाबा अख्तर हसन ने उन्हें हरा दिया था, मायावती तीसरे स्थान पर रही थीं।

ढाई लाख बुजुर्ग तय कर सकते हवा का रुख

- कैराना लोकसभा सीट पर 60 से 100 वर्ष आयु के दो लाख 57 हजार से अधिक मतदाता हैं। ये बुजुर्ग मतदाता किसी भी दल और प्रत्याशी के पक्ष में हवा का रुख तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

35% से ज्यादा मुस्लिम करीब 20% गुर्जर मतदाता भाग्य विधाता

- कैराना लोकसभा सीट पर 17,22,432 मतदाताओं में पुरुष 9,21,820, महिला मतदाता 8,00,518 तथा 871 थर्ड जेंडर मतदाता है। एक अनुमान के मुताबिक इनमें सर्वाधिक छह लाख मुस्लिम मतदाता हैं। दलित वर्ग के दो लाख वोटर और तकरीबन इतने ही जाट मतदाता हैं। इसके बाद सवा लाख से ऊपर कश्यप मतदाता बताए जाते हैं। हिंदू और मुस्लिम गुर्जर मिलाकर तीन लाख से अधिक हैं।

भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी

विधानसभा में भाजपा व रालोद ने दो-दो, सपा ने जीती एक सीट

- कैराना लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें सहारनपुर और तीन सीटें शामली जिले में आती हैं।
- 2022 के विधानसभा चुनाव में नकुर और गंगोह सीट पर भाजपा जीती थी तो कैराना विधानसभा सीट सपा के हिस्से में गई थी। थाना भवन और शामली सीट पर राष्ट्रीय लोकदल का कब्जा है।

स्थानीय मुद्दे

- छुट्टा पशु
- बकाया गन्ना भुगतान
- फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी
- नाले की समस्या।

वोट जरूर डालें

● कर्नाटक के हुबली में लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कुछ इस अंदाज में वाहन पर निकाली गई रैली।

बैलेट से चुनाव की मंशा रह गई अधूरी

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में गुरुवार को प्रत्याशियों के नामांकन के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 384 प्रत्याशियों वाला फार्मूला फेल हो गया। यहां नामांकन पत्र खरीदने के अंतिम दिन 241 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। लेकिन नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 23 उम्मीदवारों ने 32 नामांकन पत्र जमा किए। कल नामांकन की जांच की जाएगी। यहां चुनावी सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि 384 नामांकन फार्म जमा करें, ताकि बैलेट पेपर से मतदान हो सके।

मेनका-वरुण के बिना बदले समीकरण

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

अमृत विचारः पीलीभीत में इस बार का लोकसभा चुनाव राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ चुका है। भाजपा चार लाख से अधिक वोट से जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय करके नए चेहरे के साथ मैदान में है, तो समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लिए तराई क्षेत्र में अपनी सियासी जमीन पाने का मौका है। साढ़े तीन दशक में यह पहला चुनाव है जब मेनका गांधी या वरुण गांधी मैदान में नहीं हैं। हालांकि भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद का पीलीभीत से जुड़ाव रहा है, लेकिन इस सीट पर वह चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। ऐसे में भी सपा की साइकिल ने रफ्तार नहीं पकड़ी और बसपा के हाथी की चाल सुस्त रही तो दोनों दलों के लिए

पीलीभीत लोकसभा सीट मेनका गांधी और वरुण गांधी के चलते हाई प्रोफाइल बनी रही है। सूबे की सत्ता से दूर रहते हुए भी भाजपा लोकसभा चुनाव में मेनका गांधी या वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाकर जीत दर्ज करती रही। दो बार चुनाव में भाजपा ने निर्दलीय उम्मीदवार मेनका गांधी को समर्थन किया था। इसके उलट समाजवादी पार्टी और बसपा पीलीभीत में कभी जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। प्रदेश में सरकार होने और जिले की अधिकांश विधानसभा सीटों पर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि होने के बाद भी बसपा या सपा यहां कभी अपना सांसद नहीं बना पाए। 2007 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी थी। जिले की दो विधानसभा सीटों पर बसपा के विधायक चुने गए। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भी बसपा काबिज रही, लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा महज 13.44 प्रतिशत वोट ही हासिल कर सकी थी। इस चुनाव में वरुण गांधी ने 4,19,539 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। बसपा के प्रत्याशी गंगाचरन राजपूत को 1,12,576 वोट ही मिल सके थे। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रियाज अहमद ने 1,17,903 (14.08) प्रतिशत वोट पाए थे। समाजवादी पार्टी की 2012 में सूबे में सरकार आई। जिले की चार में से तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक चुने गए। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में साइकिल रफ्तार नहीं पकड़ सकी। भाजपा की मेनका गांधी ने 5,46,934 वोट पाकर जीत दर्ज की। इस चुनाव में सपा के बुद्धसेन वर्मा को 2,39,882 वोट मिले थे। बहुजन समाज पार्टी के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने 1,96,294 वोट पाए थे। 1999 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने 4,33,421 वोट पाकर जीत दर्ज की। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू दूसरे नंबर पर रहे थे। समाजवादी पार्टी के रामसरन को महज 58792 वोट मिले थे।

2004 में भाजपा के सिंबल पर मेनका गांधी ने 2,55,615 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। सपा के सत्यपाल गंगवार 1,52,895 वोट पाकर दूसरे जबकि बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू 1,21,269 वोट तीसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन इस बार तस्वीर कुछ बदली हुई है। 35 साल बाद पीलीभीत के सियासी परिदृश्य से मेनका और वरुण गायब हैं। भाजपा प्रत्याशी की ही तरह सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार पहली बार पीलीभीत से चुनाव मैदान में हैं।





इस बार चुनाव में प्रत्याशी

जितिन प्रसाद : भारतीय जनता पार्टी
भगवत सरन गंगवार : सपा (गठबंधन)
अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू : बसपा

पीलीभीत में सपा-बसपा 2019 में साथ लड़कर भी ढाई लाख वोटों से पिछड़े

- पीलीभीत सीट पर सपा-बसपा कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। इस सीट पर भाजपा का विजय रथ रोकने में दोनों दल तब भी सफल नहीं हो पाए थे जब 2019 में साथ मिलकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था। सपा ने इस चुनाव में पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया था। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में उन्हें 4,48,922 वोट मिले, जबकि उनके मुकाबले भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने 7,04,549 वोट पाकर 2,55,627 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बार चुनाव में दोनों दल अलग-अलग हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है।

हेमा मालिनी पर टिप्पणी में सुरजेवाला की शिकायत

दिल्ली। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के विरुद्ध राष्ट्रीय महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। सुरजेवाला पर मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

राष्ट्रीय महिला आयोग हेमा मालिनी के खिलाफ कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग का रुख किया। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया था। इसमें कांग्रेस सांसद सुरजेवाला कथित तौर पर सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि वह सुरजेवाला की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने एक ट्वीट में कहा कि ये महिला विरोधी टिप्पणियां हैं और किसी महिला की गरिमा के लिए अपमानजनक हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने औपचारिक रूप से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर सुरजेवाला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। भाजपा ने बुधवार को सुरजेवाला पर हेमा मालिनी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इस टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस महिला विरोधी है। सुरजेवाला ने 31 मार्च को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के फरल गांव में 'इंडिया' गठबंधन के समर्थन में एक चुनावी रैली के दौरान कथित टिप्पणी की थी।

बसपा की तैयारी पिछली बार की 10 सीटें और घटता जनाधार बचाने की चुनौती, भीम आर्मी चीफ की पार्टी से युवाओं को अपनी तरफ खींचने की कवायद

...और नगीना लोकसभा क्षेत्र बना आकाश आनंद का लांचिंग पैड

महेश शर्मा,कानपुर

अमृत विचारः दलित, मुस्लिम और ओबीसी के दिग्गज नेताओं के बसपा छोड़ जाने के बाद पार्टी सुप्रीमो मायावती ने स्टार प्रचारक के रूप में अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। यूपी का नगीना लोकसभा क्षेत्र आकाश का लांचिंग पैड होगा। यहां वह छह अप्रैल को जनसभा करेंगे, जबकि मायावती 13 अप्रैल को उत्तराखंड के हरिद्वार से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगी। बिट्रेन से एमबीए की पढ़ाई करके आए आकाश मायावती के छोटे भाई आनंदकुमार के बेटे हैं।

मायावती भतीजे आकाश के साथ।

नगीना लोकसभा सीट को बसपा ने अपनी जिताऊ सीट में रखा है। यहां कुल मतदाताओं में 20 फीसदी दलित और 40 फीसदी मुस्लिम हैं। बसपा का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यही आधार वोट रहा है। नगीना सीट पर 2019 में बसपा प्रत्याशी गिरीशचंद्र ने सपा के समर्थन से भाजपा को 1.66 लाख वोटों से हराया था। इस बार बसपा ने गिरीश का टिकट काटकर सुरेंद्रपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यहां भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता चंद्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं। नगीना बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की चुनावी राजनीति में एंट्री प्वाइंट माना जा रहा है। यहां का युवा दलित चंद्रशेखर आजाद से प्रभावित है। आकाश आनंद की कोशिश युवा वर्ग को बसपा से जोड़ने की है। बसपा ने आकाश आनंद की 25 रैलियां कराने की योजना बनाई है। इनमें से अधिकतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होंगी। आकाश आनंद मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ में भी चुनाव संभाल रहे हैं।

विधान सभा चुनावों में 30.43 से घटकर 12.88 पहुंचा मत प्रतिशत

- 2007 में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से यूपी में सरकार बनाने वाली बसपा को तब 30 .43 प्रतिशत वोट मिला था जो लगातार घट रहा है। 2022 के विधान सभा चुनाव में यह सिर्फ 12 .88 फीसदी ही रह गया। पार्टी का सिर्फ एक विधायक है। लोकसभा चुनाव 2019 में सपा के साथ मिलकर लड़ने पर बसपा को दस सीटें हासिल हुई थीं। अब इन्हें बचाकर रखना और पार्टी का ग्राफ बढ़ाना मायावती और आकाश आनंद दोनों के सामने बड़ी चुनौती है।
- लोकसभा चुनाव को आनंद के राजनीतिक चातुर्य की कड़ी परीक्षा माना जा रहा है। वह 2019 में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बनाए गए थे। उन्हें मायावती के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। हालांकि एंट्री उस वक्त पर हुई है जब बसपा का जातीय गणित गड़बड़ा चुका है। यूपी में भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद लोकप्रियता में अपना मुकाम बना चुके हैं।

राजस्थान विस चुनाव में मेहनत नहीं लाई थी रंग

आकाश ने राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में काफी मेहनत की थी। पार्टी 184 सीटों पर लड़ी थी और 1.82 फीसदी वोटों के साथ दो सीटों पर जीती थी, जबकि 2018 में वहां 4 .03 फीसदी वोट हासिल करके छह सीटों पर विजय हासिल की थी। अन्य राज्यों में बसपा को मुंह की खानी पड़ी थी। ऐसे में आकाश आनंद के सामने छिटकते दलित वोटों को जोड़ना और उसके साथ ही मुस्लिम और ब्राह्मणों में सामंजस्य बैठाना चुनौती है। यही समीकरण 2007 में बसपा को यूपी की सत्ता में लाया था

दीवानगी

बेंगलुरु दक्षिण भाजपा उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। पार्टी की महिला कार्यकर्ता मोदी की गारंटी से लोगों को लुभाते नजर आए।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1880, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1465, सचिन 1630, सूरज 1490, अवसर 1690, राग गोल्ड 1720, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1745, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1740, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12900, अरहर पटका मोटा 13200, अरहर कोरा मोटा 13600, अरहर पटका छोटा 13900-14300, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

सेंसेक्स 351 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड पर

नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता व कंपनियों के प्रदर्शन के चलते निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता और कंपनियों के मजबूत तिमाही प्रदर्शन की उम्मीदों के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को आधा प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। शेयर बाजारों में इस तेजी के पीछे सूचना प्रौद्योगिकी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी की अहम भूमिका रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 350.81 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 74,227.63 के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,501.73 से 73,485.12 अंक के दायरे में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,514.65 के अपने नए शिखर पर पहुंच गया। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 बढ़त के साथ बंद हुए। इस तेजी के साथ बाजार पिछले दो सत्र की गिरावट से उबरने में सफल रहा।

सेंसेक्स का पिछला उच्चतम स्तर सात मार्च को 74,119.39 अंक का दर्ज किया गया था। वहीं निफ्टी का पिछला रिकॉर्ड 22,493.55 अंक का था। घरेलू बाजारों ने नीतिगत दर रेपो पर शुक्रवार को आने वाले फैसले के पहले एक सीमित दायरे में सकारात्मक कारोबार किया। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर पर लिए गए निर्णय की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-व्यापक बाजार ने मजबूत व्यावसायिक स्थितियों को दर्शाते हुए समग्र पीएमआई आंकड़ों के आधार पर अच्छे तिमाही नतीजों और निर्यात की उम्मीद में बैंक जैसे चुनिंदा क्षेत्रों में जुझारूपन दिखाया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल 20 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

सोना तेजी के साथ 70,050 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 850 रुपये के उछाल के साथ 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह लगातार दूसरा सत्र है जब सोने ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये के उछाल के साथ 81,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी जो पिछले बंद भाव से 850 रुपये की बढ़त है।

आईटीआर के फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा करने से संबंधित फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और बीते चार दिन में करीब 23,000 रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं।

हाल के वर्षों में पहली बार आयकर विभाग ने करदाताओं को नए वित्त वर्ष के पहले दिन ही अपना आईटी रिटर्न दाखिल करने में सक्षम बनाया है। यह कर अनुपालन में सुगमता और निर्बाध करदाता सेवाओं की दिशा में उठाया गया कदम है। आईटीआर फॉर्म 1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) बड़ी संख्या में छोटे और मझोले करदाताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं। वहीं आईटीआर-2 आवासीय संपत्ति से आय वाले लोगों द्वारा दाखिल किया जाता है।

सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए हरसंभव कदम उठा रही : सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले-भीषण गर्मी के अनुमान पर की गई तैयारी



केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पारा चढ़ने के साथ बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बिजलीघरों को पूरी क्षमता के साथ काम करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। मौसम विभाग के लंबे समय तक भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान के साथ सरकार ने रखरखाव या अन्य कारणों से बंद सभी बिजलीघरों से जल्द-से-जल्द परिचालन शुरू करने को कहा है। साथ ही विशिष्ट उपयोगकर्ताओं के लिए काम कर रहे बिजलीघरों पर उपलब्ध अतिरिक्त बिजली का उपयोग करने को कहा है।

उन्होंनै कहा सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि तापीय बिजलीघर के पास जून तक के लिए पर्याप्त कोयला भंडार हो। साथ ही सभी इकाइयों से बिजली बाजारों में अपनी बिना अनुबंध वाली या अधिशेष बिजली की पेशकश करने को कहा है। केंद्रीय बिजली, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सिंह ने खास बातचीत में गर्मियों में अधिकतम मांग को बिना किसी बाधा के पूरा करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा-हम अपनी पूरी क्षमता जुटा रहे हैं।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	81,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	71,750
गिन्नी (प्रति नग)	53,450-53,650

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	69,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	68,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	77,300
चांदी तैयार	77,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	68,600
सोना जेवरात गिन्नी	67,600
चांदी पक्की	765 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	69,350
चांदी आभूषण	78,100।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 60-80 मसूरी 44-70 बासमती 105 **दाल दलहन**-काला चना 70-77 साबुत चना दाल 72-80 मूंग साबुत 115 राजमा 115-125 दाल उड़द 110 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल 85 उड़द साबुत 118 काबुली चना 97-127 अरहर दाल 140-160 लोबिया/करमानी 105 सोयाबीन 47-60 मूंगफली 78 मटर (सूखी) 67 मक्का 20 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

देश के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक ने जनवरी-मार्च के जारी किए आंकड़े

देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेटः कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं। कार्यालय का किराया एक से नौ प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च में आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री बढ़कर 86,345 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 79,126 इकाई थी। इस वर्ष जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थान का सकल पट्टा 43 प्रतिशत बढ़कर 1.62 करोड़ वर्ग फुट हो गया,।

वरिष्ठ पदों पर औसत 20% वेतन वृद्धि का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड ने जारी की रिपोर्ट

इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है।

पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा-भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।

राष्ट्रीय

विपक्षी गठबंधन सीएए को लेकर अफवाह फैला रहा: मोदी

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री बोले-नागरिकता देना मोदी की गारंटी

कूचबिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूच बिहार जिले में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान उन्हें भेंट की गई अपनी तस्वीर दिखाई। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर झूठी अफवाह फैलाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि 'मां भारती' में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार के रास मेला मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने भ्रष्ट लोगों को बचाने के प्रयासों को लेकर विपक्षी दलों निशाना साधा और उनकी सजा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि अगले पांच वर्ष में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संदेशखालि में हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने आश्वासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं।

मोदी ने कहा-उन्होंने कभी हाशिए पर पड़े समुदायों की परवाह नहीं की। अब जब हम सीएए लाए हैं तो वे अफवाहें और झूठ फैला रहे हैं। मां भारती में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। उनकी टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के उन दावों की पृष्ठभूमि में आई है जिसमें कहा गया है कि सीएए के लिए आवेदन करने से वैध नागरिक विदेशी बन जाएंगे।

सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं: ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहरीले सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस पर गौर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा-आप एक जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, आप इसे पाल भी सकते हैं, लेकिन आप भाजपा पर कभी भरोसा नहीं कर सकते... भाजपा देश को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी, केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी।

देश बनाने और बिगाड़ने वालों के बीच फर्क करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने पोस्ट में कहा भारत निर्णायक मोड़ पर खड़ा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश इस समय निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और ऐसे में हर वर्ग को देश बनाने और देश बिगाड़ने वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा। उन्होंने कहा-कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का मतलबः युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रू प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे और सुरक्षित संविधान एवं नागरिक के अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ, असुरक्षित और अधिकार विहीन महिलाएं, मजबूर और बेबस मज़दूर, वंचितों के साथ भेदभाव और शोषण, तानाशाही और दिखावे का लोकतंत्र है। राहुल गांधी ने कहा-आपका भविष्य आपके हाथों में है, सोचिए, समझिए और सही फैसला कीजिए।

कांग्रेस आज जारी करेगी अपना घोषणापत्र

कांग्रेस शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी यहां कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करेंगे। इसके अगले दिन जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे। जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय – हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा।

एक नजर

ईडी ने हेमंत सोरेन के भूखंड को किया कुर्क

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित स्वामित्व वाले 8.86 एकड़ के भूखंड को कुर्क किया है। ईडी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत यह कार्रवाई की गई। ईडी ने 30 मार्च को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 48 वर्षीय नेता सोरेन तथा चार अन्य-- भानु प्रताप प्रसाद, राज कुमार पहान, हिलारियास कच्छप और विनोद सिंह- के खिलाफ यहां विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था।

कोटा से किन्नर प्रत्याशी ने भरा नामांकन

कोटा। राजस्थान की कोटा-बूंदी संसदीय सीट से गुरुवार को किन्नर समाज के प्रत्याशी काजल किन्नर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। काजल किन्नर ने भारतीय आम जन पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरा है। नामांकन भरने के बाद काजल किन्नर ने कहा कि वह 20 साल से जनता से जुड़ी है। उनकी अपनी पहचान है और जनसेवा का संकल्प लेकर वे चुनाव मैदान में हैं। वह बड़े नेताओं की तरह वह झूठे वायदे नहीं करेंगी।

दिल्ली के द्वारका में अलमारी में मिला महिला का शव

नई दिल्ली, एजेंसी

- लिव इन पार्टनर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में एक घर की अलमारी से 26 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मृतक महिला के पिता ने उसके सह-जीवन (लिव-इन) साथी पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। यह मामला तब सामने आया जब मृतक महिला के पिता कई दिनों तक उससे संपर्क नहीं कर पाए। उसके बाद वह शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, पुलिस नियंत्रण कक्ष में बुधवार रात 10:40 बजे फोन आया, जिसमें एक व्यक्ति ने शिकायत की कि शायद उसकी बेटी की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने के बाद डाबड़ी थाने की एक टीम द्वारका के राजापुरी इलाके में उक्त घर पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-पुलिसकर्मियों को फ्लैट की एक अलमारी में महिला का शव मिला। अपराध जांच टीम और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कहा कि मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उसके सह-जीवन साथी विपल टेलर ने उनकी बेटी की हत्या की है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने महिला के साथ अपनी आखिरी कॉल का हवाला देते हुए पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने बताया था कि उसका साथी विपल टेलर उसके साथ मारपीट करता है और उसे यह भी डर था कि वह उसकी हत्या कर सकता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पिछले डेढ़ महीने से टेलर के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए शव को डीडीयू अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा-आरोपी विपल टेलर का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वह गुजरात के सूरत का रहने वाला है। उन्होंने कहा-शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच करने के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

शरद पवार, अजित पवार गुट आदेशों का करें पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दोनों धड़ों को दिया निर्देश

लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़ों से चुनावों के लिए प्रचार सामग्री में चुनाव चिह्न, पार्टी के नाम और 'डिस्क्लेमर' (दावा अस्वीकरण) के इस्तेमाल पर उसके दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने उसके 19 मार्च के आदेश का अनुपालन न किये जाने के आरोप वाली दोनों पक्षों की याचिकाओं का निस्तारण करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि दोनों गुटों के नेताओं को कहीं और होना चाहिए, न कि अदालतों में। उसने शरद पवार गुट से कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियानों में 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का नाम और 'तुरही बजाता आदमी' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल के लिए अपने कार्यकर्ताओं को जागरूक करे। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही हो रहे हैं।

सांसद राणा को राहत, जाति प्रमाणपत्र रद करने संबंधी आदेश खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती सांसद नवनीत कौर राणा को राहत देते हुए उनका अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र बहाल कर दिया, जिससे भाजपा के टिकट पर दलितों के लिए आरक्षित महाराष्ट्र सीट से चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 2021 के फैसले को खारिज करते राणा का जाति प्रमाणपत्र बहाल किया। यह फैसला नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आया है। भाजपा ने राणा को अमरावती से उम्मीदवार बनाया है। हाईकोर्ट ने 8 जून 2021 को कहा था कि राणा ने धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज के जरिए 'मोची' जाति का प्रमाणपत्र हासिल किया था। हाईकोर्ट ने सांसद पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह 'सिख-चमार' जाति से हैं।

अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर चुनावों पर पूरे देश की नजर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा का चुनाव हो रहा है। जिसमें न सिर्फ वर्षों से इस राज्य में रहने वाले लोगों के राजनीतिक अधिकार बहाल हुए हैं बल्कि आजादी के बाद से इस राज्य में रहने वाले उन तमाम लोगों को लोकसभा चुनाव में वोट देने का अधिकार भी मिलेगा जो धारा 370 हटने से पहले नहीं था।

धारा 370 का विरोध वहां के प्रमुख क्षेत्रीय दल नेशनल कांफ्रेंस एवं पीडीपी ने किया था और इसके प्रमुख नेताओं महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को नजर बंद भी किया गया था। इंडिया गठबंधन में जम्मू कश्मीर भी है। बिल्कुल उसी तरह जैसे पंजाब या पश्चिम बंगाल में है। इस बार नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने जम्मू एवं उधमपुर की सीट पर कांग्रेस को समर्थन दिया है और कश्मीर की तीन सीटों पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी, नेशनल कांफ्रेंस या पीडीपी उम्मीदवारों को समर्थन देगी। हालांकि घाटी की अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के बीच विवाद चल रहा है। दोनों दलों का कहना है कि केंद्र में हम इंडिया गठबंधन के साथ हैं लेकिन राज्य में हम अलग-अलग रहेंगे। जैसे पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस की है। जम्मू कश्मीर के दोनों क्षेत्रीय दल दिल्ली में 31 मार्च को हुई रैली में एक साथ थे। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है।

पहले से ही बढ़ गई है चुनावी सरगर्मी

- मत विभाजन को रोकने के लिए काफी सक्रिय है कांग्रेस
- घाटी की तीन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है

इस बार के चुनाव में जम्मू कश्मीर में मत विभाजन को रोकने के लिए कांग्रेस काफी सक्रिय है। यदि मत विभाजन हुआ तो बीजेपी को लाभ मिलेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के सामने कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी अलग-अलग थे। जिसका लाभ बीजेपी को मिला और उसे 46 फीसद मत प्राप्त हुए थे। जबकि कांग्रेस को 28.38 फीसद, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 फीसद और पीडीपी को 3.5 फीसद मत प्राप्त हुए थे। इस बार के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का गठन किया है। आजाद से बीजेपी को फायदा और इंडिया गठबंधन को नुकसान होने की आशंका है।

मगर पूरे देश के लिए सबसे दिलचस्प यह है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में चुनाव परिणाम क्या होंगे? बीजेपी के लिए भी यह सवाल काफी बड़ा है। राष्ट्रपति शासन लगने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख को अलग-अलग कर वहां विकास के नए-नए कार्यों के करने का दावा किया है। अब देखना है कि इसका राजनीतिक लाभ उसे कितना मिलता है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	04	203
रियान पराग (आरआर)	03	181
हेनरिक क्लासेन (एसआरएच)	03	167

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
मोहित शर्मा (जीटी)	04	07
मयंक यादव (एलएसजी)	02	06

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	04	02	02	00	04	-0.580
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	04	01	03	00	02	-0.876
दिल्ली कैपिटल्स	04	01	03	00	02	-1.347
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

मुस्तफिजुर के बिना सीएसके का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से

हैदराबाद, एजेंसी

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है।

दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा, जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे। क्रिकेट प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे। वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं।

गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्तफिजुर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं। अभी तक मुस्तफिजुर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। मुस्तफिजुर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे। गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं। कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये।

चेन्नई सुपर किंग्स : महेंद्र सिंह धोनी , मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र , शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **समय :** शाम 7 .30 से।

शशांक की पारी से गुजरात के हाथ से फिसली जीत

पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 61 और आशुतोष शर्मा ने बनाए 31 रन, गुजरात की 3 विकेट से हार



शशांक सिंह

अहमदाबाद, एजेंसी

शशांक सिंह नाबाद 61 रन और आशुतोष शर्मा 31 रनों ने आखिरी ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक गेंद शेष रहते गुजरात टाइटंस पर तीन विकेट से जीत दिला दी है। पंजाब की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम की शुरुआत खराब रही। उमेश यादव ने दूसरे ही ओवर में कप्तान शिखर धवन एक रन को बोल्ड कर पंजाब को पहला झटका दिया। उसके बाद छठें ओवर में जॉनी बेयरस्टो 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें नूर अहमद ने बोल्ड आउट किया। प्रभसिमरन सिंह ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 35 रन बनाये। सैम करेन पांच रन, सिकंदर रज़ा 15 रन और जितेश शर्मा 16 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 29 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 61 जुटाये और आशुतोष शर्मा 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाये। हरप्रीत बरार एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 200 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर से नूर अहमद ने दो विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव, राशिद खान, दर्शन नालकंडे और मोहित शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शुभमन गिल नाबाद 89 रनों की कप्तान पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा 11 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद केन विलियम्सन 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन ने 19 गेंदों में छह चौकों की मदद से 33 रन बनाये। विजय शंकर आठ रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने 48 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं राहुल तेवतिया आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन पर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने 20 ओवरों में चार विकेट पर 199 रन बनाए। पंजाब किंग्स की ओर से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिये। हरप्रीत बरार और हर्षल पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पहले दस मैचों में आईपीएल की रिकॉर्ड दर्शक संख्या

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं। डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है। डिजनी स्टार (स्पोर्ट्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं। हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ।'' डिजनी स्टार आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण कर रहा है जिसमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिये स्पेशल फीड भी शामिल है।

गुजरात 199/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 09

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रिद्धीमान साहा का धवन बो रबाडा	11	13	2/0
शुभमन गिल नाबाद	89	48	6/4
केन विलियम्सन का बेयरस्टो बो हरप्रीत	26	22	4/0
साई सुदर्शन का जितेश बो हर्षल	33	19	6/0
विजय शंकर का हरप्रीत बो रबाडा	08	10	0/0
राहुल तेवतिया नाबाद	23	08	3/1

गेंदबाजी : हरप्रीत बरार 4-0-33-1, अर्शदीप सिंह 4-0-33-0, कगिसो रबादा 4-0-44-2, सैम कुरेन 2-0-18-0, हर्षल पटेल 4-0-44-1, सिकंदर रजा 2-0-22-0

पंजाब 200/7

19 .5 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन बो उमेश	01	02	0/0
जॉनी बेयरस्टो बो नूर अहमद	22	13	4/0
प्रभसिमरन सिंह का मोहित बो नूर अहमद	35	24	5/1
सैम करेन का विलियम्सन बो अजमतुल्लाह	05	08	0/0
सिकंदर रजा का रिद्धिमान बो मोहित	15	16	0/0
शशांक सिंह नाबाद	61	29	6/4
जितेश शर्मा का दर्शन बो राशिद	16	08	0/2
आशुतोष शर्मा का राशिद बो दर्शन	31	17	3/1
हरप्रीत बरार नाबाद	01	02	0/0

गेंदबाजी : अजमतउल्लाह उमरजई 4-0-41-1, उमेश यादव 3-0-35-1, राशिद खान 4-0-40-0, नूर अहमद 4-0-32-2, मोहित शर्मा 4-0-38-1, दर्शन नालकंडे 0 .5-0-6-1

खेल डायरी

पाकिस्तान वालीबॉल महासंघ ने भारत को एशियाई चैलेंज लीग के लिए न्योता दिया

कराची। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ ने भारत को अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एशियाई चैलेंज वॉलीबॉल लीग में टीम भेजने के लिये न्योता दिया है। पीवीएफ के अध्यक्ष चौधरी याकूब ने कहा कि उन्होंने टूर्नामेंट के लिये भारतीय वॉलीबॉल महासंघ को न्योता दिया है। उन्होंने कहा, ''हमने काफी प्रयासों के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी हासिल की है। हम चाहते हैं कि 11 से 17 मई तक होने वाले टूर्नामेंट में सभी शीर्ष टीमें भाग लें।'' ईरान, श्रीलंका, भूटान, तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, कजाखस्तान, किर्गीस्तान ने टूर्नामेंट में भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

पांच महिला बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

अस्ताना। अनमोल खरब समेत पांच भारतीय महिला खिलाड़ी गुरुवार को कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई। तरुण चौथे वरीय स्थानीय खिलाड़ी दिमित्री मनारिन से भिड़ेंगे जबकि रवि और भरत आमने-सामने होंगे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विजा गाडे, अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खाडकेकर, संजय श्रीवत्स और मनीषा के और अलीशा खान और झाकुओ सेयी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

भारतीय फुटबॉल टीम 121वें स्थान पर पहुंची

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है। ब्राजील पांचवें स्थान पर है।

दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर ल्यूक की लूटपाट में हत्या

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। चौबीस वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ''ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनायें।'' पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है।

सात्विक-चिराग बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हटी

नयी दिल्ली। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी कंधे की चोट से नहीं उबर पाए हैं जिसके कारण उनकी और चिराग शेट्टी की गत चैंपियन पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को अगले सप्ताह होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हट गई। सात्विक और चिराग की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने पिछले साल अप्रैल में 58 साल के सूखे को खत्म करते हुए इतिहास रचा था क्योंकि वे दिनेश खन्ना के बाद दुबई में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बने थे। दिनेश ने 1965 में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि मौजूदा सत्र में फ्रेंच ओपन सुपर 750 जीतने के अलावा दो टूर्नामेंट के उप विजेता रहे सात्विक और चिराग ने गुरुवार को टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया।

थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी पीवी सिंधु

नयी दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी। उनकी जगह अनमोल खरब को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को चीन में के चेंगदू में 27 अप्रैल से होने वाले थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम की घोषणा करते हुए कहा है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस साल के उबेर कप में हिस्सा नहीं लेंगी। सिंधु ने पेरिस 2024 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल के उबेर कप से हटने का फैसला किया है।

डोपिंग टेस्ट फेल होने के सर्वाधिक मामले भारत में

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **3865 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे**

विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है।

वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3.2 प्रतिशत है। नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे। तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1.9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0.2 प्रतिशत रहे। डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0.8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे।

ऋषभ पंत पर धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपये जुर्माना

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी। आईपीएल ने एक बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'' इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।''

सलीमा को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का पुरस्कार

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन दोनों खिलाड़ियों को पुरुष और महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25- 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये।

हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे। वहीं सलीमा टेटे ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनकर 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।

करीबी ने बताया- भद्दे कमेंट करने वाले कॉमेडियन पर केस नहीं करेंगे सलमान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अक्सर ही चर्चा में बने रहते हैं। कभी अपनी फिल्मों के कारण तो कभी किसी के द्वारा की गई टीका-टिप्पणी की वजह से। अब हाल ही में स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सलमान खान पर अभद्र टिप्पणी की थी वहीं जब केआरके ने उनका वीडियो शेयर किया तो उन्होंने हेकड़ी दिखाते हुए कहा था कि वह जोक्स के लिए माफी नहीं मांगते हैं। इसी दौरान केआरके ने दावा किया था कि सलमान खान, कुणाल कामरा के खिलाफ मानहानि का केस करने वाले हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। अब इसके पीछे की वजह भी सामने आ गई है। दबंग खान के एक करीबी ने हाल ही में बताया है कि सलमान खान को अब इस तरह की चीजों की आदत हो गई है। वह कोर्ट के चक्कर नहीं काटना चाहते। इसलिए अब वह इस तरह का कोई भी कदम नहीं उठाना चाहते। जूम टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान के एक करीबी सूत्र ने बताया है कि अगर सलमान खान ऐसे हर गाली देने वाले के खिलाफ मुकदमा करते रहे तो वह कोर्ट रूम के ही चक्कर लगाते रहेंगे। इतने सालों में सलमान खान इन सबके आदी हो चुके हैं। वह बहुत अच्छे से जानते हैं कि उनका नाम लेकर अटैक करने वाले सिर्फ अटेंशन पाने के लिए ऐसा करते हैं। इसलिए वह कुणाल कामरा पर केस नहीं कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में कॉमेडियन कुणाल कामरा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे कि 'मुझे ऑफर आया कि अंबानी के ओटीटी पर जानकर सलमान से मॉरल ज्ञान लेने का।

करवाचौथ सीन पर ट्रोल होने पर रश्मिका मंदाना ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई, एजेंसी। रश्मिका मंदाना ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं, इस फिल्म में वो रणबीर कपूर के किरदार रणविजय की पत्नी के रोल में थीं। फिल्म का जब ट्रेलर सामने आया तो करवा चौथ वाले सीन में रश्मिका मंदाना रणबीर पर गुस्सा जाहिर करती हैं और दांत पीसकर बोलने की वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया गया। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री का मजाक उड़ाया गया और उनकी एक्टिंग एबिलिटी पर भी सवाल उठाए गए। फिल्म की रिलीज के बाद चीजें बदल गईं क्योंकि यह सीन फिल्म के सबसे चर्चित सीन में से एक बन गया।रश्मिका मंदाना ने आखिरकार टॉक शो नो फिल्टर नेहा में फिल्म की रिलीज से पहले हुई ट्रोलिंग के बारे में खुल कर बात की है। रश्मिका ने बताया कि ट्रेलर के बाद शुरुआती आलोचना ने एक्ट्रेस को खुद से सवाल करने पर मजबूर कर दिया था। रश्मिका ने कहा, "करवा चौथ का सीन जो कि नौ मिनट लंबा सीन था और सीन करते समय सेट पर मौजूद लोगों को यह बहुत पसंद आया। वे तालियाँ बजा रहे थे और महसूस कर रहे थे कि यह बहुत अच्छा शूट हुआ है, लेकिन ट्रेलर आया और उसी सीन के एक खास डायलॉग के लिए मुझे इतना ट्रोल किया गया।

इस वजह से शाहरुख खान के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं जूही

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और जूही चावला न सिर्फ अच्छे दोस्त और बेहतरीन को-स्टार हैं, बल्कि दोनों आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के को-ऑनर्स भी हैं। इन दिनों आईपीएल 2024 का खुमार चल रहा है। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में जूही चावला ने खुलासा किया है कि वह शाहरुख खान के साथ कभी भी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं। उन्होंने इसके पीछे की बड़ी ही मजेदार वजह भी बताई है। दरअसल हाल ही में जूही चावला ने बताया कि आईपीएल हमेशा रोमांचक होता है। हम सभी अपने टेलीविजन सेट के सामने होते हैं। जब हमारी टीम खेलती है, तो उन्हें देखना दिलचस्प होता है और हम सभी बहुत ज्यादा तनाव में होते हैं। शाहरुख खान के साथ मैच देखना अच्छा नहीं है क्योंकि जब हमारी टीम अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही होती है, तो वह मुझ पर अपना गुस्सा निकालते हैं। मैं उनसे कहती हूं कि वह यह बात मुझे नहीं बल्कि टीम को बताएं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इसलिए हम मैच देखने के लिए अच्छे लोग नहीं हैं। मुझे लगता है कि यही बात आईपीएल टीम के कई मालिकों के साथ भी लागू होती है, उन सभी को अपनी टीमों के खेलने के दौरान पसीना बहाते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि जूही चावला और शाहरुख खान फैमिली फ्रेंड हैं। दोनों की दोस्ती दशकों पुरानी है। जूही चावला ने शाहरुख खान के साथ कई फिल्मों में काम किया है। वह आर्यन खान के भी बेहद करीब हैं। जब आर्यन खान क्रूज केस में फंसे थे तो जूही चावला ने ही उनकी मदद की थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सली को किया गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के फरसेगढ़ और कुटरू थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली पोयाम फगनी और 10 हजार रुपये की इनामी पोयाम सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा- बुधवार को चुचकोंटा गांव से महिला नक्सली पोयाम सन्नी (34) को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी को केतुलनार गांव से फरसेगढ़ से पोयाम फगनी (30) को गिरफ्तार कर किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों महिला नक्सली एक ग्रामीण की हत्या, मारपीट और पुलिस दल पर हमला समेत अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल थीं।

कर्नाटक में बोरवेल में गिरा दो साल का बच्चा, 20 घंटे बाद बाहर निकाला

विजयपुरा। कर्नाटक के लचायन गांव में एक दो वर्षीय बच्चा बुधवार की शाम को 15-20 फीट की गहराई बोरवेल में गिर गया। बच्चे की पहचान सात्विक मुजागोंद के तौर पर की गई है जो विजयपुड़ा जिले में सिर के बल बोरवेल में गिरा था। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाल लिया है। बुधवार शाम अपने माता-पिता के खेत में खेलते समय बोरवेल में गिर गया।

एयरलाइन विस्तारा का गतिरोध बरकरार, 20 उड़ानें रद

मुंबई। पायलटों की नाराजगी की वजह से टाटा समूह की एयरलाइन विस्तारा की उड़ानों के रद होने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। समस्या बरकरार रहने से करीब 20 उड़ानें रद करनी पड़ीं। बुधवार को भी 26 उड़ानें रद हुई थीं। हालांकि, एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने नाराज पायलटों से समस्या के समाधान का वादा किया था। समस्या अबतक हल नहीं हो पाई है। जिससे गुरुवार को 20 उड़ानें रद कर दीं।

इमरान की पार्टी ने धार्मिक कारणों से कल होने वाली रैली रद की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने धार्मिक कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को होने वाली अपनी बहुप्रचारित रैली को रद करने की घोषणा की। इमरान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर की जानी थी। मीडिया के मुताबिक, पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने बुधवार को कहा लैलत-उल-कद्र के कारण रैली होगी। बता दें, मुस्लिम समुदाय रमजान के महीने में लैलत-उल-कद्र की रात को बहुत पवित्र माना जाता है।

सेना के खिलाफ राजनीतिक दलों के आरोप निराधार, राष्ट्रपति से मिले सेना प्रमुख असीम मुनीर

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके व्यक्तियों द्वारा सेना के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को जब सेना के प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तब उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा।

इस बैठक में सेना प्रमुख ने जरदारी को 14वें राष्ट्रपति के तौर पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसे तत्वों से निपटने के लिए संकल्प लिया है। दरअसल, जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी पर लगातार हमले का जिक्र कर रहे थे। इस बैठक में सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के अभियानों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रपति को विशेष तौर पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान क्षेत्र में विकास पहल में सेना के योगदान के बारे में भी बताया।

दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध, जांच शुरू

नई दिल्ली। हैकरों के एक समूह ने दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाने का दावा किया है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि मिली जानकारी के अनुसार 'किलसेक' नामक हैकरों के समूह ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए संदेश में दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट तक पहुंच और चालान की स्थिति को हासिल करने का दावा किया।

पुलिस ने कहा कि दूसरे संदेश में, समूह ने दावा किया कि उसने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाई है और तस्वीरों को छोड़कर वह सारा डेटा हासिल कर लिया है, जो वे कर सकते हैं। पुलिस ने कहा कि एनआईसी रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांश शुरू कर दी गई है।

पांच साल में 28 फीसदी बढ़ी राहुल गांधी की संपत्ति

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड से नामांकन दाखिल किया। राहुल ने जो हलफनामा दिया है, उसके मुताबिक उनके पास कुल 20.39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 9.24 करोड़ रुपये चल और 11.15 करोड़ की अचल संपत्ति है। 2019 में राहुल ने कुल 14.85 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई थी है। यानी 5 साल में उनकी संपत्ति 5.54 करोड़ रुपये से 28 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। बचत से ज्यादा निवेश: राहुल बैंक से ज्यादा शेयर और म्यूचुअल फंड में निवेश पर भरोसा करने लगे हैं। उनके पास 4.33 करोड़ के शेयर और 3.81 करोड़ के म्यूचुअल फंड हैं। हालांकि बैंक में महज 6.25 लाख जमा हैं।

- 18 केस दर्ज... राहुल ने शपथ पत्र में 18 आपराधिक केस का जिक्र किया है। इसमें मानहानि केस में सूरत कोर्ट की तरफ से सुनाई सजा का भी जिक्र है। 2019 में दाखिल हलफनामे में उन्होंने अपने खिलाफ 6 केस का जिक्र किया था।

2004 के चुनाव में इतनी थी संपत्ति

राहुल गांधी ने साल 2004 में नामांकन के दौरान दिए गए हलफनामे में बताया था कि उनके पास महज 55 लाख 83 हजार 123 रुपये मूल्य की कुल संपत्ति है। फिर 2009 के अगले लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति की कीमत 2 करोड़ रुपये बताई जो 2014 के लोकसभा चुनाव के वक्त 9 करोड़ 40 लाख रुपये हो गई। हलफनामें में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बताया कि उनके पास 40 हजार रुपये नकदी है, उनके 17.93 लाख रुपये कई बैंकों में जमा हैं।

इसके अलाव राहुल गांधी ने 5.19 करोड़ रुपये विभिन्न कंपनियों के बॉन्ड, डिबेंचर और शेयरों में लगा रखे हैं। उनके पास 333.3 ग्राम सोना भी है। दिल्ली के सुल्तानपुर गांव में उनके पास खेती की पैतृक जमीन भी है, इसके अलावा गुरुग्राम में उनके पास दो कार्यालय भी हैं।

कमाई करोड़ों की बैंक में मात्र 26 लाख रुपये...

राहुल गांधी ने शपथ पत्र में बताया है कि बीते पांच सालों में उन्हें कुल 6 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। उनके पास कुल 20.39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। राहुल गांधी ने बताया है कि उनके पास कुल नकदी 55 हजार रुपये की है और इसके अलावा 26 लाख रुपये की धनराशि बैंक में जमा है। राहुल के एफीडेविट में जिक्र किए ब्योरे के अनुसार उनकी संपत्ति में 2019 की तुलना में 28 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

परिवर्तनकारी सुधारों से युद्ध क्षमताओं को धारदार बनाएगी भारतीय सेना

सैन्य कमांडर सम्मेलन में भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति पर दिया जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेना भविष्य में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी युद्ध क्षमता को विकसित करेगी। इसके लिए 'प्रतिद्वंदी बल' के रूप में एक विशेष संगठन तैयार करने पर विचार किया है। इसकी वजह यह है कि प्रतिद्वंदी बल के साथ भारतीय सेना युद्ध और प्रशिक्षण की बारिकियों पर ध्यान दे सके। दिल्ली में आयोजित सैन्य शीर्ष कमांडर सम्मेलन में उच्च पदस्थ अफसरों ने भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीति को संशोधित करने का भी निर्णय लिया।

अफसरों का मानना है कि भविष्य में भारतीय सेना की तकनीक संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन नीति का नवीनीकरण जरूरी है। इस दौरान भारतीय सेना के उप प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सैन्य कमांडरों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा माहौल की समीक्षा करते हुए भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति और केंद्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेना के तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए सर्वोत्तम प्रणालियों को अपनाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय सेना के लिए यह पहल एक बड़ा परिवर्तन साबित हो सकती है। बता दें, सैन्य कमांडरों का सम्मेलन मंगलवार को दिल्ली में संपन्न हुआ। यह द्विवार्षिक कार्यक्रम 28 मार्च को थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन सत्र के साथ शुरू हुआ था इसके बाद एक और दो अप्रैल को आमने-सामने की चर्चा हुई।

संशोधित होगी मानव संसाधन प्रबंधन नीति, मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

सम्मेलन में शीर्ष अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह फैसला लिया गया कि भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीतियों को संशोधित किया जाएगा। यह संशोधित नीति सेना के तकनीक-सक्षम भविष्य के लिए मददगार होगी। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में उन्नत क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के प्रयासों में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए अन्य मंत्रालयों के साथ सहयोग करने के अधिक अवसर तलाशे जाएंगे।

आत्मनिर्भरता पर रहेगा फोकस, नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा

सम्मेलन के दौरान सेना के शीर्ष अधिकारियों ने आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने की बात कही। उनका मानना है कि भविष्य की क्षमता विकास की दिशा में विशिष्ट प्रौद्योगिकी को शामिल करना बड़ी पहल साबित होगा। इस दिशा में आर्मी डिजाइन ब्यूरो की नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा। सेना ने कहा कि इस पहल को और मजबूत करने के लिए अलग से एक फंड हेड का विकल्प तलाशा जाएगा। इसके अलावा सैन्य परीक्षणों में अधिक दक्षता और निरंतरता सुनिश्चित की जाएगी।

सीबीआई की कार्रवाई सऊदी अरब से भारत लाया गया वांछित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा जांच किए जा रहे सोना तस्करी के एक मामले में वांछित और इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे एक आरोपी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समन्वित एक अभियान में सऊदी अरब से वतन वापस लाया गया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि जांच एजेंसी के वैश्विक अभियान केंद्र ने शौकत अली की सऊदी अरब से मुंबई वापसी के लिए इंटरपोल के माध्यम से राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो-रियाद के साथ समन्वय किया है। अली को बुधवार रात वापस लाया गया। अली राजस्थान के जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाई गई सोने की छड़ों की जब्ती से संबंधित 2020 में दर्ज मामले में वांछित था। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

अधिकारी ने बताया, "जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी शौकत अली ने सह आरोपियों के साथ मिलकर सऊदी अरब से भारत में सोने की छड़ों की तस्करी की साजिश रची थी।

चीन-पाक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से रिश्ते बेहतर

तिरुवनंतपुर, एजेंसी

- विदेश मंत्री जयशंकर बोले-चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि चीन और पाकिस्तान को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से भारत के संबंधों में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है। क्षेत्र में भारत की कूटनीतिक प्रगति के बारे में मीडिया से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन देश आश्वस्त है और अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है।

विदेश मंत्री बोले- भारत के आसपास के छोटे देशों में चीनी हस्तक्षेप चिंता का विषय है, लेकिन भारत एक ऐसा देश है जो आज आश्वस्त है, जो अपने हितों को आगे बढ़ाने और उनकी रक्षा करने में सक्षम है, दुनिया में हम प्रतिस्पर्धा करेंगे। मंत्री ने इस बात को खारिज किया कि एक दशक पहले की तुलना में अब ऐसे पड़ोसियों की संख्या अधिक है जो भारत के प्रति मित्रवत नहीं हैं। विदेश मंत्री ने कहा, पड़ोस में ऐसी ताकतें हो सकती हैं जो समस्याएं पैदा करती हैं और भारत में ऐसे लोग हो सकते हैं जो इन समस्याओं को तूल देना पसंद करते हैं। जयशंकर ने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध बहुत ही असामान्य हैं, और पाकिस्तान के साथ भी हमारे संबंध ठीक नहीं हैं - आप सभी जानते हैं कि हमारे वर्तमान संबंधों की स्थिति क्या है।

कच्चातिवु वार्ता में द्रमुक पक्षकार थी : जयशंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कच्चातिवु को लेकर दिए गए बयान के बाद से ही राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। तमाम दलों के बीच बयानबाजी का दौरा शुरू हो गया है। इस बीच डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने दावा किया कि तत्कालीन केंद्र के साथ डीएमके ने पांच दशक पहले बातचीत की थी, बाद में जो निर्णय लिया गया उसमें भी उन्होंने सहमति दिखाई थी। डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने कहा कि जो सबसे खास है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए।

नाटो का लंदन में जश्न...

लंदन: अमेरिका के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना नाटो की 75वीं वर्षगांठ (डायमंड जुबली) 4 अप्रैल को थी। इसकी पूर्व संध्या पर चेंजिंग ऑफ द गार्ड सेरेमनी मनाई गई। इसी दौरान शाही परिवार के विशेष घुड़सवारी दल के साथ बैंड ने परेड की। जश्न गुरुवार तक जारी रहा। इस उत्सव में नाटो देशों के विदेश मंत्री भी जुटे। इसके अलावा जुलाई में अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में भी आयोजन होगा। नाटो की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हुई थी। इस गठबंधन में अभी 32 देश शामिल हैं। इनमें से 30 देश तो यूरोप के हैं। ● एजेंसी

थाईलैंड: जहाज में लगी आग, सवार 108 यात्री समुद्र में कूदे

बैंकॉक। थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार नाव में भीषण आग लग गई। आग से बचने के लिए घबराए यात्री समुद्र में कूदने लगे, जिससे जहाज पर सवार सभी 108 लोगों को सुरक्षित बच गए। सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाली नाव थाई तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाली थी।

तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक तेज आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। फिर सभी ने समुद्र में कूद कर जान बचाई। अधिकारियों ने कहा कि नौका पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री सूरत थानी के थे। प्रांत के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि सभी को बचा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ।

कम लागत में होगा कैंसर का इलाज मुर्मू ने लांच की पहली स्वदेशी थेरपी

मुंबई, एजेंसी

- राष्ट्रपति बोलीं- सीएआर टी-सेल थेरेपी से मानव जाति को मिलेगी नई उम्मीद

कैंसर वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम साल-दर साल बढ़ता देखा जा रहा है। भारत में भी कैंसर रोग एक बड़ा खतरा रहा है। पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सीएआर टी-सेल थेरेपी की शुरुआत की।

आईआईटी बॉम्बे और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन-आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के कैंसर को ठीक करने में मदद करेगी। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में साल 2019 में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गई थीं। भारत, एशिया में इस बीमारी के बोझ वाल दूसरा सबसे बड़ा देश है। सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी भारत की पहली 'मेड इन इंडिया' सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी है, जिससे इलाज की लागत में काफी कमी आने की उम्मीद जताई गई है।

टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक सुदीप गुप्ता ने कहा कि सीएआर टी-सेल थेरेपी एक बेहद महंगा उपचार है, जो अधिकतर लोगों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने कहा, नेक्ससीएआर19 का भारत के बाहर उपलब्ध इलाज की कीमत से तकरीबन 10 गुना कम खर्च है।

लद्दाख में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई।

वायु सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। आईएएफ ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की। इस लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान, उतार-चढ़ाव वाले इलाके और उच्च ऊंचाई के कारण इसे नुकसान हुआ।'

इसमें कहा गया, 'विमान पर सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें निकटतम एयरबेस पर ले जाया गया है। कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का हुआ सफल परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को दी बधाई

सामरिक बल कमान ने डीआरडीओ के साथ मिलकर कल (बुधवार) शाम लगभग 7:00 बजे ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षण की पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 1,000 से 2,000 किमी की मारक क्षमता वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

प्रक्षेपण के मौके पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड के प्रमुख और डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 3 अप्रैल को लगभग 07:00 बजे ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया गया है।

विज्ञान मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने की खोज, सूर्य की उत्पत्ति से पहले अस्तित्व में आया है यह कण

वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने एक ऐसे दुर्लभ धूल कण की खोज की है, जिसका सम्बंध हमारे सूर्य के अलावा किसी अन्य तारे से है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है, जो प्राचीन धूल कणों की उत्पत्ति में प्रकाश डाल सकती है।

मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने अपने सहयोगियों के साथ यह खोज की है। उल्कापिंड हमारे सौर मंडल में बने पदार्थों से बने होते हैं और इनमें बहुत छोटे कण भी हो सकते हैं, जो हमारे सूर्य से बहुत पहले पैदा हुए सितारों से उत्पन्न होते हैं। इन्हें प्रीसोलर ग्रेन के रूप में जाना जाता है। इन कणों के अंदर विभिन्न प्रकार के तत्व मौजूद होते हैं। का विश्लेषण करके पाए जाते हैं।

ब्रह्मांड के कणों की फोटो।

डॉ. नेविल के अनुसार ये कण एक तरह के आकाशीय कैप्सूल की तरह हैं, जो अपने मूल तारे के जीवन का एक स्नैपशॉट हैं। यह हमारे सौर मंडल में निर्मित सामग्री में आइसोटोप का अनुमानित अनुपात होता है। इस खोज को लेकर डॉ. डेविड सैक्से ने कहा है कि अनुसंधान विश्लेषणात्मक तकनीक और खगोल भौतिकी मॉडल को आगे बढ़ाने में यह खोज महत्वपूर्ण हो सकती है।

इससे ब्रह्मांड को समझने के तरीके में नई दिशा मिलती है।। हाल ही में हाइड्रोजन बर्निंग सुपरनोवा की खोज भी हुई है, यह एक तारा है। इस सुपरनोवा में नई खोज की तरह के कण मौजूद हैं। दोनों के धूल कण का विश्लेषण करने के बाद यह जानकारी सामने आई है।

ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मिलेगी मदद

कर्टिन स्कूल ऑफ अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंसेज के प्रोफेसर फिल ब्लैंड कहते हैं कि ब्रह्मांड के अनेक रहस्यों को जानने के लिए उल्कापिंडों में दुर्लभ कण बड़ा योगदान दे सकते हैं। ब्रह्मांड के अनेक रहस्य आज भी बने हुए हैं। जिन्हे समझने के लिए निरंतर अनुसंधान जारी हैं।

अमेरिका : ओपिनियन पोल में बाइडन से आगे निकले ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक ताजा सर्वे में राष्ट्रपति जो बाइडन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पिछड़ते नजर आ रहे हैं। सात राज्यों में हुए ओपिनियन पोल में रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने डेमोक्रेट बाइडन पर बढ़त बनाई है, जबकि बाइडन केवल एक राज्य में आगे दिखे।

सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई। जबकि, बाइडन केवल विस्कन्सिन राज्य में मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके। राष्ट्रपति बाइडन के विरुद्ध सभी राज्यों में पद के प्रदर्शन को लेकर 16 प्रतिशत नकारात्मक दृष्टिकोण रहा, जबकि चार राज्यों में यह 20 प्रतिशत तक देखा गया। अगर ट्रंप की बात करें तो जब वह राष्ट्रपति थे तो केवल एरिजोना राज्य में उनके विरुद्ध नकारात्मक दृष्टकोण था। सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाली रीयल क्लीयर पालिटिक्स के अनुसार, 2020 की तरह इस वर्ष के चुनाव में भी ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है।